■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 317
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
21 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1960:** ब्रासीलिया शहर को ब्राजील की राजधानी बनाया गया।
**1987:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम धमाके में 100 से ज्यादा लोगों की मौत।
**1989:** चीन के थ्येनआन मन चौराहे पर छात्रों का विशाल प्रदर्शन।
**1996:** भारतीय वायु सेना के संजय थापर को पैराशूट के जरिए उत्तरी ध्रुव पर उतारा गया।

**भले ही भगवान ने हमें वक्त को रोकने की शक्ति न दी हो पर आने वाले अपने वक्त को बदलने की शक्ति जरूर दी है।**

# बिहार में 2800 आयुष चिकित्सकों की बहाली शीघ्र : मंगल पांडेय

## आयुष की दवा खरीद के लिए इस वर्ष 60 करोड़ रुपये देगी केंद्र सरकार

■ **भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बढ़ाया आयुष चिकित्सकों का हौसला**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन, बिहार की ओर से पटना के अधिवेशन भवन में हैनीमैन जयंती सह साईन्टीफिक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दिलीप जायसवाल एवं बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहें। अपने संबोधन में दिलीप जायसवाल ने कहा कि आयुष चिकित्सक पूरी निष्ठा से सरकारी अस्पतालों में अपनी सेवा दे रहे हैं। होमियोपैथी पद्धति भी आज ऐलोपैथ की तरह कारगर चिकित्सीय उपचार कर रहा है। इस पद्धति में सही और सटीक इलाज हो रहा है। इस अवसर पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आयुष चिकित्सकों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके वाजिब हक और सम्मान के लिए हमेशा तत्परता से कार्य कर रही है। नतीजतन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत लगभग 2,800 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन एक सप्ताह में प्रकाशित की जाएगी एवं रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि संपूर्ण आयुष पद्धति के प्रति पिछले एक दशक में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्रांतिकारी बदलाव आया है। पीएम मोदी ने 2014 में आयुष मंत्रालय का गठन किया। इसके फलस्वरुप इस पद्धति के विकास के लिए अलग से फंड, योजनाएं, अस्पताल एवं अन्य व्यवस्थाओं को चमकाया गया। व्यवस्थाओं में बदलाव आया। वहीं बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आयुष चिकित्सा को नई दिशा दी गयी। आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी का तेजी से विकास हुआ। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक दिन में कैबिनेट से 825 करोड़ राशि विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं के लिए स्वीकृत की गई। बिहार में संचालित विभिन्न आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी कॉलेजों का जीर्णोद्धार इन राशियों से की गयी। वहीं, बेगूसराय में नए आयुर्वेद कॉलेज का निर्माण लगभग 250 करोड़ की राशि से हो रहा है। मुजफ्फरपुर होम्योपैथ कॉलेज का भी जीर्णोद्धार हो गया। आयुष के क्षेत्र में आए व्यापक बदलाव की देन डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाती है। श्री पांडेय ने कहा कि देशभर में सबसे ज्यादा एक साथ किसी राज्य में आयुष चिकित्सकों की बहाली हुई तो वह प्रदेश बिहार है। जहां एनडीए की सरकार में पिछले वर्ष एक साथ 2 हजार 901 आयुष चिकित्सकों की बहाली हुई। इसमें 948 होम्योपैथी चिकित्सक थे। श्री पांडेय ने आयुष मेडिकल एसोसिएशन की कुछ प्रमुख मांगों को भी सुना व उसे त्वरित निष्पादित करने का ऐलान भी कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपकी मांगों के संबंध में सरकार ने पूर्व में भी सक्रियता दिखायी है। साथ ही कहा कि सूंपर्ण आयुष के क्षेत्र के लिए लगभग 60 करोड़ की राशि केंद्र सरकार से दवाओं के क्रय के लिए मिलने वाली है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान हैनिमैन के उल्लेखनीय योगदान व कृत्यों की प्रशंसा की और कहा कि भारत में भी जिन लोगों ने आयुष पद्धति को बढ़ावा दिया, उन्हें याद करना जरुरी है। इस अवसर पर आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र मौर्या, डॉ रामजी सिंह, डॉ एम के साहनी, डॉ आर पी सिंह, डॉ गौरी शंकर, डॉ सुभाष सिंह, डॉ निशांत श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहे।

# साथी सिपाही को गोलियों से भूना, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन के बैरक नंबर चार में शनिवार की रात आपसी विवाद में सिपाही सर्वजीत कुमार ने अपने हीं साथी सिपाही सोनू कुमार को गालियों से भून दिया। हत्या के बाद सर्वजीत बैरक के छत पर चढ़ गया और चिल्लाने लगा कि एक को तो मार दिया अब दूसरे की बारी है। गोलियों की तड़तडाहट से पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर लाईन डीएसपी देवानंद राउत, एसडीपीओ विवेक दीप मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद सर्वजीत को काबू में किया। उसे गिरफ्तार कर मुफस्सिल थाना पुलिस को सौंप दिया गया। सूचना पर डीआईजी हरकिशोर राय भी पहुंचे और मामले की जांच की। मृत सिपाही कैमूर जिले के चैनपुर थानांतर्गत रघुवीरगढ़ निवासी मुक्ति प्रकाश राम के पुत्र सिपाही सोनू कुमार के शरीर में 12 गोली लगी है। पुलिस ने जीएमसीएच में शव को पोस्टमार्टम करा पुलिस लाईन लाकर अंतिम विदाई दी। चंपारण रेंज के डीआइजी हरकिशोर राय, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित देवानंद राउत, एसडीपीओ सदर वन विवेक कुमार दीप, यातयात डीएसपी रंजन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ टू रजनीश कंता प्रियदर्शी के अलावे अन्य सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। तत्पश्चात उनके शव को पैतृक गांव परिजनों के साथ भेज दिया गया। वहीं आरोपित सिपाही सर्वजीत भोजपुर जिला के पवना थाना क्षेत्र अंतर्गत खनेट गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि आरोपित सिपाही को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक रक्षित देवानंद राउत ने बताया कि दो दिन पहले दोनों सिकटा थाना से पुलिस लाइन में आए थे। शनिवार की रात करीब 10.30 बजे सोनू कुमार रात्रि गश्ती पर जाने के लिए तैयार हो रहा था। इसी दौरान सर्वजीत ने उसे गोलियों से छलनी कर दिया। घटना के समय दोनों वर्दी में थे। इधर पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त की गयी सरकारी इंसास रायफल, दो खाली मैगजीन एवं 11 खोखा बरामद किया है।

# अचानक ललन सिंह के घर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

## पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले दोनों नेताओं की मुलाकात काफी अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को सुबह-सुबह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से मिलने उनके घर पहुंच गए। मुख्यमंत्री का अचानक ललन सिंह के घर जाना अब सियासी चर्चा का विषय बना हुआ है। उनका ललन सिंह के यहां जाना ऐसे समय में हुआ है जब इसी सप्ताह पीएम मोदी बिहार के दौरे पर आने वाले हैं। ऐसे में नीतीश कुमार और ललन सिंह की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल को मधुबनी में आयोजित समारोह में भाग लेने आ रहे हैं। मोदी कैबिनेट में ललन सिंह पंचायती राज मंत्री हैं। ऐसे में 'पंचायती राज दिवस' पर पीएम मोदी का बिहार दौरा पूरी तरह सफल हो, इसकी बड़ी जिम्मेदारी ललन सिंह के ऊपर है। यह कार्यक्रम सीधा उनके विभाग पंचायती राज से जुड़ा है। ललन सिंह रैली को सफल बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे मधुबनी के साथ ही आसपास के करीब 10 जिलों में लगातार सक्रिय हैं, जिससे रैली में रिकॉर्ड भीड़ जुटे। बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पीएम मोदी के इस दौरे को चुनावी शंखनाद के रूप में भी माना जा रहा है। मधुबनी की सभा से बिहार एनडीए की एकजुटता दिखाने के लिए मंच पर सभी दलों के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी के साथ ही रैली में भारी भीड़ जुटाकर ताकत का अहसास कराना भी है। माना जा रहा है कि सीएम नीतीश और ललन सिंह के बीच इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी दौरे में बिहार के लिए कई बड़ी घोषनाएं करेंगे। वहीं रेलवे से जुड़ी कई योजनाओं की भी शुरुआत भी होगी।, इनमें नई ट्रेनों के परिचालन भी शामिल हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार सहरसा से सुपौल, पिपरा होते हुए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जाएगी। इसके अलावा वो सहरसा से मुंबई के बीच अमृत भारत ट्रेन को भी वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं जयनगर से पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल चलेगी, जिसे पीएम मोदी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सूत्रों की मानें तो इस बीच वक्फ बिल के विरोध में जदयू के भीतर मचे घमासान को लेकर मुख्यमंत्री चिंतित हैं और यही वजह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक पार्टी नेताओं से मिलने पहुंच जा रहे हैं।

# झरही नदी में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, टेंट संचालक व मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** श्रीपुर थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की जान चली गई। यह हादसा झरही नदी पर निर्माणाधीन पुल के अस्थायी डायवर्सन पर हुआ, जब एक ट्रैक्टर - ट्रॉली असंतुलित होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोगों ने नदी में कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद मौके पर मौजूद निर्माणाधीन पुल के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और पोकलेन मशीन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली और शवों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि एक मृतक का पैर ट्रैक्टर की स्टीयरिंग में फंस गया था जबकि दूसरा व्यक्ति ट्रॉली के पहिए से दब गया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही श्रीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान संनगढ़वा निवासी विद्यासागर सिंह और मुनेश्वर यादव के रूप में हुई है।

**जन शिकायतों का हो समाधान, सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

PR-350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

TOLL FREE NO 1967 & 1800-212-5512
pgms.dfcajharkhand.in
SMS +91-896-958-3111
pgms@dfcajharkhand.in



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

# बिहार निवासी कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या

**बेंगलुरु (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के चंपारण के रहने वाले कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई। उनका शव रविवार को बेंगलुरु शहर के एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर पर खून से लथपथ मिला। पुलिस के मुताबिक, पूर्व डीजीपी की चाकू घोंपकर हत्या की गई है क्योंकि शव पर घाव के निशान पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ओम प्रकाश की पत्नी पल्लवी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। एचएसआर लेआउट स्थित उनके तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर शव खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस ने घटना के संबंध में प्रकाश की पत्नी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट जॉन अस्पताल भेज दिया गया है।

# सहकारिता महाविद्यालय की स्थापना से सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में सहकारिता महाविद्यालय को स्थापित करने की तैयारी हो रही है। इससे राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशन भी बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसर मिलेंगे। यह महाविद्यालय सहकारिता क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। इस महाविद्यालय को गुजरात में स्थापित होने वाले त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य में सहकारिता महाविद्यालय को स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश अफसरों को दिया है। इसमें डिग्री प्रोग्राम, दूरस्थ शिक्षा और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे जिससे सहकारी क्षेत्र को प्रशिक्षित एवं पेशेवर युवा मिलेंगे। सहकारिता विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पैक्सों में सचिव के पद हों या कोआपरेटिव बैंकों में नियुक्तियों का मामला हो, सभी में बिना किसी मान्य डिग्री के नियुक्तियां होती हैं, क्योंकि सहकारिता के क्षेत्र में अभी तक कोई मान्य डिग्री नहीं होती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय में विशेष रूप से सहकारिता क्षेत्र के लिए डिग्री, डिप्लोमा और पीएचडी कोर्स बनाए जा रहे हैं। विभागीय मंत्री के निर्देश के आलोक में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसमें महाविद्यालय के लिए दस एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। इसके लिए भूमि को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। महाविद्यालय का भवन और कैंपस सहकारिता थीम पर निर्माण होगा।

# कांग्रेस को झुकाने की कोशिश करने वाले खुद मिट जाएंगे : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के आज बक्सर पहुंचे। उन्होंने यहां भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 'अवसरवादी' गठबंधन बिहार के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए भाजपा और आरएसएस की साजिश है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा, नवजीवन अख़बार और कौमी आवाज़ भी शुरू किया गया था। इन अख़बारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करना और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। आरएसएस बीजेपी के लोग षडयंत्र करने में माहिर हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुक़दमों में उलझाने की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में ख़त्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्ती का प्रयास कर दी। दो दिन बाद सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया। श्री खड़गे ने कहा कि पिछले 11 सालों से कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ मोदी सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। कांग्रेस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसलिए निशाना हैं क्योंकि वो पार्टी की रीढ की हड्डी हैं। हम लोग किसी से डरने एवं किसी के आगे झुकने वाले भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमें संविधान को बचाने के लिए एकजुट (शेष पृष्ठ 10 पर)

# भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर गरमायी सियासत

## न्यायपालिका का सम्मान बनाए रखना भारत के हर नागरिक का कर्तव्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट को लेकर दिए गए बयान पर सियासत गर्मा गई है। दुबे के बयान पर विपक्ष ने एकजुट होकर भाजपा और पीएम मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वहीं निशिकांत के बयान से भाजपा ने खुद को अलग कर लिया है। भाजपा का साफ कहना है कि यह बयान सांसद के अपने विचार हैं। उधर इस विवाद में अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख व सांसद उपेन्द्र कुशवाहा भी कूद पड़े हैं। उन्होंने निशिकांत दुबे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बयान को 'कहीं से भी उचित नहीं' करार दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का सम्मान बनाए रखना भारत के एक-एक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे का बयान मूल मुद्दों से भटकाने वाला है। उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने बयान में एक उदाहरण देते हुए कहा कि ब्लौकेज हार्ट में हो और डॉक्टर यदि दिमाग की सर्जरी करने लग जाए तो रोगी का क्या होगा? इसके जरिए उन्होंने इशारा किया कि समस्या कहीं और है, लेकिन ध्यान कहीं और भटकाया जा रहा है। कुशवाहा ने मौजूदा कॉलेजियम सिस्टम को असल बीमारी बताया और कहा कि यदि इस बीमारी को जड़ से खत्म करना है तो प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए जजों की नियुक्ति की पारदर्शी व्यवस्था लागू करनी होगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर हल्ला बोल, दरवाजा खोल और ओपेन द गेट्स जैसे हैशटैग के साथ आंदोलन छेड़ने की भी बात कही। उन्होंने लिखा है कि अगर बीमारी की जड़ कॉलेजियम सिस्टम है तो उसे हटाकर न्यायपालिका में पारदर्शी बहाली के लिए हल्ला बोलना होगा। वहीं अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद मनन मिश्रा ने निशिकांत दुबे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट को अपना काम और संसद को अपना काम करना है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे एक वरिष्ठ सांसद हैं और भाजपा के सदस्य हैं। मैं मानता हूं कि सुप्रीम कोर्ट को अपना काम करना है और संसद को अपना काम करना है। सारी बात संविधान में पहले से ही निर्धारित है कि किसको क्या काम करना चाहिए और किसकी कितनी लिमिट है। उन्होंने (निशिकांत दुबे) भी कहा है कि जो भी कानून संसद या विधानसभा से पारित होते हैं, उनकी कैसे विवेचना की जाए। मैं इतना ही कहूंगा कि यह काम न्यायतंत्र का है और ऐसी स्थिति में हम यह नहीं कह सकते कि पार्लियामेंट या विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। हालांकि हाल में जो निर्णय आए हैं, उससे पूरे देश और संसद को थोड़ी परेशानी जरूर है। मनन मिश्रा ने कहा कि संविधान में यह भी कहा गया है कि राज्य विधानसभाओं से जो कानून पास किए जाएंगे, अगर राज्यपाल चाहेंगे तो उसे राष्ट्रपति को रेफर कर देंगे। लेकिन जब तक कोई निर्देश प्राप्त नहीं होते हैं तो ये कानून नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे ने जजमेंट को लेकर जो बातें कही हैं, मुझे ऐसा लगता है कि संविधान में कोई समय रेखा तय नहीं की गई है।

# भासा चुनाव में डॉ. के. के. मणी अध्यक्ष, डॉ. हसरत अब्बास उपाध्यक्ष निर्वाचित

## आइएमए हॉल, पटना में संपन्न हुई आम सभा, संगठन को सशक्त नेतृत्व की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) की आम सभा रविवार को पटना स्थित आईएमए हॉल में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन के अध्यक्ष पद पर डॉ. के. के. मणी और उपाध्यक्ष पद पर डॉ. हसरत अब्बास को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान संघ के सदस्यों में उत्साह और संगठनात्मक एकता देखने को मिली। डॉ. के. के. मणी और डॉ. हसरत अब्बास दोनों लंबे समय से भासा संगठन के साथ जुड़े रहे हैं और शीर्ष पदों पर रहते हुए संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उनकी कर्मठता, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को देखते हुए आम सभा ने एक स्वर में उनके नामों पर सहमति जताई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मणी ने अपने संबोधन में कहा कि भासा संगठन की गरिमा और दायित्व को आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता होगी। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों की समस्याओं के समाधान और सेवा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए हम प्रतिबद्ध रहेंगे। वहीं उपाध्यक्ष डॉ. हसरत अब्बास ने कहा, संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित बनाना हमारा लक्ष्य होगा। स्वास्थ्यकर्मियों की आवाज को मजबूती से उठाना और उनके हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय सचिव डॉ. उमेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. मणी और डॉ. अब्बास का चयन संगठन के लिए एक शुभ संकेत है। दोनों अनुभवी और समर्पित नेतृत्वकर्ता हैं जिनके मार्गदर्शन में भासा संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। सभा में बिहार के विभिन्न जिलों से आए स्वास्थ्य सेवा कर्मियों ने भाग लिया और संगठन की भावी रणनीतियों पर भी चर्चा की।

# वक्फ संशोधन कानून बिल्कुल सही : आरिफ मोहम्मद खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ संशोधन कानून को बिल्कुल सही बताते हुए कहा कि बक्फ मुसलमान के भविष्य का आईना है। पटना के बापू सभागार में रविवार को इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा और सेंटर फॉर पीस की ओर से आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि कोई मुझे बताओ कि वक्फ बोर्ड की जमीन पर एक भी स्कूल हो, अस्पताल हो, कोई चैरिटी वाले चला रहे हैं। एक भी स्कूल बोर्ड के जमीन पर नहीं खुला है। वक़्फ बोर्ड के जमीन पर खुलते है मॉल। हमें सीखना चाहिए ईसाई भाई से, उन्होंने स्कूल खोले हैं। उनके स्कूल में पढ़ाने के लिए उनके आगे पीछे करते है कि कैसे एडमिशन हो जाये। कोई भी अमीर लोग मदरसे में नहीं पढ़ाते हैं। उनके बच्चे विदेश में पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम को बचाने के लिए आजादी से पहले देश का बंटवारा किया गया। कहा गया कि इस्लाम को बचाने के लिए जरूरी है, लेकिन यह 25 साल भी एकजुट नहीं रह सके। जो बचा खुचा है, वह कितनी देर इस्लाम को बचा पाएगा, कह नहीं सकते हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल खान ने तीन तलाक कानून को सामाजिक सुधार बताया और वक्फ संशोधन कानून का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्ति गरीबों की मदद के लिए थी, लेकिन अब उस पर मॉल, अस्पताल और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बन गए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ ने आज तक गरीब मुसलमानों के लिए कोई ठोस काम नहीं किया। इसी कारण वक्फ संशोधन कानून लाना पड़ा। राज्यपाल ने कहा कि वह मंच से रखी गई मांगों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे, लेकिन किसी भी चीज को केवल मांगने से नहीं, बल्कि मेहनत और लगन से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज को आत्ममंथन कर अपने प्रयासों से आगे बढ़ना होगा। जोश से नहीं, होश से काम लेने की जरूरत है। आरिफ मोहम्मद खान ने मुस्लिम धार्मिक नेतृत्व पर भी तंज कसते हुए कहा कि जिनके पास संसाधन हैं, उनके बच्चे अमेरिका में पढ़ते हैं जबकि गरीबों के बच्चे आज भी मदरसों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कुछ धार्मिक संस्थाएं अपने लाभ के लिए लड़ रही हैं और आम गरीब मुसलमान भावनाओं में बहकर उनके समर्थन में लग जाते हैं। इस मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है।

# मंत्री डॉ प्रेम कुमार 22 अप्रैल तक केरल राज्य के भ्रमण पर

## केरल यात्रा के दौरान सेवा क्षेत्र के सहकारी समितियों का किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार 19 अप्रैल से 22 अप्रैल तक केरल राज्य के भ्रमण पर हैं। वहां वे अपने प्रतिनिधि दल के साथ राज्य के विभिन्न सहकारी समितियों के भ्रमण कर वहां के सहकारी मॉडल का अध्ययन करेंगे। इस अध्ययन कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह एवं सलाहकार अनादी शंकर भी शामिल हैं। प्रतिनिधि दल ने आज रविवार को मुन्नार स्थित टी एंड यू लीजर होटल का दौरा किया जो एक सहकारी पर्यटक होटल है। इस होटल को मुन्नार सर्विस सहकारी बैंक के द्वारा 29.50 करोड़ की लागत से बनवाया गया है। एक एकड़ भूमि में निर्मित इस होटल में 35000 वर्ग फीट के क्षेत्र में 34 प्रीमियर कमरे, 2 आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल तथा 100 सीटिंग क्षमता वाले रेस्टोरेंट, कॉफी शॉप तथा मसाला शॉप बने हुए हैं। इसमें 72 स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। इसके साथ ही प्रतिनिधि दल ने मुन्नार सर्विस कोऑपरेटिव बैंक का भी भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली को देखा। 1988 में स्थापित इस बैंक के द्वारा 63.51 करोड़ रुपये का ऋण आवंटन किया गया है तथा इसकी कुल जमा राशि 72.70 करोड़ रुपए है। सहकारिता मंत्री ने सेवा क्षेत्र में इस प्रकार की योजनाओं को बिहार में भी प्रारंभ करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बिहार के गया और राजगीर जैसे पर्यटक स्थलों में ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करने से इनके सफलीभूत होने की पूरी आशा है। इन दोनों स्थलों पर भारी संख्या में देशी एवं विदेशी पर्यटक आते हैं जिन्हें किफायती दर पर उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकेगी। बिहार राज्य के सहकारिता मॉडल में इस प्रकार के नवाचार की आवश्यकता है। इससे स्थानीय स्तर पर अच्छी संख्या में रोजगार की संभावना विकसित होगी। साथ ही राज्य में सहकारी समितियों को बहुआयामी बनाया जा सकेगा जो राज्य के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी।

# संविधान के लिए कांग्रेसी किसी भी कुर्बानी से नहीं हटेंगे पीछे : रणधीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** निशिकांत दुबे का बयान हमेशा से संविधान और संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ रहा है। उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रणधीर झा ने प्रेस बयान जारी कर कही। श्री झा ने कहा कि न्यायपालिका, सीजेआई पर भाजपा सांसद और उप्र के पूर्व डिप्टी सीएम का बयान यूं ही नहीं है। केंद्र में बीजेपी की सरकार जबसे आई है तबसे संवैधानिक मूल्यों और संस्थानों पर जोर - दबाव डालकर देश चलाने वाले आज बीजेपी के अध्यक्ष समेत तमाम लोग इन बयानों से किनारा कर रहे हैं जबकि समय-समय पर इन लोगों ने ही संसद और संसद से बाहर ऐसे दलित-पिछड़े विरोधियों का मनोबल बढ़ाया। निशिकांत ने ट्वीट में लिखा कि संसद को बंद कर देना चाहिए। यह बहुत गंभीर बात है, भारतीय संसद हमारे संविधान और अपने पुरखों के कुर्बानियों के बदौतल तैयार स्वराज्य की निशानी है। उस स्वराज्य के लिए अनगिनत लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया जिसे भाजपा के सांसद झुठला रहे हैं।

# श्री चैतन्या एकेडमी ने दिया जेइइ मेन का बिहार टॉपर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित संस्था इन्फिनिटी लर्न की पहल - श्री चैतन्या एकेडमी ने अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन के परिणामों की घोषणा की है। इस सेंटर ने बिहार टॉपर को तैयार किया है ज्ञान प्रकाश जिन्होंने एआईआर 58 और 99.97 पर्सेंटाइल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। ज्ञान प्रकाश श्री चैतन्या अकेडमी, पटना के रेगुलर क्लासरूम में छात्र हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के अलावा श्री चैतन्या एकेडमी के पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से 30 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। सेंटर को गर्व है कि 100 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता हासिल की है। सफल छात्र-छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए श्री चैतन्या समूह की सीईओ और डायरेक्टर एवं इन्फिनिटी लर्न की सह-संस्थापक सुषमा बोप्पना ने कहा जेईई मेन 2025 परीक्षा में ज्ञान प्रकाश की उत्कृष्ट उपलब्धि पर हमें अत्यंत गर्व है। यह हमारे इस संकल्प को दोहराता है कि हम छात्रों को सशक्त बनाएं और उनके विकास में सहायक बनें। हम इस सफलता में योगदान देने वाले हमारे समर्पित फैकल्टी को दिल से धन्यवाद देते हैं। हम ज्ञान प्रकाश और पटना के अन्य टॉप परफॉर्मर्स को शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे जेईई एडवांस्ड की तैयारी को और भी बेहतर करेंगे और देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों के और करीब पहुंचेंगे। इस सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए इन्फिनिटी लर्न के संस्थापक सीईओ उज्ज्वल सिंह ने कहा ज्ञान प्रकाश और अन्य टॉप परफॉर्मर्स की इस अद्भुत सफलता ने मुझे गर्व और खुशी से भर दिया है। मुझे उम्मीद है कि वे जेईई एडवांस्ड 2025 में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यह कोई एक बार की सफलता नहीं है। पिछले तीन वर्षों से हम लगातार पटना से टॉपर्स ला रहे हैं जिससे यह साबित होता है कि सही समर्थन और मार्गदर्शन मिलने पर किसी भी शहर से विश्व स्तरीय परिणाम संभव हैं। यह शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हम बिना छात्रों को बड़े शहरों में भेजे, टियर 2 और टियर 3 शहरों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ला रहे हैं। ऐसी उपलब्धियां हमारे मूल मंत्र बच्चा सीखा कि नहीं को साकार करती हैं और देशभर में हमारी पहुंच और उत्कृष्टता को विस्तारित करने के संकल्प को मजबूत करती हैं।

# संस्कृत प्रचारकों को मिलेगा संस्कृत साधक सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत पटना स्थित राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्कृत एवं हिन्दी विदुषी शांति देवी के पुण्य तिथि पर 21 अप्रैल को संस्कृत भाषा प्रचार प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले संस्कृत अनुरागियों एवं संस्कृत विद्वानों को शांति देवी संस्कृत साधक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि 'नव बिहार टाइम्स' के प्रधान संपादक डॉ कमल किशोर, आज से जुड़े हृदय नारायण झा, पंजाब केसरी से जुड़े पत्रकार राकेश कुमार, संस्कृत समाचार पत्र से जुड़े डॉ राघव नाथ झा, भारत तिब्बत मंच के राष्ट्रीय मंत्री शिवा कांत तिवारी, भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर के प्राचार्य डा मनोज कुमार, आचार्य ज्योत्स्ना मिश्र, सह आचार्य डॉ शशिधर तिवारी, प्रो विवेकानंद पासवान, विवेक तिवारी, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उग्र नारायण झा, संस्कृत शिक्षक मुरलीधर शुक्ल, संस्कृत शिक्षिका डॉ रम्भा कुमारी, चन्द्र कांत मिश्र, कृष्णा कांत मिश्र, आयुष मिश्रा सहित तीस संस्कृत प्रचारकों को दो बजे सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक संस्कृत विद्वान उपस्थित रहेंगे।

## मंत्री श्रवण कुमार ने किया जिला कुशीनगर के अर्जुनहा में जिला जद (यू), उप्र कार्यालय का उद्घाटन

# संगठन विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को मेहनत करने की जरूरत : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना/कुशीनगर।** ग्रामीण विकास मंत्री-सह-उत्तर प्रदेश जनता दल यू0 प्रभारी श्रवण कुमार ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के अर्जुनहा में जिला जद (यू0) कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री को उत्तर प्रदेश के जद (यू0) परिवार के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के संगठनात्मक कार्य, संगठन विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही मेहनत करने की जरूरत है। ताकि आने वाली आम चुनाव में पार्टी/संगठन अच्छा प्रदर्शन कर सके। मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि पार्टी में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए विशेष पहल करनी होगी एवं प्रदेश की महिलाओं के लिए बुलल्द आवाज में संघर्ष करना होगा ताकि यहां की महिलाएं और सशक्त हो सके। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, फिर भी कई चुनौतियां समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइंया उनके सामने खड़ी हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने से ही हम किसी समाज को मजबूत बना पायेंगे। महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वंतत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तो पर जी सके। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार राज्य में विगत कई वर्षों से चल रही बिहार सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित करवायी जा रही है। श्री कुमार ने आगे कहा कि आज बिहार में पंचायत, नगर निकायों में, प्राथमिक शिक्षक नियोजन एवं पुलिस भर्ती में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत स्थान आरक्षित है। आज हमारे राज्य में सरकारी नौकरियों में भी महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दी जा रही है। श्री कुमार ने बिहार सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से बिहार राज्य में जीविका के माध्यम से महिलाओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए योजनावद्ध तरीके से कार्य कर रही है। जीविका द्वारा गठित 10 लाख 63 हजार स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़ 35 लाख महिलायें जुड़ी हैं। ये महिलाएं बिहार के गांव-गांव में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रही हैं। ठीक उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी महिलाओं के विकास के लिए कार्य करने की जरूरत पर बल दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित सभा में मंत्री के साथ कुशीनगर विधानसभा के पूर्व जदयू प्रत्याशी नारायण सिंह कुशवाहा, जदयू जिला अध्यक्ष कुशीनगर डॉ.लालमन कुशवाहा, जदयू महासचिव अमरजीत पटेल, जदयू विधानसभा अध्यक्ष अनिल पटेल, जदयू जिला युवा अध्यक्ष मंजीत चौधरी, जदयू जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मोईउद्दीन अंसारी, जदयू जिला उपाध्यक्ष हरिहर कुशवाहा, जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, जदयू खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष भोला यादव, जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गहड़वाल, ग्राम प्रधान विनोद यादव, मोहम्मद हैदर मंसूरी एवं जद (यू.) के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद का चेहरा प्रक्रिया के तहत तय होगा : डा. शकील अहमद खान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस विधायक दल के नेता डा. शकील अहमद खान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद का चेहरा कोई तात्कालिक निर्णय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है और यह प्रक्रिया तय समय पर पूरी की जाएगी। उन्होंने तेजस्वी यादव के सीएम फेस से जुड़ी सवालों पर चुप्पी साधे रखी। डा. खान ने इतना ही कहा कि कुछ चीज बाद में तय होती है। ऐसा नहीं है कि मैं मुख्यमंत्री पद की बात कर रहा हूं, लेकिन हम सब लोग एकजुट हैं। हम लोग जनता के बीच जाएंगे। इस सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ भाजपा की ओर से सियासी जाल बिछाने की तैयारी है। खान ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा नीतीश कुमार को परेशान कर रही है। आगे क्या होगा आप देखते जाइए। डा. खान ने कहा कि इसीलिए नीतीश कुमार के प्रति हमारी हमेशा सहानुभूति रही है, लेकिन इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए हम लोग जनता के बीच जाएंगे। नीतीश कुमार के कांग्रेस के हाथ मिलाने की सम्भावना से उन्होंने साफ इंकार किया। वहीं बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को महागठबंधन को-आर्डिनेशन कमेटी की प्रस्तावित बैठक से पहले 23 अप्रैल को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक में महागठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे और कई बड़े निर्णय लिए जाएंगे। वहीं चिराग पासवान के बिहार के मुख्यमंत्री बनने के संभावना पर उन्होंने कहा कि उनको हिम्मत है तो पहले-पहल अडानी और अंबानी के यहां जाकर अपने दलित महा दलित को रिजर्वेशन दिलाए उसके बाद बात करें। दरअसल, चिराग ने पिछले दिनों बिहार में सेवा करने की बात कही थी। उनके इस बयान को बिहार में एनडीए के भीतर किसी बड़े खेले के रूप में देखा जा रहा है। अब डा. खान ने चिराग को आड़े हाथों लेते हुए उनसे सवाल किया कि वे दलितों को निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए क्यों नहीं आवाज उठाते।

# सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी ने कंकड़बाग में शुरू की अपनी नई शाखा

## नामांकन पर छात्रों को 50 प्रतिशत तक की छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी के अग्रणी कॉमर्स कोचिंग संस्थान सुकृष्णा कॉमर्स अकेडमी ने कंकड़बाग के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित सूर्यलक्ष्मी काम्प्लेक्स में अपने नई शाखा की शुरूआत की। इस शाखा का उद्घाटन संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार, सीए बिनय कुमार एवं कार्यकारी निदेशक एच एस तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि बोरिंग रोड, गोला रोड के बाद यह हमारी तीसरी शाखा है। उन्होंने कहा कि यह शाखा छात्रों को और बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करेगी। सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी पटना ही नहीं बल्कि बिहार का एक प्रतिष्ठित कॉमर्स कोचिंग संस्थान है जहां ग्यारहवीं, बारहवीं, सीए, सीएस, सीएमए, बीकॉम, क्लैट, टैली, डीसीए, बीबीए, सीयूईटी, आईपीमैट की तैयारी कराई जाती है। सीए विवेक कुमार ने बताया कि हम अपने पहले सेशन के दौरान नामांकन पर छात्रों को 50 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं। वहीं संस्थान के अन्य निदेशक सीए बिनय कुमार ने कहा कि नई शाखा में आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों के साथ, छात्रों को एक बेहतर अध्ययन वातावरण प्रदान किया जाएगा। इस शाखा के खुलने से कंकड़बाग क्षेत्र के छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस अवसर पर बधाई दी और उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया जबकि कार्यकारी निदेशक एच एस तिवारी ने कहा कि इस संस्थान के छात्रों ने समय-समय पर बेहतर रिजल्ट लाकर संस्थान का परचम लहराया है और बिहार का नाम रौशन किया है। मौके पर संस्थान से जुड़े सभी कर्मी मौजूद रहे।

# अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 115 लोगों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी की जांच के लिए 22 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 65 मरीजों के आंखों की जांच नेत्र चिकित्सकों द्वारा किया गया। इनमें 14 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 17 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 28 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने 10 महिला मरीजों की जांच की। आंखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमें 25 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। डा. कुमार ने बताया कि मधुमेह रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। मौके पर शिविर में 22 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमें 11 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, अनिल गुप्ता, राजकुमार खेमका, रितेश तुलस्यान, संतोष केडिया, तरुण हिसारिया, रमेश अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, ललन लाठ, राहुल अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

# छह नाबालिगों को बाल मजदूरी कराने ले जा रहे दो बाल तस्कर चढ़े आरपीएफ के हत्थे




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, आरक्षी शाहजहां खान, सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन एवं सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी रेसुब/अ.आ.शाखा गया व सीपीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक जावेद इकवाल, प्रधान आरक्षी अमरेंद्र कुमार, आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी बब्लेश मीणा, आरक्षी सुनील कुमार एवं साथ में चंदा गुप्ता सहायक परियोजना अधिकारी बचपन बचाओ आंदोलन टीम बिहार कोऑर्डिनेटर की संयुक्त टीम के द्वारा 02 व्यक्तियों रवि कुमार उम्र 23 वर्ष, पिता सुरेश भारती, ग्राम हरनी, थाना मैग्रा, जिला-गया बिहार एवं देवनारायण उरांव, उम्र 35 वर्ष, पिता कृष्णा उरांव, ग्राम रणाडीह, थाना-रोहतास, जिला-रोहतास को 6 नाबालिग बच्चों को पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराने के लिए चेन्नई ले जाने के क्रम में डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन पर पकड़ा। उन्होंने बताया कि जहां 10 से 12 घंटे काम करवाकर प्रतिमाह 15000/- दिया जाएगा। मामला बाल तस्करी का पाकर मौके पर ही वीडियोग्राफी करते हुए सीडब्लूसी के चेयर पर्सन संतोष उपाध्याय को इस संबंध में सूचित किया गया एवं रवि कुमार एवं देवनारायण उरांव को निरुद्ध करते हुए सभी नाबालिक बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर लाया गया। मामला बाल तस्करी/मजदूरी का पाकर सभी नाबालिग बच्चों तथा दोनों ट्रैफ्किर को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु मय कागजात सहित राजकीय रेल थाना-डिहरी-ऑन-सोन को सुपुर्द किए जहां राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन में संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।

# 2025 में फिर से नीतीश : माई-बहनों का भरोसा सिर्फ नीतीश कुमार पर : बैरिस्टर सिंह


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के रोहतास जिला प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने विपक्षी दलों, विशेषकर तेजस्वी यादव की माई-बहिन योजना पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि बहन-बेटियों का भरोसा केवल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 40-45 वर्ष की महिलाएं तेजस्वी के पिता के शासनकाल को नहीं भूली हैं जब महिलाओं के साथ अन्याय होता था और एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी क्योंकि आरोपितों में आरजेडी के नेता व मंत्री शामिल होते थे। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रहे हैं और इसकी मिसाल है महिला संवाद यात्रा, जो करीब 6000 वाहनों के माध्यम से 70,000 स्थानों तक पहुंचेगी। इन वाहनों पर बड़े स्क्रीन लगाए गए हैं



जिनके माध्यम से बहनों बेटियों को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा विमोचित पत्र भी पढ़ा जाएगा जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने की आगामी योजनाएं और रणनीति स्पष्ट की गई है। इस संवाद के जरिये दो करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। ऑन स्पॉट समस्याएं सुलझाने की व्यवस्था के साथ, जो बातें सरकारी प्रक्रिया से जुड़ी हैं उन्हें पटना भेजकर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास होगा। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब पूरी तरह सजग हैं और किसी भी झांसे में नहीं आने वाले हैं। महिलाओं ने साफ कर दिया है कि वे अब किसी विपक्षी नेता का नाम तक सुनना नहीं चाहतीं। तेजस्वी यादव को नेता बनाने वाले भी नीतीश जी ही थे, लेकिन कुछ लोगों को सुधारना मुमकिन नहीं होता। उन्होंने दावा किया कि एनडीए गठबंधन सरकार पर आज बहन-बेटियों का अपार भरोसा है और यह संवाद यात्रा जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने का सशक्त माध्यम बनेगा। तेजस्वी की योजनाएं केवल ख्याली पुलाव साबित होंगी और 2025 में एक बार फिर जनता नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री के रूप में चुनेगी।

# ट्रेन में खोए बैग को आरपीएफ ने यात्री को किया वापस



**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** शनिवार को प्राप्त सूचना पर गाड़ी संख्या-12802 डीएन के कोच नंबर एस4 के बर्थ नंबर 10 को अटेंड कर यात्री के छूटे हुए बैग को अनुग्रह नारायण रोड कैंपिंग ड्यूटी में तैनात स्टाफ आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह के द्वारा उतार कर सुरक्षित रखा गया था एवं इसकी सूचना यात्री को दी गई थी। प्राप्त सूचना पर यात्री चैतन्य उम्र 28 वर्ष पिता सुनील सीवर पता-हाउस नंबर 8225 सेक्टर 125 मोहाली (पंजाब) अनुग्रह नारायण रोड आरपीएफ कार्यालय में उपस्थित हुए जिसे बैग दिखाने पर उन्होंने अपने बैग की पहचान करते हुए उसमें रखें सभी सामान को सही सलामत पाए। बाद में उक्त व्यक्ति का सत्यापन करने के उपरांत सही पाए जाने पर एक सुपुर्दगीनामा तैयार कर एवं फोटोग्राफी कर उनके साथ आए उनके दोस्त भी. के. भांकर पता सरकाघाट पोस्ट-जमीनी मंडी (हिमाचल प्रदेश) मोबाइल के समक्ष बैग में रखे सारे सामानों के साथ पूर्ववत स्थिति में सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# कैमूर पहाड़ी की तलहटी में शिक्षा की अलख: निःशुल्क पाठशाला चला रहे हैं सत्यानंद कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** एक समय था जब तिलौथू प्रखंड के दूर-दराज के गांव अलगाववाद और डर के साये में जीते थे जहां अधिकारी जाने से कतराते थे, वहां अब बच्चों की किलकारियां और कागज-कलम की सरगर्मी गूंज रही है। इस बदलाव के पीछे हैं समाजसेवी सत्यानंद कुमार, जो शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के अपने मिशन में जुटे हैं। सत्यानंद कुमार तिलौथू प्रखंड में 12 निःशुल्क पाठशालाएं चला रहे हैं जिनमें एक है सैना (भदोखरा) गांव की पाठशाला। कैमूर पहाड़ियों की तलहटी में बसे इस गांव की गिनती प्रखंड के सबसे



पिछड़े और अशिक्षित गांवों में होती है। प्रखंड कार्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर इस गांव में वाहन से पहुंचने में करीब 30 मिनट लगते हैं और यहां साल में एक बार भी बीडीओ या सीओ का आना नहीं होता। फिर भी यहां शिक्षा का दीपक जल रहा है। सत्यानंद कुमार अपने मित्रों के सहयोग से इस गांव में 30 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। बच्चों को हर महीने किताबें, कॉपी, कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट और खेल सामग्री भी दी जाती है। सत्यानंद कुमार का लक्ष्य पूरे प्रखंड में 50 निःशुल्क केंद्र खोलने का है जिससे लगभग 1500 गरीब और वंचित बच्चों को शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। इस कार्य में उन्हें सत्येंद्र राम, मंजू देवी, सुनील गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, संग्राम सिंह, बुशरा अंजुम, मिथिलेश विश्वकर्मा, हंसराज कुमार, अजय, अभिनन्दन, रिमझिम प्रवीण, प्रशांत चंद्रा, संतोष कुमार, आशा देवी, उर्मिला देवी, हरे कृष्ण, श्रीनाथ गुप्ता, रुद्र प्रताप सिंह बादल, आशुतोष सिंह, प्रिंस समेत सैकड़ों समाजसेवियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव की इस पहल ने तिलौथू के ग्रामीण इलाकों में नई उम्मीद जगा दी है।

# पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर सफाई करना सराहनीय कदम : एसपी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर सफाई करना एक सराहनीय पहल है। इससे न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भावना को भी दर्शाता है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार रोहतास पुलिस द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर सामूहिक श्रमदान देकर एसपी कार्यालय, निवास, पुलिस बैरक, थाना ओपी एवं आसपास की साफ-सफाई की गई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच संबंधों में भी सुधार होता है और यह एक सकारात्मक संदेश देता है कि पुलिस समाज के लिए काम करने को तैयार है।

# डीडीयू रेल डिविजन में अधिक राजस्व देने के मामले में ए श्रेणी का मॉडल स्टेशन बना सासाराम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** डीडीयू रेल डिविजन में यात्री किराया से रेल महकमा को अधिक राजस्व देने के मामले में ए श्रेणी का मॉडल स्टेशन सासाराम में गत वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस बार आठ करोड़ पांच लाख रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में यात्री भाड़ा से सासाराम रेलवे स्टेशन को 50 करोड़ 95 लाख 30 हजार 677 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2385697 यात्रियों ने सासाराम स्टेशन से यात्रा की है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में माल भाड़ा से सासाराम रेलवे स्टेशन को दो करोड़ 84 लाख 94 हजार 785 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। यात्री व माल भाड़ा को मिलाकर सासाराम स्टेशन को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 53 करोड़ 70 लाख 25 हजार 462 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में यात्री भाड़ा से सासाराम रेलवे स्टेशन को 42 करोड़ 90 लाख 38 हजार 245 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसकी जानकारी आरटीआइ से मिली है। सासाराम शहर के आरटीआइ कार्यकर्ता कासिफ कमाल ने सूचना अधिकार के तहत यह सूचना रेलवे के वाणिज्य विभाग से प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार डीडीयू मंडल में दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन मुगलसराय, गया स्टेशन के बाद सासाराम स्टेशन कुल राजस्व यात्री व माल भाड़ा के मामले में तीसरे नंबर है। हर वित्तीय वर्ष में यात्री किराया से प्राप्त होने वाले राजस्व में बढ़ोत्तरी के बावजूद सासाराम स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव अभी नहीं हो सका है। आरा-सासाराम रेल लाइन का दोहरीकरण का कार्य भी नहीं हो सका है। आरा-सासाराम रूट से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन को लेकर लगी उम्मीद अभी भी सपना बनी हुई है। ट्रेनों का परिचालन शुरू होने, यात्री सुविधा से जुड़ी कई योजनाएं अब भी अधर में लटकी है। रेलवे मल्टी काम्पलेक्स, नए फुट ब्रिज निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जबकि यह स्टेशन ऐतिहासिक व पर्यटन के दृष्टिकोण से भी अपना एक अलग पहचान रखता है। विश्व पर्यटन में स्थान रखने वाला शेरशाह का मकबरा, रोहतासगढ़ किला, शेरगढ़ किला के अलावा ताराचंडी मंदिर, तुतला भवानी, दुर्गावती डैम, मांझर कुंड समेत कई अन्य पर्यटक स्थल यहां मौजूद है।

# मां कामाख्या के दरबार पहुंचे जीयर स्वामी जी महाराज

## दर्शन के बाद मंदिर के बाहर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं से मिले स्वामी जी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** सदी के महान संत लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जीयर स्वामी जी महाराज रविवार को शहर के बाबू मुहल्ला में स्थित मां कामख्या मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां कामख्या के दर्शन के बाद पूजा अर्चना किये। इस दौरान काफी संख्या में भक्त मंदिर परिसर के बाहर खड़े जीयर स्वामी के दर्शन का इंतजार कर रहे थे। जीयर स्वामी मंदिर से निकलते ही भक्तों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें मंगलमय का आशीर्वाद दिए। मालूम हो कि मां कामख्या मंदिर में स्थापित मूर्ति का हाल में बड़े ही



धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही यहां साधु संतों का आगमन हो रहा है। जीयर स्वामी के पूर्व श्री पूज्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी पीठाधिश्वर किनाराम मां कामाख्या दरबार में आकर दर्शन किये। जिसके बाद डॉ. पुंडरीक जी महाराज ने मां कामख्या की दर्शन व पूजा अर्चना किये। फिर आयोजकों ने बताया कि अनेकों साधु संत काशी प्रांत व अवध के संत भी आने के लिए उत्सुक हैं। निम्बार्क मठ बंगाल के सुभाष शरण देव महंथों ने भी कामाख्या दरबार में दर्शन के लिए आयेंगे। मौके पर डा उपेन्द्र कुमार सिंह, बच्चन सिंह, ठाकुर अमन सिंह, विश्वजीत सिंह, राकेश सिंह डबलु,,गुड्डू सिंह, अभय प्रताप सिंह, गीता देवी, आनंद सिंह कल्लू, डुलडुल सिंह, भोलु सिंह, बिमल सिंह छोटु, रिंकू सिंह, रिशु सिंह, राजीव सिंह, विनोद बंटी, पंडा सिंह, कन्हैया तिवारी, रामाशीष सिंह, सर्वेस सिंह, अजय सिंह, टिंकू, बबलू समेत दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**सासाराम (नबिटा सं.)।** नोखा थाना क्षेत्र का सतर बिगहवा गांव के पास दो वाहनों के बीच टक्कर में कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सासाराम सदर में इलाज के लिए भेजा गया जहां से तीन को बेहतर उपचार के लिए सासाराम रेफर कर दिया गया जिसमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। तीन घायल का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान धर्मपुरा थाना क्षेत्र के पड़वा गांव निवासी मौजी लाला का पुत्र प्रेम राज के रूप में की गई। दूसरा घायल पड़वा गांव निवासी संदीप कुमार यादव पिता राम प्रवेश यादव के रूप में की गई। वही तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा करके परिजनों को सौंप दी गई है।

# बिहार रेजिमेंट केंद्र के सेंट ल्यूक चर्च में भाईचारे के साथ मनाया गया इस्टर संडे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बिहार रेजिमेंट केंद्र के संत ल्यूक चर्च में रविवार को इस्टर संडे उत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें यीशु मसीह के पुनर्जीवन का स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सूर्योदय प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद फादर नायक सूबेदार एल जे बिपिन के नेतृत्व में एक आनंदमय इस्टर मास का आयोजन किया गया। उन्होंने आशा, नवीनीकरण और ईसा मसीह के प्रेम के स्थायी संदेश पर एक हृदयस्पर्शी उपदेश दिया। उपदेश में उन्होंने कहा कि इस्टर हमें याद दिलाता है कि प्रकाश अंधकार पर विजय पाता है तथा जीवन मृत्यु पर विजय पाता है।



यह विशेष रूप से बिहार रेजिमेंट केंद्र में सार्थक है जहां हर दिन सेवा और बलिदान का सम्मान किया जाता है। समारोह में गायक मंडली के प्रदर्शन, शांति और एकता के लिए प्रार्थना तथा सैनिकों व उनके परिवारों के लिए विशेष आशीर्वाद शामिल थे। सेवा के बाद चर्च के मैदान में केक काटा गया। सामूहिक नाश्ता और बच्चों के लिए इस्टर एग हंट का आयोजन किया गया जिससे उपस्थित सभी लोग प्रफुल्लित हुए। सेंट ल्यूक चर्च में इस्टर उत्सव न केवल ईसाई समुदाय के लिए बल्कि उन सभी के लिए आशा की किरण के रूप में मनाया गया जो नवीनीकरण, त्याग और मानवता के संदेश को अपनाने के लिए एकत्र हुए थे।

इस अवसर पर झारखंड व बिहार सब एरिया के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग ब्रिगेडियर नवनीत नारायण, रेजिमेंट के कार्यवाहक कमाडेंट कर्नल टीपीएस हुंदल, (वीएसएम व पीएचडी), नीलम हुंदल, सैन्य अधिकारियों, जेसीओ, जवान, अग्निवीर व उनके परिजनों एकता और भाईचारे की भावना से एक साथ शामिल हुए जो विश्वास और सेवा के बीच मजबूत बंधन को दर्शाता है।

# एसपी ने किया दरिहट थाना के दो अधिकारियों को निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने रविवार को दरिहट थाना के दो अधिकारियों को निलंबित किया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार दरिहट थाना के दो पुलिस अधिकारियों को कर्तव्य में लापरवाही और निष्क्रियता के आरोप में एसआई हरेंद्र ठाकुर और ए एसआई नीरज कुमार को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य में लापवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ स्टाफ एवं स्थानीय थाना डालमियानगर के सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार साथ स्टाफ संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन एरिया में गश्त व निगरानी कर रहे थे। आरपीएफ सूत्रों के अनुसार इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 औरए 3 के पूर्वी छोड़ पर एक व्यक्ति मुन्ना कुमार, करीब 19 वर्ष पिता रामनाथ शर्मा, निवासी मस्जिद के पीछे वार्ड संख्या 3 नासरीगंज, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास (बिहार) को करीब 10 लीटर ब्ल्यू लाइम देसी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके पर सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई वास्ते स्थानीय थाना डालमियानगर को सुपुर्द किया गया।

# फिर तल्ख हुआ मौसम, पारा 40 पर पहुंचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और चल रही पुरवैया के कारण पिछले दिनों भीषण गर्मी से राहत रही। दस दिनों बाद रविवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज तल्ख हो गया। मौसम साफ हुआ और सुबह से तीखी धूप निकली। दोपहर में गर्म हवा का हल्का असर रहा। स्थिति यह रही कि दस दिनों में रविवार का दिन सबसे अधिक गर्म रहा और पारा सामान्य से अधिक रहा। आंशिक बादल के कारण न्यनूतम पारा नार्मल से अधिक रहा। रविवार को अधिकतम 39.9 और न्यूनतम 24.0 डिग्री रहा। नमी की मात्रा कम होकर सुबह में 69 तो शाम तक मात्र 38 फीसदी रही। 39.9 रविवार को गया सूबे में सबसे अधिक गर्म रहा। औरंगाबाद का भी अधिकतम 39.9 डिग्री रहा। पिछले साल 2024 में 20 अप्रैल को अधिकतम 40.8 और न्यूनतम 25.0 डिग्री रहा।

**अब चलेगी पछुआ, दिन में सताएगी तीखी धूप व गर्म हवा**

मौसम वैज्ञानिक एस के पटेल ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से नमी आना बंद हो गया। सुबह से धूप निकल रही है। देर तक धूप रहने से गर्मी बढ़ गयी है। पश्चिमी पर्वतीय इलाकों में बारिश होने के कारण बताया कि अब उत्तरी-पश्चिमी यानी पछुआ चलेगी। इससे सुबह और शाम तो राहत रहेगी, लेकिन दोपहर में भीषण गर्मी का असर रहेगा। बताया कि अभी प्री मानसून की गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है। अगले दो दिनों में मौसम साफ रहेगा। बादल या बारिश का अनुमान नहीं है।

# फुटबॉल या क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए मैदान मय्यसर नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर एक अदद खेल मैदान के लिए तरसता है। रोहतास उद्योग के समय में डिहरी के कई खिलाड़ी अपना दबदबा देश में बना चुके हैं, परन्तु आज अच्छे खिलाड़ी चाहे वो फुटबॉल या क्रिकेट के क्षेत्र के हो उन्हें अपने प्रैक्टिस के लिए मैदान मय्यसर नहीं है। नए और उभरते खिलाड़ी डिहरी शहर से मायूस है। ज्ञात हो पहले डिहरी में पड़ाव और चित्रगुप्त मैदान खिलाड़ियों के प्रैक्टिस के लिए उपलब्ध रहा करता था। धीरे-धीरे यह मैदान छोटा होता गया और अब बंद ही हो गया है। चित्रगुप्त मैदान सिंचाई विभाग के आवासीय परिसर में आता है, लेकिन अब



मैदान गिट्टी जब्त वाहनों से भर दिए गए हैं। अब इसमें खेल तो क्या आने-जाने में भी दिक्कत होती है। ऐसे में यह मैदान भी जब्त वाहनों के रख-रखाव के कारण लुप्त हो चुका है। वहीं पड़ाव मैदान दानापुर आर्मी के अंतर्गत आता है। हालांकि यह प्रतिबंधित नहीं है खेल के लिए, लेकिन पानी जल जमाव और खुले में शौच के कारण बंद रहता है। चुनाव के समय इसे साफ-सुथरा किया जाता है और चुनावी सभायें ही किये जाते हैं। खेल के लिए आसपास के इलाके जंगल और मकानों से घिरे हुए हैं। बेहतर साफ-सफाई नहीं होने से यह मैदान भी खेल के लिए अब उपयुक्त नहीं है। मैदान में गड्ढे भी कई जगह है। क्यूम अंसारी भवन जो डिहरी हाई स्कूल के निकट है वो जमीन भी अवैध कब्जे में है। जमीन के मुहाने पर मंदिर बना दिए गए हैं और चारों तरफ जब्त वाहनों का जमावड़ा है। वही भूमिहीन दलित भी अपना झुग्गी-झोपड़ी बना कर रहते हैं। ऐसे में यह मैदान भी डिहरी शहर से बाहर कर दिया गया है। बी एम पी के कैम्पस में मैदान बचा हुआ है, लेकिन यह बिहार पुलिस के लिए बना हुआ है। डिहरी शहर का दूसरा इलाका डालमियानगर में मैदान है जिसमें खेल का आयोजन होता है। इस क्षेत्र में आवागमन का साधन सुविधाजनक नहीं रहने से यह मैदान भी प्रैक्टिस के लिए सही नहीं है। खेल मैदान को लेकर क्षेत्र के विधायक और सांसद भी संवेदनशील नहीं है। चुनाव के समय हर चीज पूरा करने का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद सब कुछ भूल जाते हैं। वही खेल से उच्च पद पर सरकारी सेवा में जाने वाले रोहतास जिला फुटबॉल संघ के सचिव आर बी आई के मैनेजर नौशाद आलम और पुलिस सेवा में सब इसंपेक्टर विजय चंद चौधरी तथा जनार्दन चौधरी व रवि प्रताप सिंह अंडर 21 नेशनल इंडिया कैंप में थे जो अभी खेल कोटे से बेगूसराय में दरोगा पद पर स्थापित हैं, वही डिहरी के अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, किशोर कुमार जो स्पोर्ट्स में काफी रुचि रखते हैं। साथ ही अफजल मल्लिक ने संयुक्त रूप से कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का भविष्य बहुत ही अच्छा है। हम सभी मिलकर चाहते हैं कि डिहरी के प्रतिभावान बच्चों को अच्छी ट्रेनिंग दे और उनको बड़े स्तर पर पहुंचाने का प्रयास करें। इससे उनको कोच की कमी नहीं आने देंगे, लेकिन खेल मैदान के बगैर यह संभव नहीं है। रोहतास के डीएम और एसडीएम को इसमें पहल करने की जरूरत है। ताकि डिहरी के खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। विदित हो कि डिहरी से करीब 25 से अधिक खिलाड़ी है नौकरी में हैं और आगे भी खिलाड़ी चैनल में है।

CMYK

# मोक्ष भूमि पर आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव संपन्न

## अभिषेक पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** गौतम गणधर स्वामी की मोक्ष भूमि पर चल रहे त्रिदिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव का समापन अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें नित्य विविध कार्यक्रम जैन धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित की गयी थी। मन्दिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री शांतिनाथ जिनालय में विराजित भगवान शांतिनाथ स्वामी की प्रतिमा को मंत्रोच्चारण एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं द्वारा शुद्धिकरण करके मन्दिर में विराजमान कराई गई।



श्री शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं की गई। प्रातः सभी भक्तों ने भगवान का अभिषेक पूजन तथा विधान का आयोजन किया जैन श्रावक एवं श्राविकाएं पारम्परिक वस्त्रों पहनकर मन्दिर जी मे विराजमान जिनप्रतिमा के समक्ष हवन की क्रिया की। श्रीजी को शुद्ध जल, दूध, दही, धी, अष्टगंध, सर्वोषधि, इच्छुरस से प्रतिमा का अभिषेक कर सभी ने अपने पापों का निर्जरा करते हुए मोक्ष की कामना की।

**नवनिर्मित शांतिनाथ जिनालय के शिखर पर कलश एवं ध्वज की स्थापना**

श्रमण मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित श्री प्रदीप जी जैन 'मधुर' कुसुम्बा निवासी एवं मुकेश जी शास्त्री अम्बा (मुरैना) के तत्वाधान में मन्दिर शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज की स्थापना की गई।

बिहार स्टेट दिगम्बर दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार जी जैन, मानद मंत्री श्री पराग जी जैन, गुणांवा मन्दिर के क्षेत्रीय मंत्री श्री संजय जैन, प्रबंधक श्री सतेन्द्र जैन, अभिषेक जैन ने अन्य प्रांतों एवं समाज के गणमान्य लोगों को साल, मोमेंटो, माला एवं पहनाकर आभार व्यक्त किया तथा मन्दिर के प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया॥

# यात्री बस से 8.5 किलो गांजा के साथ तस्कर धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने यात्री बस से 8.5 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से की जाती है।जांच के क्रम में पप्पू ट्रेवल्स संख्या बीआर27पी3632 की जांच के दौरान उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने एक युवक के पास रहे बैग से दो बंडल एवं थैले में रहे तीन बंडल गांजा बरामद किया गया, जिसकी कुल मात्रा 8.495 किलोग्राम है। वहीं गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर की पहचान नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के भीम बिगहा गांव निवासी कृष्णा यादव के पुत्र गांगुली कुमार के रूप में हुई है।गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि उसे रांची में एक व्यक्ति द्वारा तांबा के तार को कहकर गांजा नवादा ले जाने को कहा गया था। साथ ही बताया कि वह गांजा को नवादा के मिर्ज़ापुर मोहल्ला निवासी रेणु देवी के पुत्र संटू कुमार को देना था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गांजा को जब्त करते हुए गिरफ्तार तस्कर एवं संदिग्ध संटू कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं दूसरी ओर कृष्णा रथ बस संख्या जेएच05एटी8675 पर सवार एक युवक के पास से 750 एमएल वाला ब्लेंडर्स प्राइड नामक शराब का एक बोतल बरामद किया गया।गिरफ्तार युवक की पहचान मधुबनी जिले के लखनौर गांव निवासी बच्चू नारायण झा के पुत्र अवकाश कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही बताया कि दोनों गिरफ्तार लोगों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## एक नजर

### हैकर्स ने दर्जनों के व्हाट्सएप को हैक कर वायरल किया गंदी फोटो और वीडियो

**रजौली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में रविवार को दर्जनों स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप में कुछ लोगों के मोबाइल नंबर से बने व्हाट्सएप को हैकर्स द्वारा हैक करके गंदे फोटो और वीडियो वायरल किया जा रहा है। इससे ग्रुप के सैकड़ों लोग काफी शर्मिंदा हो रहे हैं और जिनके मोबाइल नंबर से मैसेज आ रहा है, उसे कॉल करके डिलीट फॉर एवरीवन करने को कहा जा रहा है।वहीं कुछ लोग व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को पोस्ट को रिमूव करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है।इसके अलावे कुछ लोग जिस नंबर से गंदी फोटो और वीडियो लिंक वायरल किया जा रहा है,उसे ग्रुप से बाहर करने की सलाह दे रहे हैं।वहीं ग्रुप में अपने नंबर से गंदी चीजें वायरल होता देख,लोग अपने मोबाइल को हैक हो जाने की बात कह रहे हैं।साथ ही किसी प्रकार का वित्तीय लेनदेन नहीं करने की बात कह रहे हैं।ताज्जुब की बात तो यह है कि सभी ग्रुप में एक ही प्रकार के गंदे फोटो और वीडियो लिंक भेजा जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे जा रहे वीडियो लिंक के अंत में .apk लिखा हुआ आ रहा है और उसे क्लिक करने के बाद यूजर का मोबाइल हैक हो जा रहा है। नगर पंचायत के कुछ लोगों ने बताया कि एक सप्ताह से एक ही तरह के फोटो और वीडियो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हो रहा है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि ये सायबर अपराधकर्मियों के एक गिरोह का काम हो सकता है। कुछ लोगों द्वारा उत्सुकतावश लिंक पर क्लिक करके वीडियो देखने के चक्कर में अज्ञानतावश लिंक के माध्यम से हैकर्स को अनुमति मिल जाती है और वे आपके मोबाइल नंबर को नियंत्रण में ले लेते हैं।इस प्रकार की घटना से कई लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि अभीतक किसी के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही थानाध्यक्ष ने आमलोगों से अपील किया कि वे व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर भेजे जा रहे अनजाने लिंक को खोलने की कोशिश न करें।

### आईआईटियन रितेश बच्चों को नई तकनीक पर देंगे शिक्षा

**पकरीबरावां (नवादा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करोड़ों की नौकरी छोड़ पक़रीबरावां के लाल आइआईटीयन रितेश ने पकरीबरवां में स्कूल खोला है। उन्होंने कहा कि वे गांव के बच्चों को नईं तकनीक पर शिक्षा देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सही मायने में बच्चों की पढ़ाई करवाना है और बच्चों को अपने जीवन के मंजिल तक पहुंचाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रटा- रटाया पढ़ाई से बच्चे पिछड़ रहे हैं। प्रतिभा होने के बाद भी बच्चे सफल नहीं हो पा रहे हैं। वे बच्चों को मैथ्स और साइंस के एक-एक बारीकियां को स्मार्टनेस के साथ सॉल्व करने, अभी के कंपटीशन की जरूरत को देखते हुए मैथ्स और साइंस के जटिल सवाल जिसमें घण्टों लगते हैं को सेकंड में कैसे सॉल्व कर सकते हैं ताकि आज के कंपटीशन में सफलता मिल सके के गुर बताएं जाएंगे। आइआइटियन रितेश ने बताया कि स्कूल पकरीबरावां- वारिसलीगंज पथ पर राईस मोड़ से थोड़ी दूर पर है। यह पूरी तरह सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित है। लेकिन यहां शिक्षा रटा -रटाया नहीं दी जायगी।

### डुमरावां में कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

**पकरीबरावां (नवादा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव में कुएं में डूबने से नीरज कुमार के तीन वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। वहीं कुएं में गिरी एक बच्ची को ग्रामीणों के प्रयास से बचा लिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुनील सिंह के पुत्र की शादी होने के बाद बारात दुल्हन लेकर लौटी। घर में शादी का उत्सव मनाया जा रहा था। इस बीच दो बच्चे मंदिर के पास खेलने चले गए। खेलने के क्रम में दोनों पास के कुएं में गिर पड़े। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह बच्ची को बचा लिया गया। बताया जाता है कि जब कुएं में रस्सी फेंकी गई तो बच्ची ने उसे पकड़ लिया और उसे बाहर निकाल लिया गया। काफी प्रयास के बाद नीरज के पुत्र को कुएं से बाहर निकाला गया, उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद शादी का उत्सव मातम में बदल गया। परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है।

### प्रखंड के सभी हाईस्कूलों में लगेंगे सौर उर्जा आरओ सिस्टम

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बढ़ती गर्मी और तपिश को देखते हुए राजगीर प्रखंड के विभिन्न सरकारी उच्च विद्यालयों में सोलर प्लांट के साथ ही साथ बच्चों शुद्ध व ठंढा पानी का वाटर आरो सिस्टम लगाया जाएगा। वाटर आरो ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार अनुशंसा पर देवा आर एंड डी फाउंडेशन नई दिल्ली के द्वारा लगाया जाएगा। इसके लिए फाउंडेशन ने मैटेरियल का सप्लाई करना शुरू कर दिया है। संवेदक सह जदयू नेता मुन्ना कुमार ने बताया कि चार विधालयों में मैटेरियल गिराया गया है। जहां एक से दो दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजगीर प्रखंड के सभी हाईस्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय राजगीर, सैनिक स्कूल नानंद सहित कुल 40 हाईस्कूल में सौर ऊर्ज़ा प्लेट के साथ कुलिंग आरो सिस्टम लगाया जाएगा।

### रिटायर्ड स्टोनो के घर से चोरी

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कॉलोनी में डीएम कार्यालय से सेवानिवृत्त स्टोनो दिनेश कुमार सिन्हा के घर चोरों ने धावा बोलते हुए करीब एक लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। चोरी की यह वारदात उस समय हुई जब पूरा परिवार इलाज के सिलसिले में पटना गया हुआ था और घर पूरी तरह से खाली पड़ा था। दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे, जिसके कारण परिवार के सभी सदस्य उनके इलाज के लिए पटना में रह रहे थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर का फायदा उठाकर भीतर घुसकर जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने घर से नकद तीस हजार रुपये, सोने की सिकड़ी, चैन, लॉकेट तथा चांदी का सिक्का चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सोहसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है और जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिक्षाविदों एवं पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**पकरीबरावां (नवादा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पकरीबरावां प्रखण्ड के रेवार गांव निवासी आईआईटियन रितेश कुमार ने रविवार को पकरीबरावां में एक समारोह आयोजित कर शिक्षाविदों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में शिक्षाविद डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, पत्रकार इंद्रजीत कुमार सिन्हा, अनीश कुमार वर्मा, अवधेश पासवान, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा शामिल हैं। आईआईटियन रितेश ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करने के लिए इनलोगों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाना हैं। वे इसके लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को परंपरागत शिक्षा से हटकर नए तकनीक पर शिक्षा देने की जरूरत है।

# सड़क दुर्घटना में चार जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के लहराडाक के पास ई रिक्शा पलटने से रिक्शा पर सवार पिता पुत्र जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में लाकर भर्ती कराया गया। जख्मी की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के परवलपुर गांव निवासी मोहम्मद इब्राहिम एवं मोहम्मद इब्राहिम के 5 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हादत के रूप में किया गया। परिजन ने बताया कि गांव के ही ई रिक्शा रिजर्व कर पूरे परिवार के साथ हम लोग बिहार शरीफ जा रहे थे इस दौरान लहराडाक के पास एक बाइक सामने से आया और चकमा दे दिया जिसके कारण सड़क पर ही ई रिक्शा पलट गया। इसी प्रकार शनिवार की रात्रि करीब 10:00 बजे हिलसा शहर के मुख्य बाजार के पुराने इलाहाबाद बैंक के समीप कार एवं टोटो के बीच भिसन टक्कर हो गया। जिसमें टोटो पर सवार एक यात्री एवं कार पर सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया। टोटो पर सवार यात्री की पहचान हिलसा शहर के काजी बाजार निवासी स्वर्गीय छोटेलाल के 35 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र कुमार के रूप में किया गया शैलेंद्र कुमार के परिजन ने बताया कि पटना में रहकर टेलर का काम करता है और वह पटना से ट्रेन से फतुहा आया। और फतुहा से टोटो पर सवार होकर हिलसा अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। कार पर सवार जख्मी युवक की हिलसा थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी ललन सिंह के 37 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में किया गया।

# एक शिक्षक के भरोसे 144 बच्चों का भविष्य, नालंदा में शिक्षा बनी मजाक

## स्कूल में न बेंच हैं न डेस्क, बोरा पर बैठ करते है शिक्षा ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार के शिक्षा विभाग के शानदार दावों के बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो सिस्टम की असलियत को बेपर्दा करती है। जिले के सरमेरा प्रखंड के गोवा काजीचक प्राथमिक विद्यालय में पिछले दो वर्षों से एक अकेला शिक्षक 144 बच्चों का भविष्य संभाल रहा है। विद्यालय के एकमात्र शिक्षक अरविंद प्रसाद यादव प्रतिदिन 80 से 100 बच्चों को एक ही कक्षा में बिठाकर पहली से पांचवीं तक का पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं। अरविंद बताते हैं कि जब मैं 2005 में यहां आया था, तब पांच शिक्षक थे। अब मैं अकेला बचा हूं। 2003 में शिक्षा मित्र के रूप में नियुक्त हुए अरविंद 2006 में स्थायी शिक्षक बने थे। विडंबना तो



यह है कि जब हाल ही में अरविंद ने एक दिन की छुट्टी के लिए आवेदन दिया, तो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दूसरे विद्यालय से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करनी पड़ी। अरविंद ने बताया कि मैं अकेला हूं, अगर छुट्टी लेता हूं तो स्कूल बंद कर देना पड़ता है। स्कूल की हालत और भी दयनीय है। न तो बेंच-डेस्क हैं, न ही अन्य आधारभूत सुविधाएं। बच्चे या तो बोरियों पर या फिर सीधे जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं। विद्यालय की छात्रा शबनम कुमारी ने बताया कि हमारे मास्टर अच्छे से पढ़ाते हैं, मध्यान्ह भोजन और किताबें भी मिलती हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी से हमारी पढ़ाई प्रभावित होती है। हैरानी की बात यह है कि यह विद्यालय सरमेरा प्रखंड के सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक विद्यालयों में गिना जाता है। अरविंद ने कई बार विभाग को लिखित शिकायत की और स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार को भी समस्या से अवगत कराया। लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार ने कहा कि मीडिया से मिली जानकारी के आधार पर हमने एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की है और जल्द ही स्थायी समाधान निकाला जाएगा। अरविंद यादव ने कम से कम तीन अतिरिक्त शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति की मांग की है। शिक्षाविदों का मानना है कि यह केवल गोवा काजीचक की कहानी नहीं है। बिहार के सैकड़ों विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतिम दिन लोगों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह को लेकर अग्निशमन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों में विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।साथ ही आग से कैसे बचाव करें एवं बरती जाने वाली सावधानियां छपे पंपलेट का वितरण भी किया जा रहा है। अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी राम अवध सिंह ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल के दौरान भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अग्निशमन सलाहकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रव्यापी स्तर पर मनाया जाता है। यह 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई बंदरगाह के विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग और उसके बाद हुए विस्फोटों में खोए जीवन की याद में और सभी उद्योगों में आग को रोकने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान अग्निशमनकर्मी एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार के



कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए आमलोगों को आग की रोकथाम और जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित उपयुक्त प्रचार सामग्री विकसित करके अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अनुपालन में उद्योगों को सुविधा प्रदान कर रहा है, जिसमें पॉकेट गाइड,विशेष अग्नि सुरक्षा पोस्टर, बैनर और प्रचारात्मक उपयोगिता वस्तुएं शामिल हैं।साथ ही बताया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के 8 जगहों पर अग्निशमन कर्मियों के सहयोग से विशेष जनजागरुकता अभियान चलाया गया।इस दौरान रजौली प्रखंड के मॉडर्न लाइब्रेरी, सिरदला प्रखंड के जूस कॉर्नर, सूरज मिल्कशेक एवं आइस्क्रीम दुकान, हनी फ्यूल सेंटर व एस अभिषेक भारत गैस ग्रामीण, अकबरपुर प्रखंड के शाही भारत पंचायत के वार्ड संख्या 01, राज हाल पंचायत के वार्ड संख्या 04 और लाल मोर पंचायत के वार्ड संख्या 09 में लोगों को को सभी प्रकार के आग़ से बचने का उपाय एवं तरीका बताया गया। साथ भी सोशल मीडिया से जोड़ा गया एवं जोड़ने का सुझाव दिया गया।

# रजौली के गौरव शांडिल्य गगन बने भाजपा जिला महामंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल के निर्देशानुसार नवादा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने पत्रांक संख्या- 375/25 के माध्यम से रजौली भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन को जिला महामंत्री के लिये मनोनयन किया है। नवनियुक्त जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने अपने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया, नवादा लोकसभा के यशस्वी सांसद विवेक ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी, हिसूआ पूर्व विधायक अनिल सिंह, रजौली पूर्व विधायक कन्हैया कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय कुमार, संजय कुमार मुन्ना, राजेन्द्र सिंह, प्रोफ़ेसर विजय सिन्हा, वीरेन्द्र सिंह, शशिभूषण कुमार बब्लू प्रदेश नेतृत्व एवं समस्त जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि संगठन, पार्टी को सर्वोपरि रखते हुए मैं एक कार्यकर्ता के रूप में सबों का मार्गदर्शन, आर्शीवाद लेकर पार्टी के मजबूती के लिये निरंतर कार्य करूंगा। गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि मैं भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, भाजयुमो जिला प्रवक्ता, मंडल अध्यक्ष से आज पार्टी नेतृत्व ने जिला महामंत्री का दायित्व दिया है। गौरव शांडिल्य गगन को महामंत्री मनोनीत होने पर नवादा लोकसभा के सांसद विवेक ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व के जिलाध्यक्ष विनय कुमार, संजय कुमार मुन्ना, वीरेन्द्र सिंह, शशि भूषण कुमार बब्लू, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रोफ़ेसर विजय सिन्हा, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी, मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, राजेश शर्मा, रामबिलास वर्मा, अजय गुप्ता, अभिषेक कुमार आदि थे।

# इंटर विद्यालय कौआकोल में दीक्षांत समारोह का आयोजन

## सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन कर सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार एवं एमडीएम प्रभारी संजय पासवान मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वर्ग नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित दीक्षांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ सुशील कुमार ने कहा कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधियां और रचनात्मक माहौल में ही बच्चों का विकास होता है। बच्चे देश और समाज के भविष्य होते हैं। समाज की जिम्मेदारी होती है कि हम बच्चों को बेहतर सामाजिक सांस्कृतिक वातावरण प्रदान करें। जिससे बच्चे साकारात्मकता के साथ सही दिशा में आगे बढ़ सकें। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय प्रशासन मनोयोग से बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल और संसाधन उपलब्ध कराने को संकल्पित है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक आदि मौजूद थे।

# कहुआरा गांव में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज।** नारदीगंज प्रखंड के ननौरा पंचायत के राजस्व गांव गोतरायण व कहुआरा पंचायत के कहुआरा गांव में फार्मर रजिस्ट्री का कार्यक्रम रविवार को हुआ। कृषि विभाग के द्वारा किसानों के हित में शिविर आयोजित की गई है जिसमे किसान आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। कृषि समन्वयक संजय कुमार ने कहा यह कार्यक्रम बीते आठ अप्रैल 2025 से शुरू हुआ है। जो निरंतर चलते रहेगा। उन्होंने कहा कार्ड बनाने हेतु किसान को आधार कार्ड ,ज़मीन का रसीद और मोबाईल लेकर स्वयं आना होगा। सभी किसानों को बनाया जाना है। उन्होंने कहा विभाग के माध्यम से नारदीगंज प्रखंड के दो राजस्व गांव को प्रथम चरण में चयन किया गया है। जिसमे गोतरायन व कहुआरा गांव । गोतरायन में कृषि समन्वयक के माध्यम से इकेवाईसी 192




किसानों का फार्मर रजिस्ट्री के लिए किया गया।उसके बाद राजस्व कर्मचारी के सत्यापन के बाद 41 फार्मर आईडी बनाया गया है। वही कहुआरा गांव में 167 किसानों का इकेवाईसी हुआ है, तदोपरांत इस गांव में भी राजस्व कर्मचारी के सत्यापन के बाद 16 फार्मर आईडी बना है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन दोनों गांव में फार्मर रजिस्ट्री के लिए जितने किसानों का कृषि समन्वयक के माध्यम से इकेवाईसी हुआ है, उस अनुपात में राजस्व कर्मचारी के द्वारा सत्यापन के बाद भी फार्मर आईडी कार्ड नहीं बन पाना यक्ष प्रश्न है। इस बाबत डिमांडधारी किसान का कहना है कि राजस्व कर्मचारी के लापरवाही का नतीजा हम सभी किसान भुगत रहे हैं। आधार कार्ड मेरा कुछ अंकित है, और डिमांड में कुछ है।ऐसे में नाम सही नहीं होने के कारण आनलाइन डिमांड नही हो पा रहा है। जिस कारण फार्मर आईडी नहीं बन पा रहा है। राजस्व कर्मचारी के माध्यम से परिमार्जन की बात कही जा रही है। अंचल कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हो रहे हैं। बावजूद परिमार्जन भी नहीं हो पा रहा है। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर परिमार्जन कराया जाय ताकि किसानों को सुविधा हो सके। कृषि समन्वयक ने कहा इन दोनों गांव के बाद अन्य राजस्व गांव में भी फार्मर रजिस्ट्री के तहत आईडी कार्ड बनाया जाएगा। आईडी कार्ड धारक किसानों को कृषि विभाग के सभी योजनाओं का लाभ देने की बात कही गई है। मौके पर कृषि नवपदस्थापित एकता वर्मा, अंजलि भारती,कृषि समन्वयक संजय कुमार प्रीति कुमारी, पप्पू कुमार अन्य उपस्थित रहे।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत

# केन्द्र और राज्य सरकार खिलाड़ियों को बढ़ा रही आगे : मीणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के प्रचार अभियान के तहत जिला अतिथि गृह से बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गया एवं बोधगया के क्षेत्रों में प्रचार के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ. सफीना ए.एन. और जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम भी उपस्थित थे। यह अभियान खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन एवं व्यापक जनजागरण के लिए किया जा रहा है जिसका आयोजन बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय जिलों में 4 से 15 मई 2025 तक किया जाएगा। गया जिले में इस आयोजन के तहत सात प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिसमें लगभग 2200 खिलाड़ी, तकनीकी स्टाफ एवं अन्य कर्मी भाग लेंगे। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और हर स्तर पर पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रचार अभियान को खेलों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया और सभी विभागों से समन्वय एवं सहयोग की अपील की। इस आयोजन से बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।



# महिलाओं की आशा और आकांक्षा जानने का माध्यम बना महिला संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के सभी 24 प्रखंडों में महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद का आयोजन किया गया। इसमें गांव महिलाओं जीविका एवं गैर जीविका दीदी दोनों ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने अपने जीवन में बदलावों विषय में चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मिले लाभ की जिक्र किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से सरकार की साइकिल एवं पोषक योजना से लड़कियों को स्कूल जाने में सहूलियत हुई। लोगों ने बेहिचक लड़कियों को स्कूल भेजना शुरू कर दिया। विभिन्न जागरूकता अभियानों से उन्हें फायदा हुआ। शराब बंदी से हिंसा में कमी आई। 112 पुलिस की सहायता से महिलाओं को बड़ा फायदा हुआ। पुलिस और टीचर की नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। स्थानीय निकायों के चुनावों में महिला आरक्षण से बहुत फायदा हुआ। जीविका से उनके जीवन में बदलाव आया। घर की चहारदीवारी में कैद रहने वाली महिलाओं को भी बाहर निकलने का अवसर मिला। महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसी प्रकार कार्य किया जाना जरुरी है। महिलाओं ने कहा अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। ऐसी योजना बननी चाहिए जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगर के अवसर उपलब्ध हो। उन्हें व्यवसायिक शिक्षा मिलनी चाहिए। ताकि आमदनी बढ़ सके। यदि आपलोग जो हमारी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर हैं, इस पर कार्य होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम जिले में दो पालियों में लगभग दो माह तक संचालित होगा। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे एवं द्वितीय पाली शाम 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होगी। प्रति दिन एक-एक प्रखंड के दो पंचायतों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराना, उन्हें विभिन्न जानकारी देना एवं उनकी अपेक्षाओं पर संकलित कर सरकार तक पहुंचाना है। महिलाओं से प्राप्त सुझाव एवं उनकी अपेक्षाओं को सूचीबद्ध कर जिसका समाधान जिला स्तर पर समाधान किया जा सकता है, उसे जिला स्तर से पूर्ण कराना। साथ ही जिससे नीति से संबंधित है कुछ निकलकर आता है, उसे संकलित कर राज्य सरकार को भेजना है।

## प्राचीन काली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा पूजा का तृतीय दिवस संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया रेलवे स्टेशन के सेट दिल बीघा मोड़ पर स्थित प्राचीन काली मंदिर का जीर्णोद्धार प्लान प्रतिष्ठा का विधिवत कार्यक्रम में आज हल्दी अर्पण का कार्य संपन्न हुआ। सात दिवसीय यज्ञ में प्रसिद्ध कर्मकांडी आचार्य पंडित सुरेंद्र पांडे के आचार्य तत्व में वाराणसी से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक दीपक पांडे, पंडित प्रदुमन पांडे, पंडित नित्यानंद पांडे, नागेश्वर पांडे, पंडित अंकित पांडे, पंडित अविनाश पांडे, पंडित रोशन पांडे, सूरज पाठक के अलावे कई वेद पार्टी विद्वानों ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्य में भाग लेकर विधिवत कार्य संपन्न किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में यज्ञ के यजमान के रूप में सुमन केसरी एवं रोशन प्रसाद, सूरज प्रसाद गुप्ता, इंदिरा देवी ने वेद मित्रों के ध्वनि से गुंजायमान वातावरण में सभी धार्मिक कार्य संपन्न हो रहे थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विवेकानंद मिश्र भी उपस्थित थे।

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफल 150 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा ट्रस्ट वजीरगंज के द्वारा रविवार को गया-नवादा बाईपास रोड स्थित दखिनगांव में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कुशवाहा परिवार के मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में अव्वल आने वाले एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल 150 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा ट्रस्ट के सदस्य संजीव कुमार संतु की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह का संचालन सत्येंद्र कुमार सरयू ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नालंदा कॉलेज के व्याख्याता डॉ श्रवण कुमार, प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी, पीएमसीएच पटना के कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ नवीन कुमार सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सम्राट अशोक, गौतम बुद्ध, डॉ भीम राव अम्बेडकर, सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी आगत अतिथियों को ट्रस्ट के प्रतिक चिन्ह, बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के कुशवाहा समाज के मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में अव्वल आने वाले तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफल 150 छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा सभी प्रकार की मंजिल प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो जितना पियेगा वो उतना दहाड़ेगा। अतः आप एक रोटी कम खायें लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ायें। ताकि आपके आने वाले पीढ़ी शिक्षित हो और वे समाज में आपका नाम रौशन कर सके। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा-गीत, संगीत एवं जागरूकता नारे से उपस्थित कुशवाहा समाज के अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा उर्फ अखिलेश, सचिव डॉ सुभाष सुमन, संजय कुमार अधिवक्ता, डॉ एस कुमार, डॉ सिंटू मेहता, डॉ अभिमन्यु कुमार, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, अविनाश कुमार, दिलीप कुशवाहा, चन्दन कुशवाहा, पिंकू कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एनबीडब्लू गिरफ्तार, गया जेल



**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव से एक एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सूर्यदेव पासवान पिता कृत पासवान वारंटी के खिलाफ मामला दर्ज था और उसे पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा था।

## सीयूएसबी में छात्र विधि से जुड़े विभिन्न पहलुओं से हुए रूबरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सेल द्वारा लॉ ग्रेजुएट्स के प्रोफेशनल डेवलपमेंट हेतु आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ विशेष व्याख्यान के साथ हुआ। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न लॉ फर्मों के पेशेवरों और अधिवक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को विधि से जुड़े विभिन्न पहलुओं से रूबरू करवाया जाएगा। ऑनलाइन मोड में आयोजित सत्र की शुरूआत विभागाध्यक्ष और डीन प्रो. अशोक कुमार के औपचारिक स्वागत भाषण से हुई जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों की पेशेवर यात्रा को उचित आकार देने के लिए इस तरह की पहल काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि व्याख्यान श्रृंखला छात्रों को अंतरराष्ट्रीय कानूनी विकास के बारे में सूचित रहने में मदद करेगी जिससे उनका वैश्विक दृष्टिकोण व्यापक होगा। कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य भाषण एडवोकेट नेहा जैन, अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थ (लंदन, यूके), समत्व लीगल की संस्थापक भागीदार द्वारा दिया गया। उन्होंने एडीआर और कानूनी अभ्यास का दायराः भारत और विदेश शीर्षक पर अपने व्याख्यान में छात्रों को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों संदर्भों में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) की उभरती प्रासंगिकता का विस्तृत अवलोकन प्रदान किया। दूसरा व्याख्यान सुजाता चौधरी आईपी अटॉर्नीज के अभ्यासरत वकील एडवोकेट किशन कुमार द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों संदर्भों में बौद्धिक संपदा (आईपी) कानून के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आईपी कानून में उनकी रुचि लॉ स्कूल के दूसरे वर्ष में शुरू हुई और तब से बढ़ती जा रही है। तीसरा व्याख्यान रवि प्रकाश एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया। श्री प्रकाश का व्याख्यान अत्यधिक आकर्षक और जानकारीपूर्ण था जिससे छात्र प्रतिभागियों के लिए जटिल कानूनी प्रक्रियाएं समझने योग्य हो गईं। उन्होंने सत्र की शुरूआत भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संक्षिप्त ऐतिहासिक अवलोकन के साथ की और इसकी स्थापना के बारे में विचारोत्तेजक प्रश्न पूछकर जिज्ञासा को उत्तेजित किया। इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सेल के संकाय समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने सभी अतिथि वक्ताओं को उनके समृद्ध सत्र के लिए आभार प्रकट करते हुए सभी प्रतिभागियों और आयोजन टीम को धन्यवाद दिया। व्याख्यान में प्रो. पवन कुमार मिश्रा, डीएसडब्ल्यू के साथ प्रो संजय प्रकाश श्रीवास्तव, प्रो डॉ. प्रदीप कुमार दास, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. चंदना सूबा और डॉ. अनुजा मिश्रा शामिल हुए।

## शराब के साथ गिरफ्तार, गया जेल

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के आंती - ददरेजी पथ के महरी मोड़ के पास से बाइक सवार युवक को 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया और रविवार को जेल भेजा गया है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शराब कारोबारी युवक बाइक पर दो बोरा में 60 लीटर देसी महुआ शराब लेकर कहीं जा रहा है। सूचना उपरांत छापेमारी कर विकास कुमार पिता शिव कुमार चौधरी ग्राम बढौना थाना-गुरुआ को बाइक सहित गिरफ्तार कर थाना लाया गया और केस दर्ज कर बिहार मद्य निषेध उत्पाद एवं संशोधित अधिनयम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

# सौतेली मां ने की 4 वर्षीय बच्चे की हत्या, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** कहते हैं मां सगी हो या सौतेली उसका दिल ममता और प्यार से भरा रहता है, लेकिन बिहार के गया में उस समय यह गलत साबित हो गया जब एक सौतेली मां 4 वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी है। घटना से हर कोई हैरान है। दरअसल, उसका पति अपनी दूसरी पत्नी और उसके 4 वर्षीय बच्चे से बहुत प्यार करता था। इसी वजह से सौतेली मां नाराज थी। बहरहाल सूचना मिलने के बाद शेरघाटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया गया। मासूम की सगी मां रिया देवी काम करके घर लौटी तो उसने अपने चार साल के बच्चे को प्यार चाहा, लेकिन उसमें किसी तरह की हरकत नहीं हुई। इससे वह घबराई और फिर शोर मचाना शुरू किया। बाद यह बात सामने आई कि बच्चे की मौत हो गई है। मां रिया देवी ने अपने बच्चे की हत्या का आरोप सौतेली मां पर लगाया है। इधर, पुलिस ने मामले में फोरेंसिक और स्क्वायड डॉग की मदद से जांच शुरू की। इसी क्रम में शक के घेरे में आई सौतेली मां से पूछताछ की गई तो उसे अपन जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी महिला के पति गोरे मांझी ने दो शादियां की हैं। पति रिया देवी और उसके बच्चे को ज्यादा प्यार करता था। यही बात सौतेली मां को रास नहीं आई और उसने हत्या की घटना को अंजाम दिया।

**क्या कहते हैं एसएसपी**

एक चार वर्षीय बच्चे की हत्या होने की जानकारी मिली है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुस्से में आकर उसने अपने सौतेले बेटे की हत्या कर दी थी। आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**आनंद कुमार, एसएसपी, गया**

## लर्निंग बनाम स्कोरिंग विषय पर प्रो. एच. सी. वर्मा ने सीयूएसबी में स्कूली बच्चों को दिए बहुमूल्य टिप्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी (आईएनवाईएएस) पूर्वी क्षेत्र एवं सीयूएसबी के संस्थान नवाचार प्रकोष्ठ (आईआईसी) के निमंत्रण पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के दौरे पर आए प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा ने विद्यार्थियों से कई सत्रों में वातालार्प किया। इसी क्रम में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह के नेतृत्व में डॉ. रोहित रंजन शाही, संयोजक, आईएनवाईएएस द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित विशेष सत्र में प्रो. एच. सी. वर्मा ने बहुमूल्य टिप्स साझा किए। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित लर्निंग बनाम स्कोरिंग सत्र में प्रो. वर्मा ने कहा कि स्कूल स्तर पर पढ़ाने की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है जिसके कारण हमें उच्च शिक्षा के लिए अच्छे छात्र नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भौतिकी सीखने के लिए हमें छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रो. वर्मा ने स्कूली छात्रों से कहा कि वे अंक प्राप्त करने के बजाय सीखने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बिना सीखे अंक प्राप्त करना न तो छात्र के लिए लाभदायक है और न ही समाज के लिए। छात्रों को पढ़ाई से खुश होना चाहिए, तभी वे राष्ट्र के विकास में योगदान दे पाएंगे और यही विद्यालय की जिम्मेदारी है कि वह पढ़ाई का माहौल प्रदान करे। व्याख्यान के दौरान और प्रो वर्मा के साथ बातचीत सत्र में छात्रों को काफी आनंद आएगा। सत्र की अध्यक्षता सीयूएसबी गया के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह ने की। व्याख्यान के बाद प्रो. वर्मा ने भौतिकी विभाग की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और विभाग के अत्याधुनिक शोध की सराहना की। प्रो. वर्मा ने भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों से भी बातचीत की तथा उच्च शिक्षा के लिए भौतिकी विषय लेने के बारे में उनकी जिज्ञासा का उत्तर दिया। इस दौरान डॉ. रोहित, डॉ. लखविंदर, डॉ. नितिन और प्रो. बुधेंद्र और प्रो. वेंकटेश मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक और आईएनवाईएएस सदस्य डॉ रोहित रंजन शशि ने आईएनवाईएएस और इसके विजन के बारे में बताया और कार्यक्रम के अंत में निमंत्रण स्वीकार करने के लिए प्रो. वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार पंचानपुर थानाध्यक्ष और थाना के अन्य पुलिसकर्मियों ने रविवार को जूनियर डी.पी.एस स्कूल के बच्चों के सहयोग से पंचानपुर बाजार और अन्य प्रमुख स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक लाइट्स और यातायात संकेतों के महत्व को समझाया गया। उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नो-पार्किंग और ओवरटेकिंग जैसे खतरनाक गतिविधियों के प्रति भी सतर्क किया गया। साथ ही बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

# जीविका के 18 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले में तीसरे दिन 20 अप्रैल को नौ प्रखंडों भभुआ, भगवानपुर, चांद, चैनपुर, दुर्गावती, मोहनिया, कुदरा, नुआंव व रामगढ़ में जीविका के 18 ग्राम संगठन में महिला संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किया। कुछ महिलाओं ने सरकार से मिलने वाले लाभ के बारे में भी अन्य महिलाओं को जानकारी दी जबकि कुछ महिलाओं ने अपनी समस्याओं एवं सुझाव को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। जीविका द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मोहनियां प्रखंड की वंदना कुमारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए दीदियों को बताया कि किस तरह से उन्हें मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत मैट्रिक पास करने पर 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई। इंटरनीडिएट पास करने पर 25,000 प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई जिससे वे आगे पढ़ पायी अब उन्होंने बीए की पढ़ाई भी पूर्ण कर लिया है। वंदना ने बताई कि अब उसे 50000 की प्रोत्साहन राशि मिलने वाली है, उससे वे आगे की पढ़ाई करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से उनकी माता के जीविका से जुड़ने के बाद घर में समृद्धि और खुशहाली आयी है। संवाद के दौरान अन्य महिलाओं ने गांव में खेल के मैदान, पुस्तकालय, स्वास्थ्य केंद्र, नाली एवं सड़क निर्माण की मांग की।

## फरार आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**गया (नबिटा सं.)।** जिले के धनगई थाना में दर्ज कांड सं० 114/24, 24.11.2024 धारा 191(2)/191(3)/190/126(2)/ 127(3)/ 103/118(2)/352/351 बीएनएस एंड 27 आर्मस एक्ट में फरार चल रहे प्राथमिकी नामजद अभियुक्त प्रमोद यादव, पे. परशुराम यादव, सा. लौहारी, थाना बाराचट्टी, गौतम यादव, पे. दिलीप यादव, सा. आमुखाप, थाना धनगई, संजय यादव उर्फ संजय टाइगर, पे. जगदीश यादव, सा. लौहारी, वर्तमान पता डोभी, सभी जिला गया के घर पर रविवार को धनगई थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा विधिवत इश्तिहार चस्पा की गई। बताया गया कि गया पुलिस है तैयार, अपराधी करें आत्मसमर्पण, नहीं तो होगी कुर्की और होंगे गिरफ्तार।

# मजदूरी के लिए ले जा रहे 11 बच्चों को आरपीएफ ने कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिले के भभुआ रोड आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाल मजदूरी के लिए ले जा रहे 11 बच्चों को मुक्त कराया है। बच्चों को बाल मजदूरी के लिए मुंबई एवं राजस्थान के शहर जयपुर ले जाया जा रहा था। रेस्क्यू सभी बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई कैमूर को सुपुर्द कर दिया गया है। आरपीएफ के उप निरीक्षक रामजी लाल बुनकर, पीके ओझा एवं अभिषेक कुमार की टीम ने 12987अप सियालदह अजमेर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22307 अप हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान भभुआ रोड स्टेशन पर 11 बच्चों से पूछताछ की गई। रेस्क्यू सभी बच्चों से पूछताछ में आरपीएफ के टीम को पता चला कि वे सब काम करने के लिए अलग-अलग राज्यों राजस्थान के जयपुर और मुंबई ले जा रहे थे। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे 18 वर्ष से कम आयु के हैं और इनमें से कुछ कोलकाता, झारखंड एवं गया के निवासी बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू सभी नाबालिक बच्चों को जीआरपी थाना भभुआ रोड लाया गया। जीआरपी थाना प्रभारी मुन्ना कुमार द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर फोन कर सूचना दी गई। आरपीएफ एवं जीआरपी ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं एवं सत्यापन पूरी करने के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द कर दिया।



# धुसरी पंचायत के वर्तमान मुखिया की मनमानी के विरुद्ध पंचायतवासियों ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिला के अतरी प्रखण्ड अन्तर्गत आनेवाला धुसरी पंचायत के वर्तमान मुखिया बिना ग्राम सभा,आम सभा की बैठक किए ही पंचायत मुख्यालय धुसरी में पंचायत सरकार भवन आई ए पी योजना अंतर्गत निर्मित होने के बावजूद पंचायत वासियों के विरुद्ध अपने जिद में आकर अपने गांव बारा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण करा रही हैं। इस संबंध में धुसरी पंचायत के समाजसेवी मो. जहांगीर आलम तथा आम जनता ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिलाधिकारी गया सहित क्षेत्र के जिला परिषद्, प्रखण्ड प्रमुख, विधायक, सांसद तथा मुख्यमंत्री तक लिखित सूचना 21.2.2025 को ही दे चुके हैं।



पंचायत वासियों के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर जिलाधिकारी, गया ने पत्रांक 1275 के माध्यम से 25.2.25 को जिला पंचायत राज पदाधिकारी को अवगत कराते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी अतरी को आवेदक की उपस्थिति में स्थानीय एवं अभिलेखिय जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। अब इन पदाधिकारियों के आदेश का पालन हुआ या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है।

पंचायत वासियों का कहना है कि यदि स्वतः सरकार की भवन निर्माण की जिला योजना है तो पंचायत मुख्यालय धुसरी में ही क्यों नहीं हो रहा ? पंचायत मुख्यालय की जगह मुखिया के गांव बारा में क्यों निर्माण किया जा रहा है ? पंचायत के मो खुर्शीद अंसारी का कहना है कि भवन निर्माण की अनुमति अंचल अधिकारी ने बिना समझे कैसे दे दी है। वहीं पप्पु अंसारी ने मुखिया पति पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया की जगह मुखिया पति सरयू पासवान को पंचायत चलाने का अधिकार किसने दिया। पंचायत के जोगिंदर सिंह ने बातचीत में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बताया कि हो सकता है मुखिया पति सरयू पासवान ने पंचायत वासियों से अलग-अलग मिलकर लाभुकों को योजना का लाभ देने के नाम पर कुछ हस्ताक्षर करा ग्राम सभा का रूप दे दिया हो जो कहीं से भी उचित नहीं है। वहीं भाजपा के अतरी प्रखण्ड अध्यक्ष तथा बीस सूत्री के उपाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि बिना पंचायत वासियों के बैठक किए ही मुखिया अपने पति के सहयोग से अपने पद का दुरूपयोग कर रही हैं जब पंचायत मुख्यालय में भूमि उपलब्ध है तो किसी दूसरे जगह वो भी रास्ते पर भवन का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। बिहार सरकार 30.8.2022 खण्ड 2 के पारा 3 में स्पष्ट निर्देश है कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत मुख्यालय में ही कराया जाए।

संपादकीय

# हार्वर्ड विवि के साहस को सलाम!

अमेरिका का सबसे प्रतिष्ठित और पुराने हार्वर्ड विवि द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के आगे न झुकने और अपनी शैक्षणिक स्वतंत्रता कायम रखने का फैसला लेकर विवि ने समूचे शिक्षा जगत को सकारात्मक और ठोस संदेश दिया है। हार्वर्ड विवि के ये तेवर दुनिया में ज्ञान और शोध की पवित्रता तथा अपने काम और चिंतन की स्वतंत्रता को ही पुरिपुष्ट करते हैं। हार्वर्ड के इन तेवरों से भारत के विवि को भी काफी कुछ सीखने की जरूरत है, जहां ज्यादातर विवि अब सरकारी एजेंडा चलाने का माध्यम भर बन कर रह गए हैं। गुणवत्तापूर्ण शोध और ज्ञानार्जन अब कल की बात हो चुकी है। अमेरिका में हार्वर्ड विवि की स्थापना 1636 में तब हुई थी, जब अमेरिका ने ब्रिटेन से आजादी भी हासिल नहीं की थी। यह वो समय था जब भारत में मुगल बादशाह शाहजहां का शासन था और जो देश में ताजमहल जैसी अप्रतिम इमारतें तो बनवा रहा था, लेकिन देश में शिक्षा के अनूठे केन्द्र भी खुलें, इसका उसे कोई बोध नहीं था। हार्वर्ड न केवल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थानों में गिना जाता है बल्कि उसके पास सर्वाधिक सम्पत्ति भी है। शुरू में इसका सम्बंध चर्च से था। लेकिन बाद में यह धर्मनिरपेक्ष शिक्षा का वैश्विक केन्द्र बन गया। इस विवि में 2100 से अधिक शिक्षक तथा 21 हजार से अधिक छात्र हैं, जिनमें एक तिहाई विदेशी छात्र होते हैं। हार्वर्ड में प्रवेश और वहां शिक्षा पाना अपने आप में गौरव की बात है। विवि अपना पाठ्यक्रम निर्धारित करता है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के उसके अपने मूल्य हैं जैसे कि अकादमिक स्वतंत्रता, बौद्धिक खोज, चुनौतियों का सामना, सामाजिक दायित्व, गहन अध्ययन, आदि। इस विवि से कई विख्यात हस्तियां निकली हैं। हाल में राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के शैक्षणिक संस्थानों को इजरायल के खिलाफ फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों के कारण संघीय वित्त पोषण में कटौती की धमकी दी है। इनमें हार्वर्ड विवि भी शामिल है। इस विवि में पिछले साल फिलीस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे, जो राष्ट्रपति ट्रंप को नागवार गुजरे थे। अमेरिकी सरकार ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के 2.2 अरब डॉलर (लगभग 18.8 हजार करोड़ रुपये) के ग्रांट्स और कॉन्ट्रैक्ट फ्रीज यानी रोक दिए हैं। साथ ही विवि को टैक्स छूट भी नहीं मिलेगी। इसके पूर्व ट्रंप सरकार ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी, जिसमें कहा गया कि यूनिवर्सिटी मेरिट-बेस्ड एडमिशन और नौकरी देने की प्रक्रिया को अपनाए। यूनिवर्सिटी से ये भी कहा गया कि छात्रों और टीचर्स के बीच विविधता को लेकर जांच करवाई जाए। हार्वर्ड उन स्टूडेंट ग्रुप्स को फंड करना बंद करे, जो आपराधिक गतिविधियों, अवैध हिंसा या उत्पीड़न में शामिल हैं। साथ ही यूनिवर्सिटी को प्रदर्शनों के दौरान फेस मास्क पहनने पर भी रोक लगाई जाए। लेकिन यूनिवर्सिटी ने अपनी नीतियां बदलने से इनकार कर दिया। हार्वर्ड ने ट्रंप प्रशासन की मनमानी का मुखर विरोध करके जता दिया है कि वह ऐसा विवि है जो सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रतिबद्ध है। हार्वर्ड विवि के अध्यक्ष एलन गार्बर ने कहा कि किसी भी सरकार को- चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो- यह तय नहीं करना चाहिए कि निजी विश्वविद्यालय क्या पढ़ा सकते हैं, किसे प्रवेश दे सकते हैं और किसे काम पर रख सकते हैं, और अध्ययन और जांच के किन क्षेत्रों को आगे बढ़ा सकते हैं। हार्वर्ड ने जिन प्रस्तावों को अपनाने से इनकार किया है, उसमें एडमिशन, फैकल्टी की नियुक्ति, छात्रों के आंदोलन और विविधिता से जुड़े नियम शामिल हैं। हालांकि ट्रंप सरकार ने नियमों को नहीं मानने पर हार्वर्ड के अलावा कोलंबिया यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों की भी फंडिंग रोकी है। कई अमेरिकी संस्थान भी इसी तरह के एक्शन का सामना कर रहे हैं।

# शिक्षा बनाम सत्ता-हार्वर्ड की हुंकार

**अमेरिका की राजनीति और शिक्षा प्रणाली के बीच हमेशा एक जटिल रिश्ता रहा है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल (2016-2020) में यह टकराव स्पष्ट और तीव्र रूप में सामने आया। इस टकराव का एक प्रतीकात्मक केंद्र बना - हार्वर्ड विश्वविद्यालय। एक ओर था शताब्दियों पुराना यह प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान, जो अकादमिक स्वतंत्रता, उदार विचार और बौद्धिक विविधता का प्रतिनिधित्व करता है, दूसरी ओर था ट्रंप प्रशासन, जो राष्ट्रवादी राजनीति, संरक्षणवाद और वैचारिक आग्रहों के लिए जाना गया। यह संघर्ष केवल दो संस्थानों के बीच नहीं था, बल्कि यह उस गहराते विभाजन की कहानी है जो आधुनिक लोकतांत्रिक समाजों को प्रभावित कर रहा है।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



शिक्षा केवल ज्ञान का विस्तार नहीं, बल्कि विचारों की आज़ादी और अभिव्यक्ति की निर्भीकता का आधार होती है। जब विचारधाराएँ सत्ता के गलियारों से निकलकर शिक्षण संस्थानों के प्रांगण में हस्तक्षेप करने लगें, तब यह केवल अकादमिक स्वतंत्रता का संकट नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी प्रहार होता है। अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय और ट्रंप प्रशासन के बीच उपजा टकराव इसी विमर्श की परिणति है- जहाँ एक ओर विश्वविद्यालय अपने बौद्धिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर अडिग खड़ा है, वहीं दूसरी ओर एक सत्ता प्रतिष्ठान है जो वैचारिक भिन्नता को सहन करने से इंकार करता है।

इस प्रकरण की जड़ें गहरी हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान हार्वर्ड ने आव्रजन, नस्लभेद, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 नीति जैसे कई मुद्दों पर मुखर विरोध दर्ज कराया। नतीजतन, प्रशासनिक दबाव, अनुदानों में कटौती, और राजनीतिक हमले तेज़ होते गए। हार्वर्ड ने इसे अकादमिक स्वतंत्रता पर हमला माना और न्यायपालिका का रुख किया। इस संघर्ष में केवल एक विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा दांव पर नहीं थी, बल्कि यह सवाल भी था कि क्या शिक्षा की दुनिया राजनीति के हस्तक्षेप से बच पाएगी? अमेरिका की राजनीति और शिक्षा प्रणाली के बीच हमेशा एक जटिल रिश्ता रहा है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल (2016-2020) में यह टकराव स्पष्ट और तीव्र रूप में सामने आया। इस टकराव का एक प्रतीकात्मक केंद्र बना - हार्वर्ड विश्वविद्यालय। एक ओर था शताब्दियों पुराना यह प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान, जो अकादमिक स्वतंत्रता, उदार विचार और बौद्धिक विविधता का प्रतिनिधित्व करता है, दूसरी ओर था ट्रंप प्रशासन, जो राष्ट्रवादी राजनीति, संरक्षणवाद और वैचारिक आग्रहों के लिए जाना गया। यह संघर्ष केवल दो संस्थानों के बीच नहीं था, बल्कि यह उस गहराते विभाजन की कहानी है जो आधुनिक लोकतांत्रिक समाजों को प्रभावित कर रहा है।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय लंबे समय से प्रगतिशील और समावेशी मूल्यों का पोषक रहा है। विविधता, आप्रवासन, पर्यावरण संरक्षण और नस्लीय न्याय जैसे मुद्दों पर इसकी नीतियाँ अकसर रिपब्लिकन नीतियों के विपरीत जाती रही हैं। ट्रंप प्रशासन की 'America First' नीति, शरणार्थियों पर प्रतिबंध, मुस्लिम देशों से यात्रा निषेध, और DACA (Deferred Action for Childhood Arrivals) जैसे कार्यक्रमों को समाप्त करने की कोशिशों के विरुद्ध हार्वर्ड लगातार मुखर रहा।

इस विरोध की परिणति कई कानूनी लड़ाइयों में हुई। हार्वर्ड ने ड्रीमर्स के हक़ में अदालत में मुकदमे दायर किए। 2020 में, जब ट्रंप प्रशासन ने एक नीति लाई जिसके तहत यदि विदेशी छात्र ऑनलाइन कक्षाएं ही ले रहे हों तो उन्हें अमेरिका में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी, तो हार्वर्ड और MIT ने इस नीति के खिलाफ अदालत का दरवाज़ा खटखटाया और जीत हासिल की।

ट्रंप प्रशासन की उच्च शिक्षा नीति का केंद्र था 'देशभक्ति शिक्षा' को बढ़ावा देना और 'वामपंथी प्रचार' को रोकना। ट्रंप ने बार-बार विश्वविद्यालयों को 'उदारवाद का गढ़' कहकर उनकी आलोचना की, और फ्री स्पीच के नाम पर अक्सर घृणा और विभाजन को वैध ठहराने की कोशिश की। इस दौरान शिक्षा विभाग ने कई बार विश्वविद्यालयों के वित्तीय स्रोतों, खासकर विदेशी फंडिंग, पर प्रश्नचिह्न खड़े किए। हार्वर्ड को चीन से वित्तीय सहयोग को लेकर जांच का सामना करना पड़ा। यह राजनीतिक दबाव न केवल संस्थानों की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है, बल्कि छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक भय का वातावरण भी निर्मित करता है। वैज्ञानिक अनुसंधानों में बाधाएँ, सामाजिक विज्ञानों में वैचारिक जांच, और विदेशी छात्रों को लेकर आशंकाओं ने अकादमिक दुनिया को अस्थिर कर दिया।

ट्रंप प्रशासन की इन नीतियों के खिलाफ हार्वर्ड ने केवल विरोध दर्ज नहीं किया, बल्कि उसे संस्थागत रणनीति में भी बदला। विश्वविद्यालय ने विविधता और समावेशिता को और सशक्त करने की दिशा में प्रयास किए। उदाहरणस्वरूप, हार्वर्ड ने अपने विभिन्न विभागों में नस्लीय न्याय के अध्ययन को प्राथमिकता दी, और अकादमिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए नीतियाँ बनाईं।

हार्वर्ड ने ट्रंप प्रशासन की विदेशी छात्र विरोधी नीति को चुनौती देते हुए अदालत में दलील दी कि इस तरह की नीतियाँ न केवल अमानवीय हैं, बल्कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों की वैश्विक प्रतिष्ठा और अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुँचाती हैं। इस मामले में ट्रंप प्रशासन को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। यह अकादमिक स्वतंत्रता की एक बड़ी जीत थी। यह संघर्ष केवल दो संस्थाओं का नहीं था; यह दो विचारधाराओं, दो दृष्टिकोणों, और दो अमेरिका का टकराव था। एक ओर वह अमेरिका जो वैश्विकता, विविधता और मुक्त चिंतन को महत्व देता है; दूसरी ओर वह जो राष्ट्रवाद, नियंत्रण और संदेह को प्रमुख मानता है। ट्रंप के दौर में शिक्षा को भी एक युद्धभूमि बना दिया गया, जहाँ ज्ञान की स्वतंत्रता और राजनीतिक नियंत्रण आमने-सामने थे। हार्वर्ड और अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों ने इस टकराव में संविधान, स्वतंत्रता और अकादमिक आदर्शों की रक्षा की। उन्होंने दिखाया कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना का प्रशिक्षण भी है।

भारत जैसे देश, जहाँ शिक्षा व्यवस्था अकसर राजनीतिक हस्तक्षेपों से प्रभावित होती है, हार्वर्ड बनाम ट्रंप प्रशासन की यह गाथा एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। यह बताती है कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, उनकी बौद्धिक निर्भीकता, और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता कैसे सत्ता के दमनकारी रूझानों का मुकाबला कर सकती है। भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए यह प्रेरणास्पद है कि वे केवल शिक्षण संस्थान न बनें, बल्कि समाज के विवेक और नैतिकता के प्रहरी भी बनें। जब शिक्षण संस्थान सत्ताधारी शक्तियों के दबाव में आ जाते हैं, तो लोकतंत्र की आत्मा खोने लगती है। आज जब वैश्विक स्तर पर दक्षिणपंथी विचारधाराएँ पुनर्जीवित हो रही हैं, तब शिक्षा को राजनीति से बचाकर रखना एक चुनौती बन गया है। हार्वर्ड और अन्य विश्वविद्यालयों ने यह साबित किया कि शिक्षा केवल सत्ता के उपकरण नहीं बन सकती। यह ज्ञान, संवाद और आलोचना का क्षेत्र है और लोकतंत्र की रक्षा की पहली पंक्ति।

आगे के लिए यह जरूरी है कि सरकारें शिक्षा की स्वायत्तता को सम्मान दें, शोध की स्वतंत्रता को बाधित न करें, और अकादमिक संस्थानों को वैचारिक प्रयोगशाला न बनाएं। वहीं विश्वविद्यालयों को भी चाहिए कि वे केवल विरोध न करें, बल्कि समाज में समावेशिता, संवेदना और सत्य के प्रति प्रतिबद्धता को मज़बूती से पोषित करें।

हार्वर्ड बनाम ट्रंप प्रशासन का यह अध्याय इस बात का प्रमाण है कि जब शिक्षा संस्थान अपने आदर्शों पर डटे रहते हैं, तो वे सत्ता से भी टकरा सकते हैं। यह संघर्ष इस बात का साक्षी है कि अकादमिक स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है — सत्य को खोजने, असहमति को पोषित करने, और लोकतंत्र को जीवित रखने की जिम्मेदारी। आज जब पूरी दुनिया 'सच' को 'राष्ट्रहित' से, 'असहमति' को 'देशद्रोह' से और 'स्वतंत्रता' को 'अराजकता' से भ्रमित करने पर तुली है, तब हार्वर्ड जैसी संस्थाओं की भूमिका और भी निर्णायक हो जाती है। शिक्षा का काम सत्ता के इशारे पर चलना नहीं, बल्कि सत्य के मार्ग पर टिके रहना है, चाहे राह कितनी भी कठिन क्यों न हो।

अध्यात्म

## कर्म करने वालों के लिए हर दिन शुभ है



जो लोग मेहनत करते हैं, जिन्हें अपने कर्मों पर भरोसा है, वे लोग अंधविश्वास के चक्करों में नहीं फंसते हैं। ऐसे लोगों के लिए हर दिन, हर समय शुभ रहता है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा एक ऐसे राजा की है जो ज्योतिषी पर अंधा विश्वास करता था। राजा सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक हर काम मुहूर्त देखकर ही करता था। उनका ज्योतिषी इस बात का फायदा उठता था और राजा से धन लूटता रहता था। राज्य के मंत्री भी इस कारण परेशान थे। एक दिन राजा और ज्योतिषी राज्य का भ्रमण कर रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें किसान बैलों के साथ दिखाई दिया। ज्योतिषी ने किसान से कहा कि मूर्ख आज जिस दिशा में दिशाशूल है, तू उसी दिशा में जा रहा है। वापस लौट जा, वरना तेरा नुकसान होगा। किसान ने कहा कि गुरुजी मैं तो सामान्य किसान हूं। दिशाशूल नहीं जानता और मेरा खेत इसी दिशा में है। मैं रोज वहां जाता हूं। अगर कुछ बुरा होना होता तो कब से हो जाता। ये बात सुनकर ज्योतिषी को कुछ समझ नहीं आया कि वह क्या बोले। फिर थोड़ा सोचकर उसने कहा कि लगता है तुम्हारे हाथ की कोई रेखा बहुत बलवान है, इस वजह से तुम्हें लाभ मिलता है। तुम अपना हाथ मुझे दिखाओ। किसान ने ज्योतिषी की ओर हाथ बढ़ा दिया, लेकिन हथेली नीचे की ओर रखी। ज्योतिषी चिढ़कर बोला कि मूर्ख हथेली ऊपर की ओर से देखी जाती है। तूझे इतना भी नहीं मालूम। राजा ये सब देख रहे थे। किसान ने कहा कि गुरुजी मैंने आज तक किसी के सामने हाथ नहीं फैलाए और ना ही मैं हस्तरेखा, ज्योतिष को मानता हूं। मुझे मेरी मेहनत पर भरोसा है। ज्योतिष की शुभ-अशुभ बातों पर वही भरोसा करता है, जिसे अपने कर्मों पर भरोसा नहीं है। जो कर्महीन है, वही अंधविश्वास के चक्कर में फंसता है। ये बातें सुनकर राजा की बुद्धि जाग गई। उसे समझ आ गया कि वह भी अंधविश्वास के चक्कर में फंसा हुआ है। इस घटना के बाद से राजा भी कर्म पर भरोसा करने लगा और ज्योतिषी के चक्कर से बच गया।

# खेती में दलाली का परिणाम है पराली

**पराली जलाने से ज़मीन की सतह पर रहकर उसे उर्वर बनाने वाले तत्व, कीड़े और बैक्टीरिया भी जलकर मर जाते हैं। इसीलिए ज़मीन ज्यादा खाद-पानी माँगती है। कुल मिलाकर मशीनों से होने वाली फ़सल कटाई ही पराली के पाप की जड़ है। बड़े किसान आज भी खेतों पर हँसिए की वापसी का संकल्प लेकर हज़ारों हाथों को काम दे सकते हैं और पराली जलाकर प्रदूषण फैलाने के पाप से बच सकते हैं। फिर देश की राजधानी का दम भी घुटने से बच सकता है। मुझे याद है कि हमारी पुश्तैनी ज़मीन पर फ़सल काटने वाले लोग अपने हँसिए लेकर आते थे। वे खेतों के करीब ही डेरा डाल लेते। वहीं बैगन का भुरता और गक्कड़ बनाकर खाते। उनका पूरा परिवार ही फ़सल कटैया की भूमिका निभाकर रोजी कमाता था। खेत कटाई के समय गिर गयी गेहूँ की बालें बीन लेता था। उनके हाथ और हँसिए उनके साल भर के भोजन का इंतज़ाम कर लेते थे। उन्हें सरकार के मुफ़्त अनाज के भरोसे नहीं रहना पड़ता था।**

ध्रुव शुक्ल



हरित क्रांति के नाम पर भारत की खेती की ज़मीन को जोतने, बीज बोने और फ़सल काटने के लिए मशीनों के हवाले किया जाता रहा है। वैश्विक दलालों ने देश के पारंपरिक बीज बदल दिए। गोधन की नस्लें बदल दीं। हमारे किसान खेती को लोभ के धंधे में बदलने पर राज़ी होते गये। इस पाप में पिछले पचास साल से राजनीति और बाज़ार शामिल रहे हैं। देश के ज़मींदार किसानों ने इसे स्वीकार करके खूब कमाई की है और ज़मीनों में ज़हरीले खाद डालकर उन्हें बाँझ बनाने में भी कोई संकोच नहीं किया है। सरकारें रासायनिक खाद पर सब्सिडी के लिए खजाना खाली करती रहीं, आज भी कर रही हैं। अब पारंपरिक आर्गेनिक खेती का बड़े किसानों के साथ सौदा करके बाज़ार ही उसे लाभ के धंधे में बदल रहा है। आज भी छोटे किसानों के दुख किसी को नहीं दिख रहे। उन्हें दी जाने वाली ख़ैरात को सम्मान निधि ज़रूर कहा जा रहा है।

इससे पहले देश के किसान बैलों और हल का उपयोग जोतने–बोने में करते थे। गोधन से खूब गोबर खाद उपलब्ध होती थी जो खेतों को सहज ही उर्वर बनाये रखती थी। जब फ़सल पक जाती थी तो पूरे देश में गाँव–गाँव से अपने हँसिए लेकर फ़सल काटने वाले लाखों लोग खेतों में फैल जाते थे। हाथों में थमें हँसिए की ख़ासियत है कि वह गेंहूँ और दूसरी सभी फ़सलों को पक जाने के बाद जड़ के बहुत करीब से काटता है। ज़मीन पर बड़े डण्ठल छूटते ही नहीं और हज़ारों हाथों को काम भी मिलता है और खूब भूसा पैदा होता है जो अनेक पालतू–दुधारू पशुओं की भूख बुझाता है। आजकल बाज़ार ने पशु आहार को भी धंधा बना लिया है। जब मशीनें फ़सल काटती हैं तो बड़े–डण्ठल खेतों में छोड़ देती हैं। ये डण्ठल ही तो पराली हैं जिन्हें जलाकर ज़मीन अगली फ़सल के लिए तैयार करना पड़ती है।

पराली जलाने से ज़मीन की सतह पर रहकर उसे उर्वर बनाने वाले तत्व, कीड़े और बैक्टीरिया भी जलकर मर जाते हैं। इसीलिए ज़मीन ज़्यादा खाद–पानी माँगती है। कुल मिलाकर मशीनों से होने वाली फ़सल कटाई ही पराली के पाप की जड़ है। बड़े किसान आज भी खेतों पर हँसिए की वापसी का संकल्प लेकर हज़ारों हाथों को काम दे सकते हैं और पराली जलाकर प्रदूषण फैलाने के पाप से बच सकते हैं। फिर देश की राजधानी का दम भी घुटने से बच सकता है।

मुझे याद है कि हमारी पुश्तैनी ज़मीन पर फ़सल काटने वाले लोग अपने हँसिए लेकर आते थे। वे खेतों के करीब ही डेरा डाल लेते। वहीं बैगन का भुरता और गक्कड़ बनाकर खाते। उनका पूरा परिवार ही फ़सल कटैया की भूमिका निभाकर रोजी कमाता था। खेत कटाई के समय गिर गयी गेंहूँ की बालें बीन लेता था। उनके हाथ और हँसिए उनके साल भर के भोजन का इंतज़ाम कर लेते थे। उन्हें सरकार के मुफ़्त अनाज के भरोसे नहीं रहना पड़ता था। काश हमारी सरकारें और किसान खेती और लोगों की भलाई के इस रास्ते पर फिर लौट सकें। हमारे खेतों को सदियों से लोकगीत और बैलों के गले में बँधी घण्टियों की आवाज़ ही अच्छी लगती रही है। वे मशीनों की खड़–खड़ सुनकर ऊब गये हैं। पराली के साथ खेतों की जलती हुई उर्वर माटी की पीड़ा को कोई समझ क्यों नहीं रहा?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
प्रतिस्पर्धा में विजय प्राप्त हो सकती है। ललित कला को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण भाव में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
व्यापारी वर्ग को कारोबार के नये अनुबन्ध करने पड़ सकते हैं। ऋण से मुक्ति मिलने की प्रबल सम्भावना है। शरीर में चुस्ती और स्फूर्ति रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में बेहतरीन तालेमल रहने वाला है। दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कठिन कार्य भी सरलता से पूर्ण कर लेंगे। समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**कर्क**
व्यापार से जुड़े मामलों के लिये समय काफी शुभ रहने वाला है। मौसम में आ रहे परिवर्तन को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कन्जूसी न करें।

**सिंह**
आज जल्दी में सभी कार्य निपटाने का प्रयास करेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे। साझेदारी के प्रोजेक्ट्स से आपको लाभ मिलेगा।

**कन्या**
सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता बढ़ सकती है। किसी परिजन पर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। लापरवाही भरे रवैये के कारण कार्य बिगड़ सकते हैं।

**तुला**
धार्मिक मामलों में आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। पूर्व में लिये गये निर्णय आपके लिये लाभकारी सिद्ध होंगे। बनते कार्यों में विघ्न आ सकते हैं।

**वृश्चिक**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है।

**धनु**
धर्म–कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेंगे। मित्रों के साथ आप किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे।

**मकर**
आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। शेयर बाजार से आपको काफी अच्छा धन लाभ मिल सकता है। अनुभवी लोगों से सहायता अवश्य लें।

**कुंभ**
धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। किसी भी कार्य को बेमन से न करें। बौद्धिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी बातों और विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें।

**मीन**
पुराने लोन को लेकर समस्या हो सकती है। अपनी बातों को लेकर अड़ियल न बनें। ध्यान और योग में आप स्वाभाविक रूप से रुचि लेंगे। विरोधियों से सम्भलकर रहें।

# बाइक पार्क करने के विवाद में अपराधियों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

## परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के मोहम्दपुर एनएच 31 निजी क्लिनिक पर शनिवार की संध्या कुछ लोग मारपीट करने पहुंचे। मारपीट के बाद युवक का घर लौटने के क्रम में अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शरेआम हुई गोली मरकर हत्या से शहर में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने आक्रोश में डॉक्टर के क्लिनिक पर जमकर बबाल काटा। मारपीट भी की। गोली मारने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि किस तरह से अपराधियों ने एनएच 31 पर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के अशोक नगर पोखरिया निवासी शिवन महतो के बेटे अजीत महतो 36 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप चर्चित डॉक्टर प्रभाकर ठाकुर पर लगा रहे है। इधर चिकित्सक ने घटना के संबंध में बताया कि मृतक का भाई अपनी बाइक महमदपुर में डॉक्टर प्रभाकर ठाकुर के क्लीनिक पर खड़ा कर कहीं चला गया। शाम में वापस आया तो बाइक वहां नहीं थी। इससे आक्रोशित मृतक अजित क्लिनिक स्टाफ से मारपीट किया। पुलिस में शिकायत करने पर अजीत के भाई छोटे महतो को पुलिस पकड़ कर ले गई। शनिवार को उसे कोर्ट से बेल मिल गया। इधर शाम में अजीत महतो अपने परिजनों और रिश्तेदार सहित 10-12 लोगों के साथ डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंची और अजीत एवं उसके पिता सहित सभी लोगों को समझा-बुझाकर घर जाने को कहा। वह लोग घर के लिए चले ही थे कि कुछ दुरी पर एनएच -31 पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली चलते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसमें तीन गोली अजीत के पेट और पैर में लग गई। गोली लगते ही वह गिर गया। इसके बाद बाइक सवार बदमाश भाग गए। इस संबंध में सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया कि युवक को अस्पताल के पास विवाद के बाद गोली मारकर हत्या की गई है। सीसीटीवी फुटेज भी सामने आयी है। उसकी जांच की जा रही है। परिजनों ने डॉक्टर पर आरोप लगाया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# 14 प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महिला संवाद के तीसरे दिन रविवार को जिले के विभिन्न 14 प्रखंडों के 32 स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सदर एवं बछवाड़ा प्रखंड में 4-4 स्थानों पर एवं नावकोठी, साहेबपुरकमाल, बलिया, वीरपुर, तेघड़ा, शामहो, मटिहानी, बखरी, भगवानपुर, खोदावंदपुर, छौड़ाही एवं चेरियाबरियारपुर प्रखंडों के 2-2 जीविका महिला ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में 8 हजार से ज्यादा जीविका एवं गैर जीविका दीदियों ने भाग लिया। जिले में अबतक 80 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा चुका है। जिले में कुल 1885 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम निर्धारित है। आयोजन में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया और राज्य सरकार की तारीफ भी की। मौके पर 3 फिल्मों का भी प्रदर्शन प्रचार वाहनों द्वारा किया गया। इन फिल्मों में राज्य सरकार की विभिन्न गतिविधियां, जीविका एवं महिला से जुड़ी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने महिला संवाद के उद्देश्यों की चर्चा की एवं बताया कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि समाज की अंतिम महिला भी सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हो। संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपनी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं, अपेक्षाओं को भी सूचीबद्ध करवाया। आयोजन में जिला एवं प्रखंड प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है।4 प्रखंडों गढ़पुरा, मंसूरचक, बरौनी एवं डंडारी में संवाद कार्यक्रम अगले चरण में किया जाएगा।

## एक नजर

### एसडीएम के समक्ष धरना आज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर के रजक टोला में सोमबार को अनुमंडलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शिवराज रजक ने की। विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के इशारे पर स्थानीय मुलाजिम कार्य करते हैं। 14 अप्रैल को बखरी में अंबेदकर की प्रतिमा पर दल विशेष का झंडा फहराया गया। संविधान निर्माता डा बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर किसी खास दल के नहीं थे। इनके जयंती पर दल विशेष का झंडा फहराकर महादलित का अपमान किया गया। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकार के इशारे पर विहिप तथा बजरंग दल द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। इसका प्रतिकार करने पर स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी उसका हिमायती बनकर उसे संरक्षण दे रही है। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि समाज में अगडा पिछड़ा, दलित, महादलित सभी एक साथ भाईचारा के साथ रहते आ रहें हैं। भाजपा इसे अलग अलग बांटकर सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की कुत्सित कोशिश कर रही है। बाबा साहेब की जयंती पर दल विशेष का झंडा फहराकर महादलित समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाया है। इस कारनामे से महादलित समुदाय मर्माहत है। इनके साजिश को नाकामयाब करने के लिए 21 अप्रैल के प्रदर्शन में चट्टानी एकता का परिचय देने का आह्वान किया। मौके पर चंद्रभूषण चौधरी, सियाराम महतो, मो नसीम रब्बानी, मो नाजिम, रोहन रजक, मो अबुल, पंकज रजक, रघुपति रजक, चंद्रशेखर रजक कलेशर तांती, अनिल महतो, रामबली रजक, अर्जुन पासवान सहित कई अन्य ने शिरकत किया ।

### मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर के वार्ड संख्या 08 के सड़क दुर्घटना में युवक मंटून सहनी की मौत शुक्रवार की रात में हो गई। इससे संपूर्ण मुहल्ले में मातमी सन्नाटा पसर गया। विधायक सूर्यकांत पासवान मृतक के आवास पर पहुँच कर पीड़ित प रिवार के परिजनों से मुलाकात की।मृतक की पत्नी मीरा देवी, पुत्र राजेश, गोलू, पुत्री निकिता, भाई विनोद सहनी, लव सहनी, कुश सहनी आदि से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी लिया। घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में हमसभी पीड़ित परिवार के साथ है। इनके सुख दुख का ख्याल रखना हम सभी का कर्तव्य है।पीड़ित स्वजनों को धीरज बंधाया। मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। मौके पर चंद्र भूषण चौधरी, संजीव कुमार, अर्जुन पासवान, शिवराज रजक, रोहन रजक, मो नाजिम, मो नसीम रब्बानी आदि मौजूद थे।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पश्चिमी पंचायत में निधि ग्राम संगठन, धरती ग्राम संगठन के तत्वावधान में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये गए कार्यो के संबंध में जानकारी दी गई। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाओं में आर्थिक समृद्धि आई है। हर क्षेत्र में महिला स्वावलंबी हुई हैं तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं।तभी तो महिला संवाद में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी हो रही है।महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की पहल का सार्थक प्रभाव समाज में दिख रहा है। मौके पर सीसी दुलार चंद्र राम, रंजू कुमारी,प्रखंड मेंटर ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक रूम कुमारी के अलावा बरखा, रीना, रेणु, कुन्दन कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, कविता कुमारी, छोटी कुमारी ने कंचन कुमारी सीमा मीरा देवी,गीता देवी, पूजा देवी, विदुत्मा देवी, जुली देवी, तुलसी देवी, रूबी, सरस्वती, छोटी सहित काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत किया ।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विष्णुपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 117 पर समारोह पूर्वक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई। इसका उद्घाटन सीडीपीओ मोनिका रानी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न मोटे अनाज से तैयार रिसेपी एवं अन्य वस्तुओं के द्वारा तैयार किये गये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उसने बताया कि लोगों के भोजन की थाली से मोटे अनाज गायब हो गये हैं। मोटे अनाज से लोगों के शरीर में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन सहित अन्य पोषक तत्वों की कमी हो गयी है। इस कमी के कारण अनेक प्रकार के रोगों से प्रभावित होकर अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहें हैं। इन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु इन अनाजों को शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्रों के लाभुक सहित अन्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भोजन में इन अनाजों को शामिल कराये जाने की अपील की।

### महिला ने फांसी लगा दी जान

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना तेलमर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़िया गांव की है। मृतिका की पहचान भेड़िया गांव निवासी चंद्रमणि पासवान की पत्नी सुष्मिता देवी (22) के रूप में की गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है। घटना शनिवार की देर शाम हुई है। मृतिका के दादा कैलाश भगत ने बताया कि उनकी पोती पर भूत-प्रेत का साया था। पहले भी एक दो बार उसने आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन घर में मौजूद सदस्यों के कारण हादसा टल गया था। डॉक्टर से लेकर ओझा तक से इलाज कराया गया था।

# शुरुआती थेरेपी से बदल सकती है स्पेशल बच्चों की जिंदगी : ज्योति दास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के अनीशाबाद स्थित द होप संगठन ने 20 अप्रैल को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें ऑटिज्म, एडीएचडी, सेरेब्रल पाल्सी और डाउन सिंड्रोम जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। शिविर का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहु, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, बिहार महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष दिलमणि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम मे डॉ शम्स आलम (वरिष्ठ ऑक्यूपेशनल चिकित्सक), डॉ नौमान परवेज - (पी एम सी एच पटना), डॉ दिव्या ठाकुर (मनोचिकित्सक), डॉ अर्पणा कुमारी (मनोचिकित्सक, जे डी वीमेन्स कॉलेज), डॉ आशीष, वार्ड पार्षद हरे राम समाजसेवी सह बिल्डर सतीश कुमार बबलू अन्य जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहे। द होप की संस्थापक ज्योति दास ने कहा, ्रविशेष बच्चों के लिए जागरूकता और शुरुआती इंटरवेंशन जरूरी है। अगर सही समय पर सही थेरेपी मिले, तो ये बच्चे भी समाज में अपना स्थान बना सकते हैं. हमें इन्हें बोझ नहीं, बल्कि अवसर समझना होगा. अभिभावकों से विशेष अपील की गई कि वे अपने ऐसे बच्चों को स्कूल और समाज से अलग न करें. सरकार और समाज की ओर से अब ऐसे बच्चों के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं. जरूरी है सिर्फ एक कदम आगे बढ़ाने की।

# पीएम के आगमन को लेकर एनडीए की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** अगामी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झंझारपुर आगमन एवं वहां आयोजित जन सभा को सफल बनाने और उस सभा में समस्तीपुर से व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने केलिए डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि के अतिथि गृह में रविवार को एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष रंधीर कुमार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष (उत्तरी) रंजीत शर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से उक्त जनसभा में प्रखण्ड से बडी संख्या में लोगों शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिए संसाधन की व्यवस्था, पूसा से निकलने का समय, कार्यकर्ताओं के भोजन की व्यवस्था, निर्धारित अवधि में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने समेत अन्य बिंदुओं को लेकर गहन मंथन किया गया। साथ ही कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफलता के लिए कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारी तय की गई। अंतिम रूप से बैठक में कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से करीब तीन सौ वाहन से कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि कार्यकर्ता ही एनडीए की ताकत है और इसी कारण देश का सबसे मजबूत गठबंधन है एनडीए। पीएम मोदी जी व मुख्यमंत्री नितीश जी के प्रति लोगो का प्यार चरम पर है। सभी अपने नेता को देखने व सुनने के लिए उत्सुक है। जरूरत है उन्हें व्यवस्थित व सम्मानजनक तरीके से ले जाकर सकुशल घर तक पहुंचा देने की। इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। मौके पर चितरंजन राय, बालेश्वर राय, ताराचंद मेहता, राधा देवी, पुर्व मंडल अध्यक्ष ध्रुव पाठक, पुर्व प्रखण्ड प्रमुख सह जिला पार्षद संजय कुमार सिंह, जदयू नेता सचिन कुमार जायसवाल, पप्पू कुमार, अभिराम ठाकुर, आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 4 मई को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन राज्य के मेधावी छात्र-छात्राओं हेतु एक बार फिर एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना द्वारा लगातार चौथे वर्ष अपने सभी संस्थाओं में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम (नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम) के आयोजन की घोषणा की गयी थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जा रही है। यह कार्यक्रम नर्सिंग, फार्मेसी, पारामेडिकल, आईटी, और प्रबंधल कोसों में प्रवेश हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा (नेशनल स्कॉलरशिप एंट्रेंस एग्जामिनेशज) का आयोजन होगा। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 से बढ़ाकर 04 मई 2025 कर दी गई है. एडमिट कार्ड जारी करने की तिथि 23 अप्रैल 2025 से बढ़ाकर 09 मई 2025, प्रवेश परीक्षा की तिथि 27 अप्रैल 2025 से बढाकर 11 मई 2025, परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि 13 मई 2025 से बढाकर 24 मई 2025 एवं दस्तावेज सत्यापन और नामांकन हेतु साक्षात्कार 19 मई 2025 से प्रारंभ होने के जगह अब 02 जून 2025 से प्रारंभ होगा। इस बाबत जानकारी देते हुए एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, के चेयरमैन एसके मंडल ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल योग्य छात्रों को उनकी शिक्षा के सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करता है. बल्कि नर्सिंग, फार्मेसी, पारामेडिकल, आईटी और प्रबंधन के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह परीक्षा राज्य के विभिन्न शहरों से छात्रों को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं। चयनित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी, जो उनकी शैक्षिक और आर्थिक चुनौतियों को कम करने में मदद करेगी। संस्थान द्वारा संचालित सभी संस्थानों के नामांकन कार्यक्रम की तिथियां अलग-अलग घोषित की जाएंगी। आवेदन हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएँ एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की आधिकारिक वेबसाइट www.skmgi.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया सरल और डिजिटल है, जो छात्रों को बिना किसी परेशानी के आवेदन करने की सुविधा प्रदान करती है। श्री मंडल ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएँ एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित सभी संस्थानों में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण प्रतिभा केलिए अवसर सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यक्रम हमारी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है कि हर छात्र को उसकी योग्यता के आधार पर समान अवसर मिले। विदित हो कि एस0 के0 मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स, द्वारा संचालित विद्यापति इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल साइंसेज, सिंधिया स्खुर्द, समस्तीपुर, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ आईन्टी एण्ड मैनेजमेंट, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पश्चिमी पटेल नगर, पटना, सौम्या कृष्णा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल, पश्चिमी पटेल नगर, पटना, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मुरलीगंज, मधेपुरा एवं कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज, रामबाग, पूर्णियाँ सहित सभी संस्थान नर्सिंग, पारामेडिकल, फार्मेसी एवं आईटी मैनेजमेंट के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने वाले में बिहार में श्रेष्ठ संस्थान माने जाते है। संस्थान के अध्यक्ष एसके मंडल ने जानकारी दी कि हमारे सभी महाविद्यालय सभी सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त है। विशेष जानकारी के लिए 0612-2283169, 9771347996, 9341072401 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रशिक्षण में कुशल उद्यमी बनने के सिखाए गए गुर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, उद्यमिता विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का.ना. सिंह राजकीय पोलीटेकनिक, कॉलेज समस्तीपुर में प्रिंसिपल आफताब अंजुम के मार्गदर्शन में समारोह पूर्वक सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर आशा संस्था के सचिव अमित कुमार वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को कुशल उद्यमी बनने का हूनर सिखलाया गया। साथ ही सरकार के द्वारा दिए जाने वाले अनुदानों और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री वर्मा ने कहा कि युवाओं को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षकों ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के विभिन्न आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, टी पी ओ नेहा कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य आफताब अंजुम ने किया।

# जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल में 1800 से ज्यादा कर्मचारियों को दिया गया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में सप्ताहभर चलने वाले फायर सेफ्टी कार्यक्रम के तहत 1800 से अधिक कर्मचारियों को आग से निपटने की जानकारी दी गई. ''जानकारी ही बचाव है'' की तर्ज पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने फायर सेफ्टी को अनिवार्य प्रशिक्षण के रूप में लागू किया है। इस दौरान हॉस्पिटल में फायर ड्रिल, अग्निशमन यंत्रों की प्रदर्शनी, जागरूकता मार्च और फुल एक्शन ड्रिल्स आयोजित की गईं. फायर ड्रिल में आग की स्थिति का अभ्यासिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें आग बुझाने के यंत्रों के उपयोग, बचाव तकनीकों और आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया की समीक्षा की गई। हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय अग्निशमन, फायर अलार्म और स्मोक एग्जॉस्ट सिस्टम जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं मौजूद हैं. साथ ही, वाटर कर्टेन सिस्टम और फायर डोर के माध्यम से आग के फैलाव को रोकने की व्यवस्था की गई है। जयप्रभा मेदांता की 12 सदस्यीय फायर सेफ्टी टीम 24 घंटे सेवा में तत्पर रहती है. मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रविशंकर सिंह ने बताया कि अस्पताल समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** भटगामा स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में मिथिला सेवी आदित्य नारायण मिश्र के पांचवें पुण्यतिथि पर सम्मान दिवस समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन शिक्षाविद् दिलीप कुमार चैधरी की अध्यक्षता एवं प्रो. पी.के. झा प्रेम के संचालन में एवं वरिष्ठ पत्रकार चांद मुसाफिर के संरक्षण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर सभी सम्मानित अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। तदुपरांत आगत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों का मिथिला परम्परा के अनुसार पाग, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र तथा मोमैटों भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मिथिला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए मिथिला सेवी डॉ सत्यनारायण महतो, शिक्षा विद् दिलीप कुमार चैधरी, पण्डित विजय शंकर झा, मोटीवेटर प्रो पीके झा प्रेम, समाजसेवी द्वय विकास चन्द्र मिश्र तथा मनीष कुमार झा को आदित्य नारायण मिश्र स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड से डॉ कृष्ण मुरारी झा तथा मुम्बई से सुमित सुमन तथा सीने अभिनेता अमिय कश्यप को भी पाग अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक विकास वैभव ने सैकड़ों प्रतिभागियों को मोटीवेट करते हुए कहा कि अगर पूर्ण संकल्पित भाव से प्रतिबद्धतापूर्वक प्रयास करें तो एक दिन सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। आगे उन्होंने कहा कि जहां संभावनाएं नहीं दिखती, वहीं सब कुछ छुपा होता हैं। इस दौरान श्री वैभव ने उपस्थित छात्र छात्राओं के शंका का समाधान भी किया। पत्रकारों के प्रश्न का जवाब देते हुए उन्हेंाने बेबाकी से कहा कि राजनीति में पढ़ें लिखे की दिलचस्पी का लुप्त होना या कहें उनकी उपेक्षा किया जाना राजनीतिक सुचिता के पतन का कारण है। सुशिक्षित लोगों को राजनीति में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के मनीष कुमार, प्रभात कुमार, प्रो नर नारायण अवधेश, डॉ राजकुमार, डॉ ईश्वर करुण, सतीश चंद्र झा, डॉ परमानन्द लाभ, आदि उपस्थित थे।

# शार्टकट से कभी नहीं मिलती है सफलता : संजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में रविवार को 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत यहां की छात्रा रतन प्रिया और छवि कुमारी के द्वारा स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण देते हुए संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करना ही होगा। उन्होंने कहा कि जो छात्र कठिन परिश्रम करेगा वह निश्चित रूप से सफल होगा। मुख्य अतिथि डक्टर नलिनी रंजन सिंह ने कहा कि कंप्यूटर सीखने की कोई उम्र नहीं होती। मैंने 60 वर्ष की उम्र में कंप्यूटर सीखा। चिकित्सकों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण रामबाण औषधि की तरह है। प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन मारूति नंदन ने कहा कि 28 वर्षों का सफर आसान नहीं होता है। संस्थान के निदेशक, सभी शिक्षकों एवं छात्रों का परिश्रम की वजह से आज यह संस्थान यहां तक पहुंचा है। विकास विद्यालय के निदेशक राज किशोर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण तो हर जगह दिया जाता है किंतु यहां प्रशिक्षण के साथ-साथ एक मुकम्मल इंसान भी बनाने का प्रयास किया जाता है।दंत चिकित्सक डा. मुरारी मोहन ने कहा कि इस संस्थान से मेरा 20 वर्षो का जुड़ाव रहा है। निदेशक एवं उनकी पूरी टीम का मेहनत सराहनीय है। पूर्व वार्ड पार्षद ब्रजेश कुमार प्रिंस ने कहा कि आज के युग में आप कंप्यूटर प्रशिक्षण लेकर ही पूर्ण रूप से साक्षर कहला सकते है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वार्ड पार्षद गौरव सिंह राणा ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अजीत चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कुमार सहित सैकड़ो से अधिक छात्र एवं छात्र उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बीएलओ को दिया जाएगा दो दिवसीय प्रशिक्षण

**चकिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची को सशक्त व पारदर्शी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिल्ली के द्वारिका स्थित आईआईआईडीईएम में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। आगामी 23 व 24 अप्रैल को होने वाले प्रशिक्षण में जिले के प्रत्येक विधानसभा से एक-एक मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) को नामित किया गया है। जिसमें पिपरा विधानसभा-17 से चकिया नगर परिषद स्थित कुंअवा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू के शिक्षक सह मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) मो जफीर सुभानी को नामित किया गया है व अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने के लिए निर्देश दिया गया है।

### महिला सहित चार बेटियों को पीटा, पांच नामजद

**पीपराकोठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर मठगोपाल में पड़ोसीयों ने गांव की एक महिला के दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की व उसके चार बेटीयों को भी जमीन पर घसीटकर पीटा। जिससे वह जख्मी हो गई। घटना का कारण पीड़िता पर जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए दबदबा बनाना बताया है। इस बाबत उक्त गांव के आशा शाह की पत्नी सलेहा खातून के आवेदन पर प्राथमिकी दर्जा की गई है। जिसमें उसने गांव के पांच लोगों को आरोपित किया है। आरोपितो में कलामुदीन देवान, मो.सद्दाम, अमरूदीन देवान, मो.अरमान व रेहाना खातून शामील हैं। बताया है कि जब वह अपने दरवाजे पर बैठी थी, तभी आरोपित लोग वार्ड सदस्य, पंच व सरपंच के साथ पंचायती कराने आये और जमीन पर रखे गये जलावन को फेंकने लगे। जिन्हे मना करने उसकी बेटीयां गई तो उसे बाल पकड़कर घसीटते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया व दुर्व्यवहार की गई।जिसे बचाने वह खुद गई तो उसे भी घसीट कर बुरी तरह से पिटा गया कहा गया कि तुम अपनी साढ़े सात धुर जमीन लिख दो नहीं तो सभी का बुरा हाल कर दुंगा। सभी को मारपीट कर घायल कर दिया।

### धूमधाम से मनाया गया ईस्टर पर्व

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थित संत फ्रांसिस अशीषी चर्च में रविवार को अहले सुबह प्रभु यीशु के मृत्यु पर विजय प्राप्त कर पुर्नजीवित होने की खुशी में परंपरागत तरीके से ईस्टर पर्व मनाया गया।शनिवार की रात 11 बजे मुख्य पुरोहित फादर ललित, फादर सुनील एवं फादर विजय ने संयुक्त रूप से मिस्सा बलिदान पूजा कराई एवं प्रभु यीशु मसीह के वचन सुनाए।मिस्सा बलिदान पूजा के अवसर पर ईसाई नेता सिसिल साह, टोबियास डुंगडुंग, गोल्डी, विमल सिस्टर निभा, इंग्रीड, प्रियंका,जुली, सचिन अल्फ्रेड, वियान एवं भारी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुए।

### छपरा होकर चलेगी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन, 22 अप्रैल से शुरू होगा परिचालन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने योग नगरी ऋषिकेश से मुजफ्फरपुर के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन छपरा होकर गुजरेगी। जिससे सारण व वैशाली क्षेत्र के यात्रियों को रेल यात्रा में राहत मिलेगी। इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 04302 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर आरक्षित विशेष ट्रेन आगामी 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को योग नगरी ऋषिकेश से दोपहर 3:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह हरिद्वार, मुरादाबाद, लखनऊ, वाराणसी, बलिया, सुरेमनपुर होते हुए बुधवार को सुबह 9:45 बजे छपरा पहुँचेगी और हाजीपुर से होते हुए दोपहर 1:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुँचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04301 मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश विशेष ट्रेन 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3:00 बजे मुजफ्फरपुर से रवाना होकर छपरा में शाम 6:30 बजे पहुँचेगी। इसके बाद यह बलिया, वाराणसी, लखनऊ आदि स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन दोपहर 2:20 बजे योग नगरी ऋषिकेश पहुँचेगी। इस गाड़ी में 6 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी तथा 2 एस.एल.आर. कोच सहित कुल 18 कोच की व्यवस्था होंगी।

# जहानाबाद के सभी 07 प्रखंडों में 14 ग्राम संगठनों में 'महिला संवाद' कार्यक्रम आयोजित





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के सभी 7 प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं ने एक ओर सरकार की वर्तमान योजनाओं से लाभान्वित होने के अनुभव साझा किए, वहीं दूसरी ओर अपने गाँव और परिवार से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा करते हुए अपनी अपेक्षाएँ भी सामने रखीं। महिलाओं ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कारण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जीविका द्वारा संचालित ग्राम संगठनों में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रथम पाली (सुबह) में 07 ग्राम संगठनों तथा द्वितीय पाली (शाम) में अन्य 07 ग्राम संगठनों में संवाद का आयोजन हुआ। इस आयोजन में जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों के अलावा गैर-संलग्न महिलाएं भी शामिल हुईं। विशेष बात यह रही कि गाँव की समस्त महिलाओं ने सहभागिता कर समाज, गाँव और राज्य के विकास पर खुलकर विचार साझा किए। महिला संवाद से प्राप्त सुझावों और आकांक्षाओं को मोबाइल एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है, ताकि राज्य स्तर पर नीति निर्धारण और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में इनका उपयोग हो सके। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं के प्रभाव, ग्रामीण क्षेत्रों में आए बदलाव, एवं महिलाओं की आकांक्षाओं को योजनाओं में समाहित करने के उद्देश्य से यह महिला संवाद कार्यक्रम सभी जीविका ग्राम संगठन स्तर पर 18 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया गया है, जो 16 जून 2025 तक चलेगा। बताया जाता है कि जहानाबाद जिले में कुल 924 ग्राम संगठनों में यह संवाद आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम संगठन में निर्धारित तिथि के अनुसार महिला संवाद होगा। संवाद के दौरान वीडियो फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महिलाओं के मंतव्य भी संकलित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक, सभी प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, तथा जीविका कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 54 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर बनी फिल्मो को दिखाया जा रहा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन के तीसरे दिन जिले के सभी 27 प्रखंडों में जीविका के 54 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी 28 महिला संवाद वाहन में लगे एल ई डी डिस्प्ले के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर बनी फिल्मो को दिखाया जा रहा है तथा उन तमाम योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विडियो में महिलाओं के लिए आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति, नशामुक्ति अभियान, जीविका कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोषक योजना, सायकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी है. इसके साथ साथ अक्षर आँचल योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ती योजना, अल्पावास गृह, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समेत सरकार की कुल 31 योजनाओं की जानकारी दी जा रही है. कार्यक्रम में ग्रामीण जन विशेषकर महिलाएं बहुत उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं.

विडियो प्रदर्शन के बाद खुले तौर पर संवाद स्थापित किया जा रहा है। संवाद के दौरान अनेक ग्रामीण महिलाओं ने अपने विकास की बात करते हुए सरकार से अपनी आकांक्षा साझा कर रही हैं जिले के चिरैया प्रखंड के हरनरैना गांव के दशहरा जीविका महिला ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम का सबसे बड़ा उद्देश्य आप सभी तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा आप सबों की आकांक्षाओं को जानने का है। कुल 3401 जीविका ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम होना है। 16 जून 2024 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 5 लाख से अभी अधिक लोगों तक संवाद स्थापित किया जायेगा' जिले में कुल 28 संवाद रथ के द्वारा योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ अन्य लोग भी अपनी सहभागिता कर रहे हैं। विकसित बिहार बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लोगों की आकांक्षाएं जनि जा रही है'स्त्रअभी तक 135 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है।

## जीविका ग्राम संगठन की दीदियों ने किया महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चिरैया(पूर्वी चंपारण)। प्रखंड के हरनरयना पंचायत में रविवार को दशहरा जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जीविका दीदी सहित अन्य महिलाओ ने भाग लिया। यहां बता दे कि बिहार सरकार के निर्देश पर महिला संवाद कार्यक्रम- 2025 चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रचार रथ पर एलईडी स्क्रीन, ऑडियो व अन्य उपकरण के माध्यम से प्रत्येक दिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक दो पालियों में विगत 18 अप्रैल से अगले दो माह तक पूरे बिहार में लगभग 70000 ग्राम संगठनों में आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं विभिन्न प्रकार की विकास योजनाओं में अपनी अपेक्षाएं तथा मंतव्य देंगी। साथ ही ग्राम स्तर पर समग्र विकास के लिए विचार विमर्श भी करेंगी । जिसे प्रपत्र में भर कर मोबाईल ऐप के माध्यम से इन्ट्री की जा रही है ताकि सरकार द्वारा बनाई जाने वाली नीति-निर्धारण में उक्त सुझावों पर ध्यान दिया जा सके। उक्त जानकारी जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड में महिला संवाद कार्यक्रम की शुरूआत विगत 18 अप्रैल को कपूरपकड़ी पंचायत के तिरंगा जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा आयोजित की गई थी। इस दौरान महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ व महिला आरक्षण का लाभ मिलने से हुए बदलाव पर अपना अनुभव साझा कर रहीं हैं। इसमें मुख्य रूप से पेंशन की राशि, साईकिल की राशि बढाने, सड़क, महादलित बस्ती में एक स्थान पर सभी योजनाओं का लाभ/ चिकित्सा शिविर, जीविका ग्राम संगठन भवन के निर्माण, जीविका पुस्तकालय भवन का निर्माण, सतत जीविकोपार्जन योजना में अन्य सभी वर्गों से जुड़ाव आदि की मांग सामने आ रही है। चिरैया में आगामी 15 जून 2025 तक संवाद कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। मौके पर अध्यक्ष पूनम देवी, रीमा देवी, सीएम आरती कुमारी, ब्रजकिशोर, सन्नी कुमार, चंदन कुमार, राकेश कुमार शर्मा, श्रवण कुमार, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

## किसान कैम में फार्मर आईडी कार्ड के लिए किया सत्यापन

**तेतरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेतरिया प्रखंड के मघुआहां वृत्त में सीएसपी अखिलेश्वर झा आवास स्थित स्थान पर प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत लाभार्थी किसानों का फार्मर आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें आंचल व कृषि विभाग के पदाधिकारी के उपस्थिति मेंमधुआहां वृत्त पंचायत के वार्ड संख्या दस में कैंप लगाकर किसने की फार्मरआईडी कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए तेतरिया प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुनेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी कृषकों को फार्मर आईडी कार्ड बनवाना मुख्य रूप से अनिवार्य है ।जो किसान के श्रेणी में आते हैं ।उनके लिए सरकार की सोच है।

सरकार की द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधा उनके फार्मर आईडी कार्ड के द्वारा ही सभी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी ।इसलिए सभी किसानों से आग्रह है कि फार्मर आईडी कार्ड आवास बनवा ले ।

मौके पर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी श्याम किशोर मिश्रा आलोक कुमार श्रीवास्तव कृषि समन्वयक सुरेश कुमार कृषि समन्वयक धीरज कुमार कृषि समन्वयक जितेंद्र कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक चंद्र किशोर सहायक तकनीकी प्रबंधक विनोद कुमार विक्रम कृषि सलाहकार चंद्रभूषण कुमार कृषि सलाहकार मोतीलाल शाह कृषि सलाहकार संजय कुमार कृषि सलाहकार दीनानाथ झा कृषि सलाहकार रीना कुमारी व राजस्व कर्मचारी मंटू कुमार नीरज कुमार राजस्व कर्म चारी मौके पर उपस्थित थे' किसानो की जमाबंदी व खाता खेसरा के जांच किया बताते चले की 37 लोगों का फार्मर आईडी का सत्यापन किया गया।

## संवाद वाहन में लगे एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की कुल 31 योजनाओं की दी गई जानकारी

**अवनीश श्रीवास्तव/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पू. चं.)।** जिले महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन के तीसरे दिन जिले के सभी 27 प्रखंडों में जीविका के 54 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी 28 महिला संवाद वाहन में लगे एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर बनी फिल्मो को दिखाया जा रहा है तथा उन तमाम योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विडियो में महिलाओं के लिए आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति, नशामुक्ति अभियान, जीविका कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोषक योजना, सायकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी है। इसके साथ साथ अक्षर आँचल योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ती योजना, अल्पावास गृह, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समेत सरकार की कुल 31 योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ग्रामीण जन विशेषकर महिलाएं बहुत उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं. विडियो प्रदर्शन के बाद खुले तौर पर संवाद स्थापित किया जा रहा है। संवाद के दौरान अनेक ग्रामीण महिलाओं ने अपने विकास की बात करते हुए सरकार से अपनी आकांक्षा साझा कर रही हैं। जिले के चिरैया प्रखंड के हरनरैना गांव के दशहरा जीविका महिला ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए प्रखंड परियोजना प्रबंधक रामबाबू कुमार ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम का सबसे बड़ा उद्देश्य आप सभी तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा आप सबों की आकांक्षाओं को जानने का है।



- कुल 3401 जीविका ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम होना है।
- 16 जून 2024 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 5 लाख से अभी अधिक लोगों तक संवाद स्थापित किया जायेगा।
- जिले में कुल 28 संवाद रथ के द्वारा योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है।
- इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ अन्य लोग भी अपनी सहभागिता कर रहे हैं।
- विकसित बिहार बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लोगों की आकांक्षाएं जनि जा रही है।
- अभी तक 135 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है ।

## एक्सरे कराने आई युवती की आपत्तिजन फोटो खींच कर वायरल करने के मामलें ने पकड़ा तूल, जांच शुरू

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक्सरे कराने अस्पताल पहुंची एक युवती की आपत्तिजन फोटो खींच कर ब्लैक मेल किया गया और विरोध करने पर धमकी दी गई। मामला रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र का है।

अनुमंडल अस्पताल के एक्सरे केंद्र में यह वाक्या हुआ। यह एक्सरे सेवा पीपी मोड पर ब्रिज इंडिया हेल्थ प्राइवेट लिमटेड संचालित करती है। जब पीड़िता ने इसका खुलासा करते हुए आवेदन दिया तब खबलबी मची।युवती की शादी होने वाली है। इस बीच यह कुकृत्य हुआ और उसके होने वाले पति को फोटो, विडियो प्रेषित कर दिया गया।घर वाले इससे अनभिज्ञ थे।मामला बढ़ने के बाद अस्पताल प्रबंधन और रक्सौल प्रशासन को जानकारी हुई। रक्सौल थाना को आवेदन दिया गया।जिसके बाद जांच और अग्रतर करवाई शुरू हुई है।इस बीच हंगामा और मामला बढ़ते देख एक्सरे संचालन से जुड़े निजी कर्मी भाग खड़े हुए। पीड़िता ने एक्सरे संचालन से जुड़े चार निजी कर्मियों को आरोपित करते हुए जांच और उन पर कारवाई की मांग की है। पीड़िता ने खुलासा किया है कि पिछले24मार्च को सीने में दर्द के बाद अस्पताल में इलाज कराने पहुंची,जहां ओपीडी में डॉक्टरों के रेफर करने पर एक्सरे कराने पहुंची।तब मैक्सी पहना क एक्सरे टेबल पर लेटाने के बाद सीने से कपड़ा हटाने को कहा गया। मना करने के बीच आपत्तिजनक फोटो बना लिया गया।व्हाट्स एप पर फोटो भेज ब्लैक मेल किया गया।बाद में फोटो,विडियो उसके होने वाले पति को भी भेज दिया। जिससे उसकी शादी तय है।उसने मीडियाकर्मियों को बताया कि एक्सरे कर्मी कुछ बदमाशों के साथ उसके घर पर पहुंच कर जान मारने की धमकी भी दी है।फिलहाल,इस मामले के प्रकाश में आने से पूरे क्षेत्र में खलबली मची है। इधर,इस मामले को ले कर एक्सरे कक्ष के आगे आक्रोशित परिजनो और उनके समर्थकों ने खूब हंगामा किया और अस्पताल उपाधीक्षक को आवेदन दिया,जिसके बाद आरोपित कर्मी भाग निकले। एसडीओ शिवाक्षी दीक्षित से उन्होंने शिकायत की जिसके बाद उन्होंने कारवाई का आश्वासन दिया।

## आवास सहायक का बीस हजार रुपए घूस लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

### आवास सहायक ने लाभार्थी से कहा ऑफिस और ऊपर के लोगों के बीच घूस की राशि का करना पड़ता है बंटवारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से प्रखंड के एक आवास सहायक का पीएम आवास योजना के एक लाभार्थी से बीस हजार रुपए घूस लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। उक्त राशि आवास की पहली किस्त खाते में आने के बाद तथा दूसरी और तीसरी किस्त जारी करने के नाम पर लिया जा रहा है। मामला प्रखंड के बाराजयराम पंचायत के जयपाल टोला गांव का है। जहां उक्त गांव निवासी व पीएम आवास योजना के लाभार्थी के पिता टुनटुन सिंह अपने पुत्र के नाम पर आवास आवंटित होने के बाद आवास सहायक भारत भूषण के द्वारा घूस की राशि ली जा रही थी। इसी क्रम में किसी ने छुपकर पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वे स्पष्ट रूप से लाभार्थी के पिता से पांच सौ रुपए के नोटों की गड्डी लेते हुए देखे जा रहे है। हाथ में लेने के बाद उक्त रुपए को वे शर्ट के भीतर वाले पॉकेट में रखते हुए भी दिख रहे है। हालांकि नवबिहार टाइम्स इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। यह सारा माजरा आवास के लाभुक टुनटुन सिंह के दरवाजे पर हुआ है। बताते चलें कि घूस की राशि आवास सहायक को देने की बात लाभार्थी के पिता टुनटुन सिंह ने स्वीकार किया है। उन्होंने बताया है कि बीस हजार रुपए देने के लिए आवास सहायक द्वारा मुझे मजबूर किया गया। जिसके बाद मैं विवश होकर उसे पहली किस्त के चालीस हजार रुपए में से बीस हजार रुपए बैंक से निकालकर दिया। इस बाबत उनसे पूछे जाने पर बताया कि एक दिन आवास सहायक भारत भूषण मुझ से कहा कि आपके लड़के के नाम पर आवास योजना में नाम आया है। अगर आवास के लिए आपको रुपए चाहिए तो आप कागजात जमा कीजिए, मै रुपया दिलवा दूंगा। इसके बाद उन्होंने जो कागजात मांगा मैंने उन्हें दे दिया। जब बैंक खाते में आवास योजना की पहली किस्त की राशि आई तो उसके बाद वह मेरे यहां दौड़ने लग। तीन-चार रोज तो मैं नहीं मिला। एक दिन जब आवास सहायक भरत भूषण से मेरी मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा कि इतना दिन रुपए आए हुए हो गए है, लेकिन आप अभी तक रुपया नहीं दिए। अगर आप रुपया नहीं देंगे तो इसके बाद मिलने वाली दूसरी एवं तीसरी किस्त की राशि आपको नहीं दूंगा। मुझे ऑफिस और ऊपर के लोगों के बीच घूस की राशि का बंटवारा करना पड़ता है। वही इस घटना के वायरल होने के बाद वैसे लोगों में हड़कंप मच गया है जो आवास योजना के नाम पर गरीब व लाचार लोगों से घूस की मोटी रकम लेकर दलाल की भूमिका निभाते है। आम लोगों का कहना है कि निश्चित रूप से इसकी जांच उच्च अधिकारियों के द्वारा होनी चाहिए कि खुलेआम घूस की राशि लेने के लिए आवास सहायक के साथ कौन-कौन से कर्मी या प्रखंड स्तर के वरीय अधिकारी संलिप्त है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस घटना में सिर्फ आवास सहायक ही बलि का बकरा बनते है या फिर अन्य लोगों पर भी इसकी गाज गिरती है। ऐसे चिरैया प्रखंड में आवास योजना लूट योजना बनकर रह गई है। इसका पुख्ता प्रमाण है कि आवास योजना में नाम जोड़ने में तीन से चार हजार रुपए घूस लेने का आरोप लगाते हुए दीपही धरहरवा पंचायत की मुखिया गीता देवी व माधोपुर पंचायत की मुखिया नूराना खातून ने सिकरहना एसडीओ व डीडीसी को आवेदन पत्र दिया था। लेकिन मामले में कारवाई नहीं होने से नाराज मुखिया गीता देवी ने 25 अप्रैल को प्रखण्ड कार्यालय का घेराव करने की घोषणा की है। जिसके कारण अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे है। इतना ही नही रिश्वतखोरी के आरोप में डीडीसी ने सिरोना पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक को बर्खास्त कर दिया है। फिर भी यहां घूसखोरी का मामला कम नही हो रहा है। अब देखना है कि जिला प्रशासन इस वायरल वीडियो प्रकरण में क्या करती है। इधर बीडीओ रामनाथ कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह की थीम 'एकजुट हो, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें' रही। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। मनोज सर्विस पेट्रोल पंप एवं माँ वैष्णो इंडियन गैस एजेंसी, जहानाबाद में मॉक ड्रिल एवं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी, जहानाबाद एवं पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद को पिन-फ्लैग लगाया गया।अग्निशमन सेवा सप्ताह जो इस माह के 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया गया इस दौरान विभिन्न जनजागरूकता और सुरक्षा से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनमें प्रमुख रूप से 14 अप्रैल 2025 (प्रथम दिन): शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। इसके साथ ही सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर फायर ऑडिट किया गया।15 अप्रैल 2025 (दूसरे दिन): अग्निशमन पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।16 अप्रैल 2025 (तीसरे दिन): फिट इंडिया मूवमेंट्स के तहत अग्निशमन कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया।17 अप्रैल 2025 (चौथे दिन): जिला अग्निशामालय परिसर में सर्विस ड्रिल, तथा लजीज फैमिली रेस्टोरेंट और वी -2 मॉल, जहानाबाद में मॉक ड्रिल किया गया।18 अप्रैल 2025 (पांचवें दिन): सामुदायिक पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई तथा उनका संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। 19 अप्रैल 2025 (छठे दिन): बड़े कोचिंग संस्थानों में एवं मॉक ड्रिल सहित जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रकार, सप्ताह भर चलने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को विधिवत समापन हुआ।



## वार्ड 27 एवं 28 के निवासियों ने सौंपा मंत्री को ज्ञापन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या 27 एवं 28 में स्थायी जलजमाव से मुक्ति के लिए नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार को दिये गये ज्ञापन में मुहल्ले के रामनंद मिश्र, धनंजय मणि, जयप्रकाश प्रसाद श्रीवास्तव आदि ने कहा है कि सुप्रिया सिनेमा एवं डा. नासीर अली के अस्पताल के पास बारिश का पानी एनएच 727 तथा रेल लाईन पार कर शहर का पानी उक्त दोनो नालो से आकर वार्ड 27 एवं 28 में जमा होता है।

## रिश्वत लेने के आरोप में आवास सहायक का डीडीसी ने किया सेवा मुक्त

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पांडेय द्वारा ग्रामीण आवास सहायक, ग्राम पंचायत राज बाराजयराम, प्रखंड चिरैया की सेवा को समाप्त कर दिया गया है।

विदित है कि एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें ग्रामीण आवास सहायकभारत भूषण प्रसाद को एक लाभुक से मोटी रकम लेकर कमीज के अंदर वाला पैकेट में रखते हुए दिखाई दे रहा था। उक्त वायरल वीडियो के संबंध में जिला विकास अभिकरण पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा भारत भूषण प्रसाद, ग्रामीण आवास सहायक से स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके द्वारा जो स्पष्टीकरण दिया गया उसमें वायरल वीडियो के संबंध में कोई तथ्य नहीं रखा गया। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि उनके द्वारा सत्यता को छुपाने की कोशिश की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरैया के द्वारा आवास सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पत्र में माध्यम से की गई थी। वायरल वीडियो में अनियमितता बहुत ही गंभीर प्रकृति का है इसके आधार पर श्री भारत भूषण प्रसाद, ग्रामीण आवास सहायक के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण के द्वारा विभागीय नियमों एवं प्रावधान के अनुसार उनके अनुबंध को रद्द कर दिया गया है।

# महिला संवाद से ग्रामीण सामाजिक विकास की नई रुपरेखा हो रही तैयार

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम से आत्मनिर्भर बनी महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां न सिर्फ साझा की जा रही हैं, बल्कि इन्हीं कहानियों के माध्यम से गांव और समाज के विकास की नई रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को सबके सामने रख रही हैं और गांव के समग्र विकास के लिए अपने सुझाव भी दे रही हैं। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारी महिलाओं की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से नोट कर, समाधान के लिए आगे की रणनीति भी बना रहे हैं। गुरुवार से जिले के 14 में से 12 प्रखंडों में यह संवाद कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है, जिसका संचालन ग्राम संगठन स्तर पर किया जा रहा है। रविवार को तीसरे दिन के कार्यक्रम में बिहिया प्रखंड के सुमन ग्राम संगठन द्वारा मझौली गांव, अगिआंव के गौरी ग्राम संगठन द्वारा लसाडीह गांव, चरपोखरी के वसंत ग्राम संगठन द्वारा कुमहैला गांव, शाहपुर के सुमन ग्राम संगठन द्वारा चमरपुर गांव, तरारी के रंगोली ग्राम संगठन द्वारा मोपकला पंचायत, पीरो प्रखंड में जीवनदाता ग्राम संगठन द्वारा अमई पंचायत में सफलतापूर्वक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में कुल 24 ग्राम संगठनों ने संवाद कार्यक्रम की अगुवाई की। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 9 बजे एवं अपराह्न 3 बजे दो शिफ्टों में आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस आयोजन की जिम्मेदारी जीविका से संबद्ध महिला ग्राम संगठनों को सौंपी है। जिले में जीविका से जुड़े 1398 ग्राम संगठन रोस्टर के अनुसार चयनित गांवों में दो पालियों में महिला संवाद कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। महिला संवाद कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो फिल्म, बैनर आदि के माध्यम से दी जा रही है। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से उन्हें अवगत कराना और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में भाग ले रहीं महिलाएं न केवल अपने टोले और गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को साझा कर रही हैं, बल्कि सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों पर भी सार्थक सुझाव दे रही हैं। यह आयोजन प्रभावशाली, समावेशी और सहभागी सुशासन की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रहा है।



# बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने पर दिया जोर

- शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा
- सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की दी गयी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू में प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी शनिवार को आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सभी अभिभावकों से अवगत हुए तथा विद्यालय में शिक्षण कार्य को बेहतर रूप देने को भरोसा दिलाया। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने सभी अभिभावकों से कहा कि छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी जरूरी है, जिसके लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के माध्यम से आप सबों को बच्चे की शिक्षण कार्य के बारे जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानकारी दी। उन्होंने ई-शिक्षा कोष के तहत जिन्हे आधार कार्ड नही बनी है उन्हे शीघ्रताशीघ्र बनवाने का आग्रह किया। कहा कि जिसके तहत सरकार द्वारा प्रायोजित अन्य योजनाओं का लाभ छात्रों के खाते में मिलेगी। अभिभावकों से निवेदन किया गया कि छात्रों को नियमित विद्यालय भेजे। सरकार द्वारा चलाई जा रही, मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार विद्यालय में बनाकर छात्रों को परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा के प्रति आप सबों को भी सजग रहने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा छात्रवृति राशि उपलब्ध करायी जा रही है। छात्र-छात्रों को पढ़ने मे रुचि जगने को लेकर खेल सामग्रियां भी उपलब्ध कराई है, ताकि छात्रों को बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके, जिसके लिए आप सबों का सहयोग जरूरी हैं। प्रधानाध्यापक ने कहा कि आप सबों के सहयोग से ही विद्यालय सुरक्षित रहने के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा भी संपन्न हो सकेगी। मौके पर अलाउद्दीन अंसारी, संजय कुमार सिंह, सविता कुमारी, जितेंद्र पासवान, संजय कुमार, दीपक कुमार, मीनाक्षी कुमारी, अली अकबर, टोला सेवक लक्ष्मी बैठा, ग्रामीण संतोष कुमार, लाल मोहन प्रसाद, अमर गुप्ता समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# सिलाई-कढ़ाई का नि:शुल्क प्रशिक्षण 26 अप्रैल से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा आगामी 26 अप्रैल से सिलाई-कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ होगा जिसमें औरंगाबाद जिले की जरूरतमंद महिलाएं एवं युवतियां जो 18 से 45 वर्ष के बीच हैं, उन्हें ये प्रशिक्षण भारत सरकार की ओर से पंजाब नैशनल बैंक के सहयोग से निःशुल्क दी जाएगी। भोजन, प्रशिक्षण में कापी-किताब व ड्रेस की निःशुल्क सुविधा संस्थान की तरफ से दी जाएगी। प्रशिक्षण हेतु सीटों की कुल संख्या 35 है। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक राज कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण 31 दिन की है, जो सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगी। सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण से संबधित सारी चीजें सिखाई जाएंगी एवं एक सफल उद्यमी बनाने के तौर-तरीका सिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण के बाद लाभुक सरकार के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल की सुबह 10 बजे प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार किया जायेगा। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सदर प्रखंड परिसर औरंगाबाद में आना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी को आधार कार्ड की छाया प्रति, चार रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, राशन कार्ड की छायाप्रति या श्रम कार्ड लेकर केन्द्र पर जाना होगा।

# जलभरी के साथ नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर में आज 21 से 29 अप्रैल तक नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आज सोमवार से जलभरी के साथ शुभारंभ होगा। इस महायज्ञ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। जलभरी यात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट और गाजे-बाजे के साथ हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। यज्ञ समिति के महामंत्री मुकेश कुशवाहा ने बताया कि जलभरी के बाद संत सत्यामाचार्य जी महाराज सहित अन्य विद्वान पंडितों के सानिध्य में वरुण और भूमिपूजन होगा। 22 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणीमंथन होगा। हर शाम विद्वान पंडितों के प्रवचन होंगे और कलाकार रामलीला और रासलीला की प्रस्तुति देंगे। पप्पू पांडेय संरक्षक, अनिल चौधरी सह संरक्षक, राजू मिश्रा अध्यक्ष और मिथलेश कुशवाहा संयोजक बने हैं। अन्य पदाधिकारियों में मिलिंद चौधरी, संजय पासवान, अर्जुन प्रसाद और बजरंगी कुशवाहा शामिल हैं।



## हाजत में आत्महत्या की कोशिश

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मनेर थाना के हाजत में बंद एक अभियुक्त ने आत्महत्या की कोशिश की। हाजत में ही उसने फंदा लगा लिया और खुद्कुशी का प्रयास किया। समय रहते युवक को पुलिसकर्मियों ने बचा लिया। आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर आए जहां युवक का इलाज चल रहा है। इस घटना से पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है। अभियुक्त के फंासी लगाने की जानकारी मिलते ही मनेर थाना में हड़कंप मच गया। इसके बाद मनेर पुलिस के द्वारा आनन फानन में उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां अभियुक्त का इलाज चल रहा है। हालांकि डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है।

# आयुष ने जेईई मेन रिजल्ट में लाए 99.41 परसेंटाइल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के इटवां गांव निवासी सह वित्तरहित प्रोफेसर नित्यानंद प्रसाद का एकलौता पुत्र अंशव आयुष ने जेईई मेन रिजल्ट में 99.41 परसेंटाइल लाकर अपने क्षेत्र एवं जिला का नाम रोशन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा आयोजित मेंस परीक्षा में छात्र अंशव आयुष को जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई घोषित किया गया। आयुष ओबीसी कैटेगरी में 9159 वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। छात्र की सफलता के लिए माता संजू कुमारी व पिता नित्यानंद प्रसाद ने अंशव आयुष को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

# महादलितों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को सरकार सजग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया के निर्देश पर जिले के 14 प्रखंडों के 113 महादलित टोलों में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सरकार के 22 विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 17,288 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6,004 आवेदनों का समाधान मौके पर ही ऑन द स्पॉट कर दिया गया। डीएम ने शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि आगामी दो महीनों में सभी महादलित टोलों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रह जाए। इन विशेष कैंपों के माध्यम से लाभुकों को सीधे 22 विभागों की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किया जा रहा है। इनमें प्रमुख योजनाएं हैं- राशन कार्ड निर्माण, उज्ज्वला योजना, औपचारिक शिक्षा के लिए विद्यालयों में नामांकन, आंगनबाड़ी सेवाएं, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, हेल्थ कैंप, प्रधानमंत्री आवास योजना, वास-भूमि/बंदोबस्ती से जुड़ी योजनाएं, विभिन्न पेंशन योजनाऐं, पारिवारिक लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, कन्या उत्थान योजना, मातृत्व वंदना योजना, निशक्तता पेंशन योजनाएं, दिव्यांग विवाह योजना, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नल-जल एवं नली-गली योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, लोहिया स्वच्छता अभियान, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं। इन शिविरों की सतत निगरानी वरीय पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है ताकि योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से जरूरतमंदों तक पहुंच सकें। डीएम के निर्देशानुसार महादलित टोलों की प्रमुख मांगों जैसे पीसीसी सड़क निर्माण, नाला निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण एवं पुस्तकालय निर्माण को त्वरित संज्ञान में लेते हुए प्रशासनिक स्वीकृति दी जा रही है, जिससे महादलित समुदायों के समग्र विकास को बल मिल सके।



# कल्याणकारी योजनाओं को लेकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** 'भाजपा चला गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत हसपुरा मंडल के कार्यकर्ताओं की टीम ग्राम डूमरा, मनपुरा, नरसन्द, त्रिलोकी बिगहा में जनसम्पर्क अभियान चलाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताया गया और साथ ही यह भी बताया गया कि सरकार के द्वारा प्रत्येक गांव एवं टोला पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर लगाया जा रहा है। इसी दौरान आगामी 30 अप्रैल को ग्राम नरसन्द त्रिलोकी बिगहा में एवं दिनांक 04 जून को डुमरा मनपुरा में सरकार के स्तर से शिविर लगाया जाएगा। उक्त शिविर में लाभार्थी अपना आवेदन देकर सरकारी योजना का लाभ उठा सकते हैं। राशनकार्ड, अंत्योदय योजना, वृद्धावस्था पेंशन विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, किसान सम्रद्धि योजना अन्य कई योजनाओं का लाभ शिविर में आवेदन देकर ले सकते हैं। सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए आम जनता को प्रेरित किया गया। सम्पर्क अभियान में चितरंजन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मिन्टु शर्मा, मनोज शर्मा, अनिल आर्य, विरेन्द्र कुमार, उपेन्द्र शर्मा, नन्दन यादव, सुधांशु शेखर पिन्टु, सुनिल सिंह, नवल सिंह, मंजू देवी, कमला कुंवर, महेश साव, बुटन भगत समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



सरकारी योजनाओं की जानकारी देते भाजपा कार्यकर्तागण

# प्रकृति और पुरुष का समन्वय ही कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर प्रखंड के डुमरिया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम तिथि को आयोजित कथा के दौरान आचार्य राजीव रंजन उपाध्याय ने कहा कि प्रकृति व पुरुष का समन्वय ही कृष्ण और रुक्मणी का विवाह है, जो लक्ष्मी नारायण स्वरूप है। जो व्यक्ति इस प्रसंग को कहते हैं और सुनते हैं उनके घर में मंगल की प्राप्ति होती है। मौके पर कथा वाचक आचार्य राजीव रंजन उपाध्याय महाराज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भक्तों की भीड़ जमा हो रही थी। लगातार कथा श्रवण करने वाले आसनारायण सिंह, अजय सिंह समेत अन्य थे।

# अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर होंगे शामिल, तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आगामी 21 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय बामपली आरा में आयोजित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती- सह-सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद अनुराग ठाकुर भाग लेंगे। अतिथि के रूप में एमएलसी अनिल शर्मा, निवेदिता सिंह, जिला के पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गाराज ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए मंडलों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय नेता के स्वागत के लिए कोईलवर पुल से भाजपा जिला कार्यालय बामपली तक जगह-जगह भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, राम दिनेश यादव, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, निशांत सेंगर, जिला महामंत्री नरेंद्र तिवारी, संतोष कुमार चंद्रवंशी, जिला मंत्री ठाकुर दयाल राम, संजय सिंह, सह मुख्यालय प्रभारी संजय सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव, नीतीश दुबे समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।



## छात्रा ने की आत्महत्या

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** सीवान की एक छात्रा ने पटना में किराये के मकान में आत्महत्या कर ली है। छात्रा ने फंदे से लटक कर जान दे दी है। छात्रा का नाम नेहा कुमारी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि छात्रा पटना में रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा पटना के जक्कनपुर के पोस्टल पार्क रोड नंबर-3 में एक किराये के मकान में रहती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नेहा कुमारी सीवान जिले की रहनेवाली है। रविवार की सुबह छात्रा के आत्महत्या करने की सूचना के बाद इलाके में खलबली मच गई है। सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के अलावा फॉरेंसिक विभाग की टीम ने भी जांच-पड़ताल की है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

# विशेष शिविर में लाभुकों को मिला त्वरित लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया द्वारा जमीरा पंचायत अंतर्गत लक्ष्मणपुर वार्ड संख्या-09 के महादलित टोले में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के विशेष शिविर का निरीक्षण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आगामी दो माह में जिले के सभी महादलित टोलों के पात्र लाभुकों को बिहार सरकार के 22 विभागों द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत अच्छादित करना है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कैंप में उपस्थित लाभार्थियों से उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ऑन-द-स्पॉट कई लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया। इनमें जन्म प्रमाण पत्र-47, आयुष्मान कार्ड-08, जॉब कार्ड-20, ई-श्रम कार्ड-24, आधार कार्ड-05 तथा पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 01 लाभुक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डीएम ने वहां स्थित तालाब की साफ-सफाई के लिए निर्देश जारी किए। मौके पर डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर), निदेशक डीआरडीए, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआई संदीप कुमार को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** कृष्णागढ़ थाना में तैनात एसआई संदीप कुमार राम की खवासपुर थाना में थानाध्यक्ष के पद पर प्रतिनियुक्त की सूचना पर क्षेत्र के लोग कृष्णागढ़ थाना पहुचे। वहां उन्होंने अपने चहेते एसआई के स्थानान्तरण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन थाना परिसर में किया। यह समारोह समाजसेवी विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। स्थानांतरित पुलिस सब इंस्पेक्टर को स्नेहपूर्वक थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों, समाजसेवी एवं उद्योगपतियों ने अंग वस्त्र, फूलमाला के साथ सम्मानित किया। बता दें कि एसपी मिस्टर राज ने तत्काल प्रभाव से एसआई संदीप कुमार को खवासपुर थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित के लिए निर्देश जारी किया था। आदेश के आलोक में संदीप कुमार ने खवासपुर थाना में शनिवार को अपना योगदान दिया। इस मौके पर संदीप कुमार के कार्यशैली की सराहना की गयी। सम्मानित करने वालों में पिंटू प्रसाद, संतोष सिंह, संजय सिंह उर्फ भुटेली सिंह, मनीष सिंह, रिंटू सिंह, पिंटू यादव, संजय यादव, लालजी यादव, रिंटू सिंह, अमन सिंह, लव कुश यादव, कृष्ण मुरारी उपाध्याय, मधुसूदन यादव, पवन कुमार, आनंद गोपाल पंडित समेत अन्य लोग थे।



# बिहार चुनाव से पहले पंचायत जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपने अधिकारों की मांग को लेकर पटना में राजनीतिक दलों के पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर विरोध दर्ज कराया है। पोस्टर के जरिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से सवाल पूछा गया है, 'बिहार में सबसे नीचे पंचायती राज क्यों है? कब मिलेगा हमारा अधिकार?' ये पोस्टर्स मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय और पंच-सरपंच संघ के अध्यक्ष अमोद कुमार निराला की ओर से लगाया गया है। पोस्टर में इस बात का भी जिक्र है कि पंचायत जनप्रतिनिधि जब अपने अधिकार की बात करते हैं तो उन्हें केवल आश्वासन मिलता है या चुप करा दिया जाता है। ग्राम कचहरी और पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। जबकि संविधान ने इन्हें मजबूत करने की बात कही है। मुखिया और पंच-सरपंच संघ का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासनिक अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं।

# विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** रविवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने जगदीशपुर प्रखंड के उत्तरवारी जंगल पंचायत के नयका टोला मे 3,02,100 रूपये की लागत से विधायक निधि से निर्मित एनएच 319 से फिटनेस क्लब तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक राम विशुन ने कहा कि वो सदा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। विधायक ने कहा कि रोड नहीं होने के कारण कई लोगों के छोटे-छोटे बच्चों को बरसात के दिनों में स्कूल जाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आम जनता की समस्याओं के समाधान करने को लेकर वे हमेशा तत्पर रहेंगे। वो नेता नहीं, समाज का बेटा बनकर सभी के उम्मीदों पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि देवसुन्दर सिह पप्पू सिंह माले नेता, गया सिंह, अप्पु मेहता, सुनील शर्मा, अनिल सिंह, मुनजी सिंह, मनीष सिंह, प्रिंस कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



CMYK

# प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का जेईई मेन में रहा शानदार प्रदर्शन

## कई छात्र-छात्राओं ने अनुमण्डल का नाम किया रोशन, लोगों ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्थानीय बरनी अवस्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी के छात्रों ने एक बार पुनः राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली जेईई मेन की परीक्षा में आशातीत प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। साथ ही विद्यालय एवं अनुमंडल का नाम रोशन किया है। विदित हो कि विगत दिनों जेईई मेन की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें राज कुमार, हिमांशु रंजन, रिया कुमारी, अनामिका कुमारी एवं रोहित कुमार ने सफलता हासिल की। बारहवीं तक इन सभी ने स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की है। एक बार पुनः जेईई की परीक्षा में राज कुमार 96.8 पर्सेंटाइल, हिमांशु रंजन 96.7 पर्सेंटाइल, रिया कुमारी 95 पर्सेंटाइल, अनामिका कुमारी 94 पर्सेंटाइल एवम रोहित कुमार ने 94 पर्सेंटाइल प्राप्त कर एक बार फिर इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस परीक्षा के सफलता का श्रेय बच्चों को देते हुए पी पी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ0 अभिराम सिंह ने कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम और अनुशासन का यह फल है। ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर प्राचार्य सुभाष चंद्र बोस, वरीय शिक्षक सुबोध कुमार, प्रभास कुमार सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## शासी निकाय के अध्यक्ष और सचिव का अभिनंदन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पन्नू लाल सिंह महाविद्यालय में रविवार को नवगठित शासी निकाय का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जहाँ नवगठित शासी निकाय के अध्यक्ष विधायक रेखा देवी, एवं सचिव डॉ पारस नाथ सिंह के स्वागत में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन महाविद्यालय के कर्मीयों द्वारा किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ दामोदर सिंह ने की और मंच का संचालन डॉ सीमा कुमारी के द्वारा किया गया। समारोह में मंचासीन अतिथियों को प्रभारी प्राचार्य के द्वारा गुलदस्ता एवं वस्त्र भेंट किया गया। डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ रीना कुमारी डॉ सरिता कुमारी एवं बिनोद कुमार सिंह के द्वारा मंचासीन अतिथियों को शॉल भेंट किया गया। डॉ दामोदर सिंह ने विगत वर्षों में महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा महाविद्यालय के सफल संचालन में दिए गए सहयोग की काफी सराहना की। उन्होंने बताया की आज यह महाविद्यालय पुरे बिहार के सम्बद्ध कॉलेजों में शिखर पर है, इसका पूरा श्रेय इन्हीं दोनों विभूतियों को जाता है। हमारा महाविद्यालय अपने अध्यक्ष एवं सचिव का इसके लिए सदैव आभारी रहेगा। डॉ समीर कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## ब्रेन स्ट्रोक के इलाज में नई क्रांति, पारस एचएमआरआई की पहल से बढ़ी उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**फुलवारीशरीफ।** पटना के प्रतिष्ठित पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल और आईएमए बिहार के संयुक्त प्रयास से होटल लेमन ट्री, एग्जीबिशन रोड में न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में प्रगति विषय पर एक अत्याधुनिक सीएमई (कंटिन्युइंग मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रेन स्ट्रोक की रोकथाम और इलाज की नई तकनीकों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएमए बिहार के चीफ पैट्रन सहजानंद प्रसाद सिंह, पारस एचएमआरआई पटना के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार और डॉ. अहमद अब्दुल हई ने संयुक्त रूप से किया.इस दौरान न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी से जुड़े विशेषज्ञों ने ब्रेन स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्थिति से बचाव के लिए नई दवाओं और थैरेपी के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अभिषेक ने कहा कि थ्रोम्बोलाइसिस तकनीक स्ट्रोक के इलाज में वरदान साबित हो रही है, जो समय रहते ब्रेन को नुकसान से बचा सकती है. वहीं डॉ. अम्बुज कुमार ने बताया कि मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी और एंडोवैस्कुलर ट्रीटमेंट जैसे न्यूरोइंटरवेंशन तकनीक अब स्ट्रोक के गंभीर मामलों में मरीज़ों को नया जीवन दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रोक के इलाज में हर मिनट कीमती होता है। समय रहते इलाज ही सबसे बड़ा हथियार है। पारस एचएमआरआई के अनिल कुमार ने न्यूरोसाइंस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेडिकल टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलाव से आज असंभव लगने वाली बीमारियों का इलाज भी संभव हो गया है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. वीर अभिमन्यु पंडित, डॉ. नीरज झा और अन्य विशेषज्ञों ने भी अपनी बात रखी। आईएमए बिहार के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. अशोक यादव और स्टेट सेक्रेटरी डॉ. संतोष कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफ़ेशनल्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## इस्टर संडे : प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की मनाई गई खुशी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रभु यीशु मसीह के दोबारा जीवित होने की खुशी में ईस्टर संडे मनाया गया है।ऐसे मे रविवार को मसौढ़ी गिरजाघर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया, और प्रार्थना सभा हुआ, ईसाईयों की धार्मिक आस्था है कि क्रूस पर मृत्युदंड के तीसरे दिन प्रभु यीशु जीवित हो गये थे। बाइबल के ओल्ड और न्यू टेस्टामेंट में यीशु को मृत्युदंड देने और जी उठने का विवरण है। मसौढी गिरजाघर के पुरोहित फादर बासु ने बताया की यीशु का जी उठना मृत्यु पर विजय प्राप्त करने का संदेश है। ऐसी मान्यता है कि ईस्टर संडे मसीह के पुनरुत्थान का एक आनंदमय उत्सव होता है। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के सबसे महत्पवूर्ण दिनों में से एक है। गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। यह वह दिन है जब ईसाई धर्म के लोग यीशु मसीह के क्रूस को याद करते हैं। ईस्टर संडे से पहले शुक्रवार को शहर के कैथोलिक चर्च,और गिरजाघर मे गुड फ्राइडे मनाया गया था।

## सांसद ललन सिंह का किया गया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** आपके बीच केंद्रीय मंत्री नहीं बल्कि आपका सांसद बन कर आपकी बात सुनने आया हूं। ये बाते बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला प्रखंड से जनता संवाद करते हुए पंडारक प्रखंड के बिहारी बीघा में कही। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का अभिनंदन सह सम्मान पूर्व मुखिया रणवीर सिंह पंकज द्वारा किया गया। जेडीयू कार्यकर्ताओं ने अपने सासंद ललन सिंह का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रामनगर, शहरी, राणा बीघा के बाद बिहारी बीघा पहुंचे। सांसद ने कहा आपके बीच केंद्रीय मंत्री नहीं बल्कि आपका सासंद ललन सिंह आपकी समस्याओं को सुनने आए हैं। सांसद के आगमन से जेडीयू कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

## जेपी सेनानी व समाजवादी चंदेश्वर सिंह की मनी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** शनिवार की शाम प्रभुनाथ नगर के चांदमारी रोड में वीआईपी कॉलोनी में जेपी सेनानी, पूर्व प्रधानाध्यापक व समाजवादी नेता नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर निवासी स्व. चंदेश्वर सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व. सिंह के पुत्र प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में वक्ताओं ने चंदेश्वर सिंह के समाजसेवा, ईमानदारी व कर्मनिष्ठा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एकमा में अपने जीवनकाल के अध्यापक काल में समाजवादी विचारधारा को जीवंत रखा और 1974 के जेपी छात्र आंदोलन व कर्पूरी जी के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान वह जेल भी गए थे। वे प्रारंभ से ही गरीबों, किसानों व शोषितों के लिए संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर स्वर्गीय सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर शिक्षकों, व्याख्याताओं, अधिवक्ताओं व समाजसेवियों ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

श्रद्धांजलि सभा में जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, जेपी सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता सरोज कुमार सिंह, वरिष्ठ जदयू नेता राजीव कुमार शर्मा, अधिवक्ता बृजनंदन सिंह, प्रधानाध्यापक रविशंकर मिश्रा, श्रीप्रकाश सिंह, रामानंद गिरि, अर्जुन सिंह, संजय सिंह, उमेश सिंह अधिवक्ता, शिक्षक संयोग सिंह, कमल कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि द्वारा उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

## प्राचीन उदासीन मठ की उपेक्षा पर भड़का जनाक्रोश, नई समिति के गठन का ऐलान

### फुलवारी संगत पर बनेगा भव्य मंदिर, हिन्दू समुदाय से सहयोग की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ स्थित ऐतिहासिक उदासीन नानक शाही मठ की उपेक्षा को लेकर रविवार को मठ प्रांगण में आमसभा बुलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे.सभा में बिना आमसभा के पूर्व में गठित समिति को असंवैधानिक बताते हुए सर्वसम्मति से उसे रद्द करने और नई समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

लोगों ने आरोप लगाया कि वर्तमान समिति वर्षों से निष्क्रिय रही और सरकार में होते हुए भी मठ के विकास में पूरी तरह विफल रही है, जबकि व्यक्तिगत लाभ और पदवृद्धि में पीछे नहीं रही। नई समिति में वार्ड पार्षद, हिन्दू समाजसेवी और धार्मिक रुचि रखने वाले सम्मानित जनों को शामिल किया जाएगा, जो मठ को हिन्दू सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करेगी। सभा में यह भी तय हुआ कि फुलवारी संगत परिसर में एक भव्य मठ मंदिर का निर्माण कराया जाएगा और इसके लिए हिन्दू समाज से आर्थिक सहयोग की अपील की गई। महंत दयानंद मुनि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार राजधानी में अन्य धर्म स्थलों पर करोड़ों खर्च कर रही है, लेकिन यह प्राचीन हिन्दू स्थल उपेक्षित है, जिससे हिन्दू समाज में गहरा असंतोष है। सभा में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार और प्रशासन ने जल्द ध्यान नहीं दिया, तो हिन्दू समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## हर्ष फायरिंग में नर्तकी की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिला के जाले थाना क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक नर्तकी की मौत हो गई है। पुलिस उपाधीक्षक सदर-2 ज्योति कुमारी ने बताया कि जाले थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव में राम विनय सिंह के सुपुत्र की मेहंदी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मुजफ्फरपुर से चार नतृकियों को भाड़े पर बुलाया गया था। मेहंदी कार्यक्रम के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक नतृकी की गोली लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के शानू खान के रूप में की गयी है।

## डोली की प्रथा समाज से हो रही विलुप्त

- गांवों में भी लागू होने लगी है शहरी प्रथा
- बेरोजगार हो गए हैं डोली पर दुल्हन को बैठाने वाले कहार

### हाईटेक हुईं शादियां

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



मसौढ़ी। चलो रे डोली उठाओ कहार पिया मिलन की आई रात... यह गीत आपने कभी भी फिल्मी गीतों में सुना होगा लेकिन यह गीत अब सिर्फ फिल्मों में ही दिखे सुने जाते हैं दरअसल डोली की पुरानी परंपरा अब समाज से खत्म होती दिख रही है। पहले गांव में किसी बेटी की शादी होती थी तो गांव से डोली में बिठाकर उनके ससुराल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन अब धीरे-धीरे यह प्रथा बिल्कुल ही गौण हो गए हैं और इस प्रथा से जुड़े हुए डोली उठाने वाले कहार अब दूसरे पेशा में तब्दील हो गए हैं लेकिन जो समाज की संस्कृति और सभ्यता की जो पहचान बनी थी डोली, आज भी कई गांव में इसकी कमियां खलती दिखती है। कभी-कभी किसी गांव में यह डोली दिख जाता है। बहरहाल समय के साथ गांव में भी शहरी कल्चर हावी होने लगा है। प्राचीन परंपरा धीरे धीरे लुप्त होते जा रही है। शादी हो और दूल्हा-दुल्हन डोली न चढ़ें यह पहले असंभव था। लेकिन, आधुनिकता के दौर में डोली और कहार की जगह लग्जरी वाहनों ने जगह ले ली है। मसौढ़ी जैसे क्षेत्र में शादी विवाह का लग्न जोरों पर है हर गांव गली में शहनाइयां गूंज रही है। इस मौसम में न तो कहीं डोली नजर आता है और नहीं उसे ढोने वाले लोग ही नजर आते हैं। ऐसे में पटना और नालंदा के सीमा पर सटे धनरूआ थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव में डोली की प्रथा कुछ घरों में दिख जाती हैं कई कहार पेशे से जुड़े हैं जिसमें गुलाब रविदास ने बताया कि हमारा पूरा खानदान पालकी ढोने का काम करता था हम भी अपनी पूरी जवानी यह काम किए हैं लेकिन अब यह धीरे-धीरे विलुप्त होता, जा रहा है पहले 500 मिल जाया करते थे, अब इसकी परंपरा समाप्त होने के साथ-साथ उसे ढोने वाले लोग भी बेरोजगार हो गए हैं। हम लोग भी अब धीरे-धीरे इस पेशे से हटकर दूसरे काम में लग गए हैं।

## एक नजर

### करंट लगने से युवक की मौत

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में भागलपुर जिले के झंडापुर थाना क्षेत्र में कल देर रात को बिजली करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि मृत युवक की पहचान शुभम कुमार 20 वर्ष के रुप में हुई और वह इस क्षेत्र के मड़वा गांव का रहने वाला था। हादसे के समय शुभम कुमार शनिवार की देर रात अपने पड़ोसी के यहां मांगलिक कार्य शामिल होने गया था और वह पंडाल में लगे बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गया। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में बुरी तरह से झुलसे शुभम को परिजनों ने तुरंत बगल के बिहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस ने इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

### रासलीला के आयोजन से माहौल भक्तिमय

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक तीसरे वर्ष धनरूआ के विजयपुरा पंचायत स्थित कन्हैया स्थान पर भव्य 41 दिनों का रासलीला कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है, यह शुरुआत रामनवमी के मौके पर की जाती है और 41 दिनों तक यह कार्यक्रम कन्हैया स्थान पर किया जाता है।कन्हैया स्थान के पुजारी संतोष तिवारी ने बताया की यह कार्यक्रम कई वर्षों से होता आ रहा है।मथुरा से रासलीला की टीम यहाँ 41 दिनों तक रासलीला कार्यक्रम होता है जहाँ सैकड़ों कि संख्या मे रासलीला देखने पहुंच रहे है। कार्यक्रम से पहले बृज के कलाकारों ने वेदमंत्रों के साथ भगवान की आरती कर रास लीला का मंचन किया। वहीं संयोजक के द्वारा राधा कृष्ण की झांकी की आरती की। रासलीला के दौरान भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं का चरित्र मंचन किया गया।

### बीज दुकान से हजारों की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना रोड में अभियंता मार्केट स्थित एक कृषि बीज भंडार दुकान मे रविवार की तडके सुबह करीब नौ बजे दुकान मे घुस कर गल्ला तोडकर बीस हजार रूपये की चोरी कर बडे आराम से चोर निकल गये,पिडित दुकानदार आशुतोष सिंह पिता स्व सुरेश सिंह उसमानचक, ने मसौढी थाने को इसकी सूचना दी, जहाँ मौके पर पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार और अंकित कुमार चोरी की घटना का जायजा लिये वही मार्केट मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे दो-तिन संदिग्ध चेहरो को चिन्हित करते हुए अपनी कारवाई मे जुट गये।गौरतलब है की पिडित दुकानदार आशुतोष ने बताया की रविवार की सुबह जब दुकान खोले थे तब एक ग्राहक आया और 50 रूपये का बीज लिया और चल गया, उसके बाद कुछ काम के लिए हम भी दुकान छोडकर बाहर निकल गये थे, उसके बाद आये तो देखे की गल्ला का ताला टूटा है और सभी पैसे गायब थे। सीसीटीवी फूटेज मे देखे तो जो ग्राहक बीज ले गया था वह दुबारा आया था और फिर दुकान मे किसी को नही देख चोरी कर लिया, गल्ला मे सौ रूपये का और पांच सौ रूपये का बंडल था जो कुल बीस हजार रूपये थे,पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना का लाभ उठाएं और रोजगार के अवसर पाएं

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 आयु वर्ग के युवाओं एवं युवतियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो 1 वर्ष का कौशल प्रशिक्षण देकर भारत सरकार द्वारा निमंत्रित कंपनियां में स्थाई रोजगार देने हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार के द्वारा नगर परिषद मसौढ़ी को 291 आवेदन करने का लक्ष्य दिया गया है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा बतलाया गया कि पीएम इंटर्नशिप योजना में मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई ,डिप्लोमा आदि की योग्यता रखने वाले 21- 24 आयु वर्ग के युवाओं एवं युवतियों को 1 वर्ष तक का निशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान 5000 प्रतिमाह भत्ता के रूप में तथा प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात 6000 प्रोत्साहन राशि कुल मिलाकर एक वर्ष में 66000 युवाओं को बैंक खाते में भुगतान मिलेगा, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया नगर परिषद कार्यालय में मुफ्त उपलब्ध है।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर महिला सशक्तिकरण को लेकर बिहार सरकार का महिला संवाद जागरूकता प्रचार वाहन रविवार को प्रखंड के मुबारकपर तथा लखनीबिगहा गांव पहुंचा .ग्रामीण महिलाओं ने रथ का स्वागत किया। वाहन पर लगी एल ई डी स्क्रीन से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई.सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई . जागरूकता हेतु एलईडी स्क्रीन युक्त जागरूकता वाहन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से संबंधित फिल्म को प्रदर्शित किया गया तथा राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित लिफलेट, मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए दिए गए संदेश पत्र वितरित किया गया. महिलाओं को पढ़कर सुनाया गया . संवाद के दौरान दीदियों से गांव की समस्या, अपेक्षाएं एवम आकांक्षाएं पर भी चर्चा की गई .जिसमें दीदी ने खुलकर इस पर बात की आसोपुर गांव के मुशहरी टोला में सामुदायिक शौचालय और लड़कियों के लिए हाई स्कूल, गरीब परिवार के लिए विवाह भवन इत्यादि की माँग आयी. कार्यक्रम में क्षेत्रिय समन्वयक ज्योति कुमारी, रंजीत शर्मा ,सामुदायिक समन्वयक सुरेखा कुमारी, आरती सिन्हा, रजनी कुमारी,कामिनी कुमारी अभिलाषा सीएलएफ अध्यक्ष इंदु देवी, सचिव मधु देवी सहित सैकड़ों महिलाएँ उपस्थित रही।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कांग्रेस को झुकाने की ...

होना होगा और लड़ाई लड़नी होगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि पार्टी आपके हित की लड़ाई लड़ रही है। हमलोगों ने आपके समाज को लेकर देशव्यापी लड़ाई लड़ी है। राहुल गांधी आपके लिए सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष कर रहे हैं और आपके हित की लड़ाई के लिए हम हर कदम पर आगे बढ़कर काम रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई है और इस कड़ी गर्मी में भी आपलोग डटे रहे हैं यह बड़ी बात है। कांग्रेस शोषित वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ेंगे। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी देवेंद्र यादव, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, सांसद मनोज राम, सांसद सुधाकर सिंह, विधायक विश्वनाथ राम, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा, सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी और विधायक विश्वनाथ राम, प्रतिमा दास, अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार मिश्र, अजय चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से युवक की मौत

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जीरादेई थाना क्षेत्र के अकोहली गांव में रविवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. मृत्यु युवक शशि कुमार सिंह अकोहली गांव निवासी स्वर्गीय राज किशोर सिंह काा पुत्र था. घटना के संबंध में परिवार के लोगों ने बताया शशि कुमार सिंह घर में बिजली का लाइन काट कर मोटर का कनेक्शन कर रहे थे.अचानक तार में बिजली का करंट आ जाने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए.उपचार के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उनकी मौत रास्ते में हो गई.

### मृत युवक का शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच-227ए राम जानकी पथ पर मशरक-महाराजगंज रेल ओवरब्रिज के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से चैनपुर निवासी कौशल किशोर सिंह उर्फ कन्हैया सिंह (50 वर्ष) की मौत हो गई। शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, जहां मातमी माहौल छा गया। मृतक गांव में गुमटी लगाकर नमकीन, भुजिया बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के घोघाड़ी नदी घाट पर किया गया। घटना पर मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह समेत कई स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने भाई को चाकू घोंपा

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सराय थाने के बैसाखी गांव में रविवार की शाम एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने अपने सगे भाई को चाकू घोंप कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. जख्मी युवक नंदकिशोर राम सराय थाने के बैसाखी गांव निवासी स्वर्गीय जनार्दन राम का पुत्र है. जख्मी युवक ने बताया कि उसका भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त है जिसका इलाज गोरखपुर में चलता है. उसने बताया कि बिना किसी वजह के रविवार की शाम में चाकू से वार कर मुझे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. जख्मी नंदकिशोर राम की हालत चिंता जनक होने के कारण डॉक्टर ने पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया.

### ताड़ के पेड़ से गिरकर युवक जख्मी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर से सटे रामनगर मोहल्ले में रविवार की सुबह में ताड़ी उतारने के लिए ताड़ के पेड़ पर चढ़ा युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया.घायल युवक नवादा जिले के हसुआ गांव निवासी नरेश चौधरी का पुत्र भोरे लाल चौधरी है. घटना के संबंध में उसके साथियों ने बताया कि ताड़ी उतारने के लिए उसका मित्र पेड़ पर चढ़ा था. असतर्कता वश हाथ फिसल जाने से वह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया. हालत चिंताजनक होने के कारण डॉक्टरों ने पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया

### अंचलाधिकारी ने किया वार्डों का निरीक्षण

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिसवन अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने सिसवन रेफरल अस्पताल में लू और ए ई एस बचाव के लिए बनाए गए विशेष वार्डों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और लू और ए ई एस से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों वस्तु स्थिति को जानना है।निरीक्षण के दौरान, उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं का अवलोकन किया और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इससे अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और लू और ए ई एस से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने रविवार को जानकारी दी।

### सिविल कोर्ट परिसर से बाइक चोरी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर लालगढ़ निवासी राज किशोर यादव की बाइक सिविल कोर्ट परिसर से चोरी हो गई. इस मामले में उन्होंने नगर थाना में प्राथमिकी कराई है. आवेदन में बताया कि 16 अप्रैल को सिविल कोर्ट में कुछ कार्य हेतु आया था. नगर परिषद कार्यालय के उत्तरी तरफ बने शेड के अंदर खड़ी कर चला गया. कार्य करने के बाद आया तो देखा कि उक्त स्थान पर बाइक नहीं है. बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी.

### चोरी के सामान के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**लहलादपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के सामान के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोरों में नाजीरगंज गांव निवासी अंकित कुमार, पुरुषोत्तिमपुर गांव के राहुल कुमार व धूमन कुमार शामिल हैं। बताया गया कि इन तीनों ने 9 अप्रैल की रात पुरुषोत्तिमपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 32 से गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन सहित अन्य सामान की चोरी की थी। इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए चोरी में संलिप्त तीनों आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### उत्तरवारी पोखरा में भी शुरू हुआ नौका बिहार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने उत्तरवारी पोखरा में भी नौका बिहार का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक दोनों पोखरों में नौका बिहार की सुविधा शुरू के दी गई है। दोनों पोखरों की उत्तम साफ सफाई बाद नौकायन शुरू करने के साथ ही सघन शहरी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षा भी की जा सकेगी। उत्तरवारी पोखरा में नौकायन का उद्घाटन के मौके पर नगर पार्षद मनोज कुमार, इंद्रजीत यादव, रोहित सिकारिया, कुणाल सर्राफ, सुदामा साह, संजय शर्मा,मो. सरफराज के अतिरिक्त प्रख्यात चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहनीश सिन्हा, डॉ अनुराधा खेमका, नसीम अहमद, बंटी अग्रवाल, राजेश सिलसिलेवाल, सुधीर जायसवाल, सूर्यकांत मिश्रा आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।


### पुरूषोतमपुर में नए थानाध्यक्ष ने संभाली थाने की कमान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोतमपुर थाना में रविवार को नए थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने कमान संभाल ली। इस दौरान नए थानाध्यक्ष ने मौजूद पुलिस पदाधिकारी एंव पुलिसकर्मियों से पात्र परिचय कर आवश्यक निर्देश दीं। साथ ही थाना क्षेत्र के भौगोलिक जानकारी भी लीं। नए थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने एंव थाना में आए फरीयादीयों के समस्याओं को सुनना एंव उसका निष्पादन करना उनका पहला लक्ष्य है। मौके पर मौजूद पुर्व पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार मौजूद रहें।

### मंडी में अनियंत्रित ट्रैक्टर घुसने से वृद्ध महिला घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के गोढ़ना बाजार स्थित सब्जी मंडी में शनिवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर घुसने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई और 60 वर्षीय महिला कमलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मंडी में जा घुसा। घायल महिला को इमरजेंसी सेवा 112 की टीम द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने उनका इलाज किया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल देखा गया।

### अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर आयोजित



**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के बहरौली व अरना पंचायतों के महादलित टोला में शनिवार को डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें लाभ दिलाने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर की अध्यक्षता प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने की। जबकि नेतृत्व बीडीओ पंकज कुमार ने किया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी रेशमी प्रकाश, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, विकास मित्र समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे। अरना पंचायत के छपिया मुसहर टोली में भी शिविर लगाया गया।

### बालू लदा ट्रैक्टर टेलर जब्त,चालक फरार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने थान क्षेत्र के बैरिया बरगजवा गांव के समीप से बालू लदे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। हालांकि पुलिस की इस करवाई में चालक पकड़ में नही आ सका है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बैरिया बरगजवा गांव के समीप स्थित पंडई नदी से अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधिकारी को सदलबल छापेमारी के लिए भेजा गया। हालांकि पुलिस की गाड़ी को देख चालक भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर टेलर को जब्त कर थाने लाया गया है।

# महिला को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है यह संवाद कार्यक्रम





**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिलाओं को शासन की मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं को आवाज देना और विकास की नीतियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर रविवार को जिले के अलग अलग प्रखंडों से 'महिला संवाद कार्यक्रम' की शुरूआत हुई। जिसमें जीविका सिवान की टीम, बिहार सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल को धरातल पर साकार करने हेतु समर्पित भाव से कार्यरत है। यह कार्यक्रम बिहार सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जहाँ गरीब और वंचित तबकों की महिलाएं अब नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सीधे अपनी भूमिका निभा रही हैं।

गांव-गांव में आयोजित इस संवाद सत्रों में महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर अपनी बात खुलकर रख रही हैं। यह संवाद न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध हो रहा है। जीविका सिवान की टीम द्वारा प्रत्येक पंचायत में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी महिला इस पहल से वंचित न रहे।

विशेष प्रचार रथ, फिल्म स्क्रीनिंग, सीधा संवाद, प्रेरणादायक कहानियाँ और सरकार की योजनाओं की जानकारी के माध्यम से यह कार्यक्रम एक जनांदोलन का रूप ले चुका है। महिला संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की एक यात्रा है। जहाँ हर महिला अपनी कहानी खुद लिख रही है, और एक नए बिहार के निर्माण में भागीदार बन रही है।

## बीज उत्पादन क्षेत्र का किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा समस्तीपुर द्वारा प्रमाणीकरण संस्था मुज्जफरपुर के रामकृष्ण परमहंस सिंह ने रबी फसल गेहूं तथा अलसी के बीज उत्पादन क्षेत्र का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रक्षेत्र में चलाए जा रहे बीज उत्पादन क्षेत्र का भ्रमण कर कृषि विज्ञान केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. रातुल मोनी राम से आवश्यक जानकारी ली। विशेषज्ञ डॉ मोनी ने बताया कि 10 एकड़ परिक्षेत्र में गेहूं की अधिक उपज देने वाली प्रजाति एच डी 2967 तथा अलसी के प्रभेद साबौर तीसी- 2 के बीज उत्पादन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# छह वर्षीय बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद

**चार दिन पूर्व हुआ था लापता**

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चार दिन पूर्व घर से लापता छह वर्षीय बच्चें का क्षत विक्षत शव रविवार को स्थानीय सीताराम राजगढ़िया फार्म के बगल में गेहूं के खेत से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के धांगड़टोली निवासी मंटू महतो के पुत्र राम कुमार के रुप में हुयी है। मंटू महतो ने थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया है। रविवार की दोपहर घास काटने गई महिलाओं ने बच्चे का क्षत-विक्षत शव को देखा और इसकी सूचना घर वालों को दी। परिजनों द्वारा इसकी सूचना थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष धीरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष गितेश रोशन प्रिंस, दरोगा मनोज कुमार, राहुल कुमार, बिट्टू कुमारी, चन्द्रशेखर कुमार व पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। क्षत-विक्षत अवस्था में शव को देखकर थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना डीएसपी नरकटियागंज जयप्रकाश सिंह एवं एफएसएल के प्रभारी सुमन कुमार को दी। सूचना पर पहुंचे डीएसपी और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि एक दिन पुराना है। जंगली जानवरों द्वारा बच्चों के शव को खाकर और ठठरी छोड़ा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि एफएसएल की टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है।

## एटीएम बदल खाते से 40 हजार उड़ाए

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाइपास मोड़ के समीप एक एटीएम से रुपये निकालने गई एक युवती का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 40 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है. इस मामले में पीड़ित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी बाजार निवासी मनीषा कुमारी ने नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है. उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि 13 अप्रैल की दोपहर 12 बजे दिन में फतेहपुर बाइपास मोड़ के निकट एसबीआइ के एटीएम में पैसा निकासी करने गई थी. उस वक्त पीछे एक अज्ञात व्यक्ति खड़ा था. वह अपने हाथ में एटीएम लेकर अंदर प्रवेश किया. उसी क्रम में उसने मेरा एटीएफ बदल लिया. जब मेरे मोबाइल पर मैसेज आया तो देखा की फर्जी तरीके से मेरे एटीएफ का उपयोग कर 40 हजार रुपया का निकासी कर लिया गया है. बैक से स्टेटमेंट निकलाने को लेकर देरी से प्राथमिकी कराई हुं.

# शिक्षक संघ ने की अध्यक्ष के विरुद्ध निर्गत स्पष्टीकरण की निंदा

**तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं: समरेंद्र बहादुर सिंह**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा (सारण)।** सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार के विरुद्ध जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) द्वारा जारी किया गया स्पष्टीकरण पत्र अब विवादों में आ गया है। इस मामले में परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह से अनुचित व निंदनीय है क्योंकि ई-शिक्षाकोष प्रणाली में जारी तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि डीपीओ माध्यमिक द्वारा निर्गत यह स्पष्टीकरण तुरंत वापस लिया जाए अन्यथा शिक्षक संगठन इसके खिलाफ विरोध दर्ज कराने को बाध्य होगा। शिक्षक संघ ने यह भी दोहराया कि वे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता के पक्षधर हैं लेकिन तकनीकी गड़बड़ियों के लिए शिक्षकों को बलि का बकरा बनाना स्वीकार्य नहीं है। समरेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में कार्यरत शिक्षक पहले से ही नेटवर्क और सर्वर की समस्या से परेशान हैं। इसके बावजूद उनसे समय पर ऑनलाइन उपस्थिति या अवकाश आवेदन न कर पाने के लिए जवाब-तलबी की जा रही है जो कि सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि विभाग को चाहिए कि वह तथ्यपरक और व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाए। जब तक तकनीकी आधारभूत संरचना पूरी तरह सुदृढ़ नहीं होती, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति या अवकाश आवेदन जैसी प्रक्रियाओं में देरी के लिए शिक्षकों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की गरिमा बनाए रखना विभाग की जिम्मेदारी है। उन्हें स्पष्टीकरण और चेतावनी पत्रों के माध्यम से मानसिक रूप से प्रताड़ित करना न केवल गलत है बल्कि शिक्षा व्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक है।

# दस किलो गांजा के साथ पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए थाना क्षेत्र से चनपटिया सेंटर से 10 किलो मादक पदार्थ (गांजा) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान भंगहा थाना के ताजपुर सिसवा गांव निवासी शेख मुन्ना के रूप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि नेपाल से चनपटिया सेंटर के रास्ते मादक पदार्थ ले जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए के शनिवार की रात्रि चनपटिया सेंटर पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पल्सर बाइक से कला बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से 10 किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ व बाइक को जब्त करते हुए गिरफ्तार तस्कर को थाना लाया गया। जिसके विरुद्ध कांड संख्या अंकित कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## ट्यूशन पढ़ने गया छात्र लापता, जांच में जुटी पुलिस

**लहलादपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के तेलछा गांव से ट्यूशन के लिए निकला एक 14 वर्षीय छात्र रास्ते से लापता हो गया है। छात्र की पहचान तेलछा गांव निवासी मुन्ना अली के पुत्र इरफान अली के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार इरफान 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नाजीरगंज स्थित कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटा। जब परिजन कोचिंग पहुंचे, तो पता चला कि वह उस दिन वहां पहुंचा ही नहीं था। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मुन्ना अली ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवार से जानकारी जुटाने के लिए उनके घर भी पहुंची थी।

# ज्यादा से ज्यादा सीटों पर दावा करेगा जदयू : जिला अध्यक्ष



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी 50 फीसदी विधानसभा सीटों पर दावा करेगी। ऐसे में हमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है। उक्त बातें जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा ने कही। वे जदयू मीडिया सेल की बैठक में बोल रहे थे। जदयू मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष रिजवान अंसारी ने कहा की सरकार की जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं। उसको जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की भूमिका अहम है। विकास के मामले में नीतीश कुमार ने पूरे देश में मिसाल कायम किया है। हमें विकास की रफ्तार को और गति देने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता असलम खा हक्की, दीपक सिंह दीपू, मुकेश पटेल, इं. सहमत अली, जुनैद शम्स, आदि ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। बैठक में मैनुद्दीन अंसारी, धनंजय पटेल, राजेश पटेल, परवेज आलम, बदरुल होदा, सुजीत कुमार, तबरेज सिद्दीकी, कैलाश कुमार सिंघानिया, मुस्तकीम अंसारी, बृजमोहन मिश्रा, इकबाल खान, मोहम्मद इरफान, राज गौरव को जिला कमेटी में जगह दी गई। वहीं प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुनील कुमार शर्मा, जमील अख्तर, आसिफ अनवर आदि को मनोनयन पत्र दिया गया।

# पारामेडिकल के अन्तर्गत डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर डिग्री में नामांकन प्रारम्भ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य में स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा में बढ़ती हुई आवश्यकता हमारे युवा-युवत्तियों के कैरियर निर्माण के लिए स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रहा है। डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर डिग्री प्रशिक्षित पारामेडिकल प्रोफेसनल की मांगे तेजी से बढ़ते जा रही है। जिसका मांग आने वाले कई दशक तक बनी रहेगी। आज अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना द्वारा प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए डॉ. कौशल कुमार गिरि, प्रबन्ध निदेशक ने कहा है कि पारामेडिकल के अन्तर्गत सस्थान में फिजियोथेरापी, पैथोलॉजी, ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा, डिग्री के साथ ही पी०जी० पाठ्यक्रम का संचालन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है इसके साथ ही संस्थान द्वारा राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत ड्रेसर, सेनेटरी, ऑप्टोमेट्री. डी.एम.एल.टी. एवं डी.पी.टी. पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। पारामेडिकल में प्रशिक्षण हेतु संस्थान परिसर में राष्ट्रीय स्तर के मानक के अनुरूप आधुनिक लैब, प्रयोगशाला, ऑडिटोरियम एवं वृहद पुस्तकालंय का निर्माण किया गया है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, में आवागमन के लिए छात्र-छात्राओं हेतु हॉस्टल एवं यातायात की सुविधा के साथ ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है।

# नहीं जलेगी अगर पराली, बनी रहेगी सेहत हमारी

**पराली जलाने से वातावरण हो रहा प्रदूषित,कृषि का हो रहा नुकसान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** आधुनिक तकनीक के जरिये सरकार इस कोशिश में है कि जिस परिवार में 10 कट्ठा खेती लायक भूमि है वह परिवार भूखे न सोए। लेकिन किसानों की कुछ लापरवाही के कारण एक तरफ यह उद्देश्य अधूरा रह जाता है तो दूसरे तरफ कई नुकसान झेलने पड़ते है। ऐसे लापरवाही में शामिल है फसल (धान-गेंहू) के अवशेष 'पराली' को खेत मे जलाना। सरकार ने इसपर पहल करते हुये वर्षों पहले पराली न जलाने के लिये जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है और जीविका के माध्यम से अभियान की शुरूआत कर दी थी और आज भी पराली का समय शुरू होते जीविका दीदियां भी लोगों को जागरूक करने के अभियान में लग जाती है। बीपीएम सुजीत कुमार ने बताया जीविका परियोजना के तत्वावधान में जीविका दीदियों की बैठक आयोजित कर विशेषज्ञों द्वारा उन्हें प्रशिक्षित किया जाता रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जीविका दीदियों को बताया जा रहा है कि पराली क्या है,इसके नुकसान क्या है व इसका प्रबंधन कैसे किया जाय जिससे उन्नत खेती व शुद्ध वातावरण बना रहे।

**नही जलेगी पराली, उर्वर रहेगी मिट्टी, स्वच्छ रहेगी हवा और बनी रहेगी सेहत हमारी**

फसलों के अवशेष(गेंहू-धान) पराली को खेतो में जलाने से तमाम नुकसानों का सामना किसानों के साथ साथ आम नागरिकों को करना पड़ता है। पराली को जलाने से एक ओर जहां वातावरण प्रभावित हो रहा है वही दूसरी ओर खेती के लिये उपयुक्त मिट्टी से पोषक तत्वों का क्षय हो रहा है। पराली के जलने से वायु प्रदूषित हो रहा है और जन जीवन को खराब कर रहा है। स्वास्थ विशेषज्ञों के अनुसार पराली के धुएं स्वास्थ्य को बिगाड़ रहा है। श्वास संबंधी बीमारियों को बढ़ाता है यही नही बच्चों के सेहत को भी नुकसान पहुचाता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सब्बीर अख्तर ने बताया पराली से निकलने वाले धुंए से वायु प्रदूषित होकर मानव जीवन को प्रभावित कर रहा है जिसमें एलर्जी,दमा, ब्लडर कैंसर,फेफड़ा कैंसर,आखों से पानी आना व जलन,स्वास लेने में दिक्कत सहित कई बीमारी का होना शामिल है। वही कृषि विशेषज्ञ पराली जलाने से फसल के लिये सहयोगी मित्र किट केंचुआ का विनाश हो रहा है,पराली के आग से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों का विनाश हो रहा है जिस कारण उन्नत फसल का लाभ नही मिल रहा है। मिट्टी कड़ा हो जाता है पराली जलाने से और मिट्टी के पोषक तत्वो का क्षय हो जाता है ऐसे में काफी प्रभावित है कृषि।

**पराली प्रबंधन के सुझाव**

पराली के दुष्प्रभाव को रोकने व कृषि को उन्नत बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के उपाय सुझाये गये है और इसके जन जागरूकता के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। फसलों को जमीन के सतह से काटने को उत्तम बताया गया है और पराली का उपयोग जलाने की बजाय चारा के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी गई है। पराली को गोबर से साथ मिलकर खाद बनाने व खेत की बुआई जीरो टिलेज मशीन से करने तथा खेत की जोताई रोटा बेटर से करना उचित बताया गया है।

# टीबी मुक्त पंचायतः जिले के 14 पंचायतों के 55 मरीजों के बीच पोषण पोटली का वितरण

**सदर व एकमा प्रखंड को टीबी मुक्त अभियान के तहत रोगियों को लिया गोदः डॉ अंजू सिंह**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**छपरा (सारण)।** सीमावर्ती राज्य यूपी के जौनपुर सहित कई अन्य जिलों के अलावा बिहार के सारण जिले में ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षों से टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार सहित असहाय परिवार की महिलाओं और युवतियों को सशक्त बनाने के लिए सिलाई कटाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है। क्योंकि उक्त संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को लगातार छह माह तक पोषाहार देकर उनका नियमित रूप से फालोअप तथा जागरूक करने के लिए सतत प्रयासरत रहने वाली अग्रणी संस्था है। उक्त बातें ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा संस्था की स्थानीय कार्यालय साधनपुरी स्थित सभागार में सारण जिले के 55 टीबी मरीजों को गोद लेने के बाद पौष्टिक आहार के रूप में पोटली वितरण समारोह के दौरान संस्था की संस्थापिका सह सचिव डॉ अंजू सिंह ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक सपना देखा था। जिसको पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी देशवासियों की होती है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से सारण जिलांतर्गत कुल 14 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत करना है। जिसमें मुख्य रूप से सदर प्रखंड के 09 पंचायत यथा - विष्णुपुरा, खलपुरा, साढा, चिरांद, करिंगा, नैनी, फकुली, बदलू टोला और लोहड़ी पंचायतों के अलावा एकमा प्रखंड के 05 पंचायत यथा -आमदाढ़ी, हंसराजपुर, माने, हुस्सेपुर और असहनी पंचायत के टीबी मरीजों के बीच पोषाहार वितरण किया गया है।

संस्था की संस्थापिका सह सचिव डॉ अंजू सिंह ने नियमित रूप से दवा सेवन करने को लेकर सलाह देते हुए रोगियों से कहा कि अगर किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बुखार या बलगम में खून का आना, वजन में कमी, भूख नहीं लगने की शिकायत हो तो अविलंम स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपनी जांच कराना चाहिए। ताकि समय रहते उसका इलाज किया जा सके। क्योंकि अभी तक जितने भी टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण किया गया है, उन सभी को नियमित रूप से फॉलो अप करने के साथ साथ शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के अलावा झुग्गी- झोपडी में रहने वाले परिवार के सदस्यों के बीच जाकर लगातार जागरूक किया जाता है। हालांकि किसी एक के द्वारा पोषण पोटली वितरण की जरूरत नहीं होती है, बल्कि इसके लिए हम सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। हम सभी को टीबी मुक्त समाज बनाने तथा इस बीमारी से लड़ने में अपने प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापिका सह सचिव डॉ अंजू सिंह, अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र प्रसाद सिंह, यक्ष्मा विभाग की ओर से एसटीएलएस कुमार अमित, एसटीएस मुकेश कुमार, संजय भारद्वाज, सिलाई कटाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षिका प्रीति शाही और भाग्यमणि शाही, रजनी कुमारी, रवि कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## अपहृत नाबालिग बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने नगर के एक मुहल्ले से शादी की नीयत से अपहृत नाबालिग की बरामदगी कर ली है। साथ ही मामले में शामिल आरोपित युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने नाबालिक की बरामदगी उसके घर से ही कि है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चनपटिया थाना के श्याम सिनेमा रोड निवासी अनमोल राज उर्फ सागर के रूप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि नाबालिग की बरामदगी उसके घर से हुई है। वही से आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया है। वह नाबालिग को छोड़ने उसके घर आया था। बरामद नाबालिग को मेडिकल जांच व बयान के लिए बेतिया भेजा गया है। वही गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सोन कैनाल पर बने लोहे की बैरियर से टकराया मजदूर, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। घटना औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के सिपहा लख की है। मृतक की पहचान बारुन थाना क्षेत्र के भूड़ला टोला कोचर गांव निवासी सहमेर आलम उर्फ शमेर नट के रूप में हुई। घटना सोननगर से गिरियक नवादा की ओर जा रहे पशु लदे पिकअप वाहन के साथ हुई। सिपहा लख के पास वाहन सड़क पर बने बैरियर में फंसने से मजदूर बैरियर से टकरा गया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से मजदूर को आनन-




फानन में निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया।

**मृतक पिकअप पर पशु लादने का करता था काम :**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। इधर, थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है। वाहन पर लदे पशुओं को देवकुंड स्थित गौशाला भेजा गया है। परिजनों के अनुसार मृतक काफी गरीब परिवार से था। वह पिकअप पर पशु लादने का काम करता था और इसी से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत से परिवार में शोक की लहर है।

**■ मजदूर की मौत से परिवार हुआ बेसहारा**

## कोर्ट के निर्देश पर चार वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** कोर्ट के निर्देश पर फरार तीन वारंटियों को जम्होर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए मोड़ डिहरी गांव निवासी राम प्रसाद भुईयां, सुदेश भुईयां एवं अरुण भुईयां के रूप में की गई है। विदित हो कि 2007 में पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की गई थी जिसमें इन सभी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले में तब से ये सभी फरार चल रहे थे। कोर्ट के निर्देश पर आज सभी पकड़े गए। थानाध्यक्ष राज किशोर ने बताया कि पकड़े गए तीनों वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। हसपुरा संवाददाता के अनुसार एक कुर्की वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कोईलवां ग्राम निवासी विजय पासवान के रूप में की गई है। आवश्यक कार्रवाई उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# सड़क दुर्घटना रोकथाम ट्रस्ट के तत्वावधान में 11 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## भव्य सामूहिक विवाह समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित वृंदावन वाटिका मैरिज हॉल में द्वितीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तिलक, जयमाला और विवाह की रस्में संपन्न कराई गईं। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं अंगवस्त्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मान के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। मुगलसराय से आए लक्की माही म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। भोजपुरी



लोकगायक टिंकू टाइगर की प्रस्तुतियां– 'आजु मिथिला नगरिया निहाल संखिया' और 'देख कर राम जी को नंदनी'– ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। राधे-कृष्ण और भोले बाबा की झांकियां कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं। सभी नवदंपतियों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया और ट्रस्ट की ओर से उन्हें विवाह के अवसर पर आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। आयोजन के पीछे का उद्देश्य उन निर्धन परिवारों की सहायता करना है, जो आर्थिक तंगी के चलते विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार को संपन्न नहीं कर पाते। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देता है। उन्होंने ट्रस्ट के समर्पित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह समिति न सिर्फ विवाह आयोजन में मदद करती है, बल्कि सड़क हादसों में घायल लोगों को तत्काल सहायता, ब्लड डोनेशन और दवाइयों की व्यवस्था भी करती रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, नौलेश मिश्रा, आनंद विश्वकर्मा, सहजानंद डिक्कू, रॉकी दूबे, गुड्डू सिंह और मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा

## सड़क किनारे से हटाए गए ठेले व सब्जी वाले, दी गयी कड़ी हिदायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रविवार की शाम शहर में यातायात विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे अतिक्रमित कर रखे गये ठेला, सब्जी दुकान, कपड़े दुकान सहित अन्य अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। मौके पर ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार मौजूद रहे, जिनके नेतृत्व में कई एसआई व एएसआई सहित जवान सड़क पर उतरे और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान रमेश चौक से लेकर सब्जी मंडी तक अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच गया। यूं कहें कि भगदड़ की



स्थिति बन गयी। यातायात विभाग की पुलिस को देखते ही ठेलेवाले, सब्जी व्यवसायियों, कपड़ें दुकान, फास्ट फूड के दुकानदारों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद थे। रमेश चौक से लेकर मुख्य बाजार तक सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया गया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अधिकारियों ने चेतावनी भी दी, हालांकि इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी सहित अन्य जवानों को अतिक्रमणकारियों से बहसबाजी भी हुई। ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि शहर में दिन-प्रतिदिन जाम की समस्या उतपन्न हो रही है। इसे देखते हुए सड़क पर दुकान लगाने वाले लोगों को मना किया गया। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इसके बावजूद अतिक्रमण करने वाले न माने तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के महाराजगंज रोड में शनिवार की रात एक बाइक सवार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। हालांकि चिकित्सकों ने युवक के पैर की स्थिति गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। सूचना पर घायल युवक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और उसे हायर सेंटर लेकर चले गए। घायल युवक की पहचान न्यू एरिया निवासी भीम प्रसाद के रूप में हुई है।

# जिले का टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के टॉप टेन व हत्याकांड में शामिल एक आरोपित को रफीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के लभरी गांव निवासी राजेश यादव उर्फ तूफान के रूप में की गई है। पुलिस एक युवक के हत्याकांड में बीते दो महीनों से आरोपित की तलाश कर रही थी।

**दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को दिया था आजमा :** दरअसल मामला 19.02.2025 की है जिसमें लभरी गांव निवासी 25 वर्षीय गोबिंद उर्फ अभिषेक कुमार को रात में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। इसके बाद मृतक के भाई के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड की गंभीरता के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पता चला कि हत्याकांड के नामजद अभियुक्त के अलावा राजेश यादव उर्फ तूफान के द्वारा मिलकर वारदात को अंजाम दिया गया है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित



टीम के द्वारा वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर गया जीआरपी के सहयोग से गया रेलवे स्टेशन से राजेश को गिरफ्तार किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इसके विरूद्ध वारंट निर्गत था और इश्तेहार की प्रक्रिया के साथ-साथ निरंतर अभियुक्त के ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में आज वह पकड़ा गया। कांड के एक अन्य नामजद अभियुक्त को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इस कार्रवाई में रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, जी.आर.पी. गया थानाध्यक्ष, एसआई मिथलेश कुमार, गीतांजलि कुमारी, ध्रुव कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# उत्पाद न्यायालय को मिले नए विशेष न्यायाधीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पटना हाईकोर्ट की अनुशंसा पर बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने औरंगाबाद के उत्पाद न्यायालयों में नए विशेष न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ग्यारह) कन्हैया लाल यादव को उत्पाद कोर्ट-1 का विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पंद्रह) विवेक कुमार सिंह को उत्पाद कोर्ट-2 का विशेष न्यायाधीश बनाया गया है। गौरतलब है कि उत्पाद कोर्ट-1 के पूर्व विशेष न्यायाधीश धनंजय कुमार सिंह और उत्पाद कोर्ट-2 के विशेष न्यायाधीश नीतीश कुमार का तबादला लगभग डेढ़ माह पूर्व ही हो चुका था। तब से दोनों कोर्ट न्यायाधीशविहीन स्थिति में थे, जिससे शराबबंदी से जुड़े हजारों मामले लंबित पड़े हुए थे। न्यायाधीशों की नियुक्ति से कोर्ट के कार्यों में गति आएगी और लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और राज्य सरकार की शराबबंदी नीति को कानूनी रूप से और मजबूती मिलेगी। नए न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने के बाद न्यायिक कार्य में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

## शराबी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के राजा बिगहा में शराब के नशे में हल्ला हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार का न्यायालय में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि राजा बिगहा निवासी अरुण दास शराब पीकर हल्ला हंगामा कर रहा था, जिसे हिरासत में लेते हुए थाना लाया गया। एल्कोहल पुष्टि हेतु ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई जांचों उपरांत पुष्टि के बाद औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया।

# असामाजिक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोह (औरंगाबाद)।** बीते शनिवार की रात गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर एसडीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, सीओ अजय कुमार सिंह, बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर, थानाध्यक्ष मो. इरसाद पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू किया। रविवार को बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज से ही छावनी में सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही है, साथ ही बाबा साहब के नए मूर्ति लगाने की भी बात कही गयी है। इसके लिए टाउन हॉल में रामजी पासवान की अध्यक्षता में कमिटी ने बैठक की, बैठक में मूर्ति निर्माण को लेकर चर्चा की गई, साथ ही दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की गई है। इधर इस मामले में सीओ अजय कुमार सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि मामले को गंभीरता को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन कर दिया गया है। चिन्हित कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। फिलहाल उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। बैठक में जिप प्रतिनिधि श्याम सुंदर, मुखिया रामदीप दास, डॉ आर यू कुमार सुरेंद्र प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता व राजनीतिक दल के लोग मौजूद थे।

## घटना समाज को बांटने वाले तत्वों की साजिश : कर्मचारी संघ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ, औरंगाबाद की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को औरंगाबाद प्रखण्ड के सभागार में संघ के जिला अध्यक्ष- सह- वरीय कोषागार पदाधिकारी ई0 महंथ स्वरूप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत 19 अप्रैल की रात गोह ब्लॉक मोड़ के पास डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश के साथ हुई। संघ ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा संघ के सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की गई एवं अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर जिला सचिव अजीत कुमार पासवान, जिला कोषाध्यक्ष मोती कुमार दिनकर, जिला कार्यकारिणी सदस्य पंचम



कुमार दास, प्रखण्ड सचिव (नबीनगर) जयचंद राम, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष (कुटुम्बा) नंदलाल राम, प्रखण्ड सचिव (रफीगंज) राजेन्द्र कुमार राकेश, प्रखण्ड सचिव (ओबरा) मृत्युंजय कुमार सुमन, प्रखण्ड अध्यक्ष (ओबरा) हीरामण राम, प्रखण्ड सचिव (गोह) धीरेन्द्र कुमार एवं प्रखण्ड अध्यक्ष (देव) कृष्णदेव चौधरी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। संघ ने स्पष्ट किया कि बाबा साहब की प्रतिमा से जुड़े इस तरह के घटनाक्रम समाज को बांटने वाले तत्वों की साजिश है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ इस प्रकरण में प्रशासन से त्वरित और ठोस कार्रवाई की अपेक्षा करता है।

# लू से बचाव को लेकर किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय दोसमा में सुरक्षित शनिवार के तहत लू से बचाव पर आधारित नाटक का मंचन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. वसीम अख्तर ने किया जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानमंत्री आयुष कुमार एवं उप प्रधानमंत्री अंशी कुमार ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार को ले सजग है जिसके लिए समय-समय पर प्रायोजित योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ कई आकर्षक कार्यक्रम चलाती है जिससे छात्रों में बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके। स्वच्छता अभियान भी चलाई जा रही है, ताकि स्वच्छ भारत मिशन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत पंचायत एवं नगर निकाय को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने हेतु स्वच्छता से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के कार्यों एवं गतिविधियों को संचालन किया जा




रहा है। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लू लगने के बाद आप कैसे बचे और स्वास्थ्य कैसे ठीक रहे इसके लिए विद्यालय के छात्रों ने नाटक का मंचन किया। छात्रों को लू लगने के बाद घरेलू दवाइयां जैसे नींबू ग्लुकोज के साथ अन्य जरूरी उपायों को निर्देशित किया। छात्रों ने अपने नाटक के मंचन से लोगों को खानपान एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी दी। मौके पर शिक्षक अमित कुमार, अरबिंद कुमार, नीतू सिंह, सुरेश राम, अनिल कुमार, आशा सिंह, रोहित समेत बाल संसद के सभी सदस्यों के साथ अभिभावक भी उपस्थित थे।

# व्यवसायी राजू गुप्ता की पत्नी का निधन, पूर्व सांसद ने दी सांत्वना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना गली निवासी समाजसेवी, स्वर्ण व्यवसाय संघ के अध्यक्ष, रामनवमी समिति के सक्रिय सदस्य, महादेव घाट मन्दिर सेवा समिति अध्यक्ष, थाना गली श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव अध्यक्ष, बैटमिंटन संघ अध्यक्ष एवं टाउन टीम फुटबाल संघ के अध्यक्ष राजू गुप्ता की 40 वर्षीया पत्नी अंजू देवी का आकस्मिक निधन हो गया। हृदयगति रुकने के कारण यह दुखद घटना हुई। सूचना मिलते ही



औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पहुंचे एवं परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त किए। सांसद ने कहा कि राजू जी बहुत ही सक्रिय कार्यकर्ता है, इनकी पत्नी का निधन होने का काफी दुःख है। मौके पर भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, शिवनारायण साव, भाजपा महामंत्री बालगोविंद साहू आदि उपस्थि थे।

# विस चुनाव को ले 21 से होगा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसी हथियार का भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। शस्त्र व कारतूस का भौतिक सत्यापन आगामी 21 अप्रैल से 15 मई तक थाना स्तर पर होगा। यह जानकारी गोह थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने दी है। उन्होंने बताया बिहार विधान सभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देश पर लाइसेंसी हथियारों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इस दौरान बड़े आग्नेयास्त्र का सत्यापन थाना में होगा जबकि छोटे आग्नेयास्त्र पिस्टल और रिवाल्वर का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय में होगा। जिला शस्त्र दंडाधिकारी के द्वारा सत्यापन का काम किया जाएगा। सत्यापन नहीं करने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

**■ 15 से 21 अप्रैल तक थाना स्तर पर होगा शस्त्रों का सत्यापन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# टोला सेवक के नहीं रहने से विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊब में महादलित छात्रों की संख्या करीब 150 है, लेकिन क्षेत्र में एक भी टोला सेवक नही है। नतीजा महादलित छात्रों को उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। बताया जाता है कि विद्यालय से ऊब गांव की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर है, वैसे स्थिति मे छात्रों के अभिभावक एनएच 139 सड़क को पार कर विद्यालय भेजना मुनासिब नहीं समझते है क्योंकि औरंगाबाद से पटना पथ अति व्यस्तम सड़क है। वाहनों का आवागमन हमेशा जारी रहता है, ऐसे में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। यदि विद्यालय में टोला सेवक की नियुक्ति हो तो बच्चों को सहूलियत होता। विद्यालय के शिक्षकों की मानें तो, दो साल पूर्व टोला सेवक पदस्थापित थे। लेकिन उन्हें किसी दूसरे विद्यालय में पदस्थापित कर दिया गया, जो उचित नही है। हालांकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक काशीनाथ प्रसाद के सभी शिक्षक बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर सजग है। भ्रमण के दौरान विद्यालय में देखा गया कि छात्र अध्यापन कार्य कर रहे थे, साथ ही विद्यालय में पर्याप्त साधन भी उपलब्ध थे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि नामांकित छात्रों की संख्या 280 है। शिक्षक भी पर्याप्त है, परंतु टोला सेवक की कमी है। यहां महादलित छात्रों की संख्या 150 है, अगर इस विद्यालय मे टोला सेवक पदस्थापित की जाए तो, महादलित छात्रों की संख्या को और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऊब गांव की दूरी अधिक रहने के कारण, यहां के अभिभावक बच्चो को स्कूल भेजने से परहेज करते है, वैसी स्थिति में टोला सेवक को पदस्थापित करना आवश्यक है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय के चार कमरों की फर्श पर दरारे पड़ गई है जिसमे हमेशा सांप बिच्छू निकलते रहते है। बरसात के दिनों में परेशानियां बढ़ जाती है।

## दोस्त को मारी गाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के नौबतपुर में रविवार को एक दोस्त ने दूसरे को गोली मार दी। दोनों के बीच प्रखंड परिसर कैंपस में विवाद बढ़ गया। हालांकि विवाद किस बात पर हुआ, ये स्पष्ट नहीं है। फिलहाल आरोपित फरार है। घायल का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। आरोपुर निवासी विवेक कुमार (20) दोपहर में अपने एक दोस्त के साथ ब्लॉक कैंपस में टहल रहा था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्साए दोस्त ने विवेक पर दो गोलियां चला दीं। गोलियां विवेक के कमर और पैर में लगीं। घायल विवेक को पटना एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मानव सेवा एवं समाजसेवा सबसे बड़ा धर्म : शक्ति मिश्रा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गरीबों, जरूरतमंदों एवं असहाय मरीजों के लिए शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें दवाइयां भी वितरण किया गया। यह शिविर देव प्रखंड के रानी तालाब स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। शिविर में बीएचयू के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ ए के राय के साथ-साथ अन्य चिकित्सकों के द्वारा शुगर, श्वास, ब्लड, हार्ट, गठिया, घुटना दर्द, कमर दर्द आदि का जांच कर मरीजों को जरूरत की दवाएं दी गयीं। इसके अतिरिक्त चिकित्साधिकारी के द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए मूलभूत हिदायतें दी गयीं। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने बताया कि स्वस्थ शरीर ही एक सफल जीवन की नींव है। मानव सेवा एवं समाजसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर इस प्रकार के शिविर का लाभ उठाना चाहिए। इसी के मद्देनजर आज गरीब जरूरतमंदों और असहाय मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि किसी बीमारी को हलके में नहीं लेना चाहिए। इस शिविर में 960 मरीजों स्वास्थ्य जांच किया गया। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। उन्होंने फाउंडेशन के अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।

CMYK